जी.आई.एस. आधारित

# अलीगढ़ महायोजना

## 2031 (पुनरीक्षित)

शासनादेश संख्या I/497685/2024–8–3099/537/2023 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उ०प्र० शासन, लखनऊ, दिनांक 16.02.2024 द्वारा अनुमोदित एवं विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक 23 फरवरी 2024 से प्रभावी।

अमृत
Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation

अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अलीगढ़

**नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश**

**एवं**

# अलीगढ़ विकास प्राधिकरण

कन्सलटेन्ट – अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान



# प्राक्कथन

भारत सरकार की ''**अमृत योजना**'' के अन्तर्गत जी.आई.एस. आधारित **अलीगढ़ महायोजना–2031** तैयार की गई है। अलीगढ़ महायोजना–2031 की यह पुस्तिका अलीगढ़ शहर और आसपास के क्षेत्रों में भूमि उपयोग की रणनीति और स्थानीय विकास के लिए दीर्घकालीन योजना निर्धारित करती है। यह पुस्तिका अलीगढ़ में संचालित योजनाओं, नीतियों, आवास, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करती है। महायोजना–2031 का विजन शासन की निर्धारित नीतियों के आधार पर परिकल्पित किया गया है। हर्ष है कि महायोजना में स्थानीय आवश्यकताओं, आगामी दशकों के विकास हेतु आधारभूत संरचनाओं व पर्यावरण से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण पक्षों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन की निर्धारित नीतियों, समय–समय पर निर्गत निर्देशों एवं आगरा मण्डल, सम्भागीय नियोजन खण्ड, आगरा से प्राप्त मार्गदर्शन का समावेश करने का प्रयास किया गया है। महायोजना–2031 का स्वरूप इसके गठन के प्रत्येक चरण के दौरान सम्पन्न बैठकों में हितधारकों से किये गये परामर्श की श्रृंखला पर आधारित है।

मैं, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश, आगरा, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बोर्ड के सभी सदस्यों, विभिन्न शासकीय, अर्द्ध–शासकीय कार्यालयों तथा स्थानीय जागरुक नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। आशा है कि जी.आई.एस. आधारित अलीगढ़ महायोजना–2031, अलीगढ़ के विकास क्षेत्र के सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित विकास में गति प्रदान करेगी एवं अन्य सम्बन्धित विभागों हेतु सहायक होगी तथा इस महायोजना के सफल क्रियान्वयन में नगरवासियों का सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

(ह.)
**(अतुल वत्स)**
आई.ए.एस.
उपाध्यक्ष
अलीगढ़ विकास प्राधिकरण
अलीगढ़

# विषय सूची


| विवरण | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| **महायोजना परिचय** | | **1** |
| | महायोजना क्या है? | 1 |
| | महायोजना द्वारा नगर एवं जन–जीवन पर प्रभाव | 1 |
| **अध्याय–1 उद्भव एवं विकास** | | **2–6** |
| 1.1 | स्थिति | 2 |
| 1.2 | ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं क्रमिक विकास | 3 |
| 1.3 | क्षेत्रीय स्थिति एवं संपर्क | 3 |
| 1.4 | भौगोलिक स्थिति | 4 |
| 1.4.1 | भूजल गुणवत्ता | 5 |
| 1.4.2 | मिट्टी | 5 |
| 1.5 | जलवायु | 6 |
| 1.6 | मेला एवं त्यौहार | 6 |
| **अध्याय–2 महायोजना की आवश्यकता** | | **7–12** |
| 2.1 | विकास क्षेत्र | 7 |
| 2.2 | नगरीय विकास | 8 |
| 2.3 | अलीगढ़ महायोजना–2031 | 10 |
| 2.4 | महायोजना के पुनरीक्षण की आवश्यकता | 10 |
| 2.5 | महायोजना संरचना की प्रक्रिया | 11 |
| **अध्याय–3 वर्तमान अध्ययन** | | **13–26** |
| 3.1 | जनसंख्या | 13 |
| 3.2 | लिंगानुपात | 14 |
| 3.3 | साक्षरता दर | 15 |
| 3.4 | कार्यशील जनसंख्या | 15 |
| 3.5 | कार्यशील जनसंख्या का वर्गीकरण | 16 |
| 3.6 | कार्यशील जनसंख्या का श्रेणीवार विवरण | 16 |
| 3.6.1 | मुख्य कामगार (श्रमिक) | 16 |
| 3.6.2 | सीमान्त कामगार (श्रमिक) | 16 |
| 3.7 | पारिवारिक संरचना | 19 |
| 3.8 | आर्थिक क्रिया का वर्गीकरण | 19 |
| 3.9 | प्राथमिक क्रिया | 19 |
| 3.10 | द्वितीयक क्रिया | 20 |
| 3.11 | तृतीयक क्रिया | 22 |
| 3.12 | भौतिक अवसंरचना | 22 |

| | | |
|---|---|---|
| 3.12.1 | जलापूर्ति | 22 |
| 3.12.2 | जल निकासी | 23 |
| 3.12.3 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 23 |
| 3.12.4 | बिजली | 23 |
| 3.12.5 | डाक एवं संचार | 24 |
| 3.13 | सामाजिक आधारभूत संरचना | 24 |
| 3.13.1 | शिक्षण सुविधाएँ | 24 |
| 3.13.2 | स्वास्थ्य सुविधाएँ | 25 |
| 3.13.3 | मनोरंजनात्मक सुविधाएँ | 25 |
| 3.13.4 | धार्मिक महत्व के स्थल | 25 |
| 3.13.5 | सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुविधाएँ | 26 |
| 3.13.6 | अग्निशमन | 26 |
| 3.13.7 | अन्य (पार्क और खेल के मैदान) | 26 |
| **अध्याय–4 पर्यटन प्रोफाइल** | | **27–28** |
| 4.1 | अलीगढ़ में पर्यटन | 27 |
| 4.2 | पर्यटन गतिविधियाँ | 27 |
| 4.3 | अलीगढ़ में पर्यटन प्रवाह | 27 |
| 4.4 | अलीगढ़ की फ्लोटिंग आबादी का प्रक्षेपण | 28 |
| 4.5 | पर्यटन नीति | 28 |
| 4.6 | पर्यटन विभाग की प्रस्तावित/निर्माणाधीन परियोजनाएँ | 28 |
| **अध्याय–5 पर्यावरण रूपरेखा** | | **29–33** |
| 5.1 | जलीय संरचना | 29 |
| 5.2 | शहर में प्रदूषण स्तर | 29 |
| 5.2.1 | वायु प्रदूषण | 29 |
| 5.2.2 | जल प्रदूषण | 31 |
| 5.2.3 | औद्योगिक प्रदूषण | 32 |
| 5.2.4 | वनावरण, पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र और संरक्षित क्षेत्र | 33 |
| 5.3 | आपदा प्रबंधन | 33 |
| **अध्याय–6 वर्तमान भू–उपयोग एवं प्रभावी महायोजना का तुलनात्मक अध्ययन** | | **34–40** |
| 6.1 | वर्तमान भू–उपयोग | 34 |
| 6.1.1 | अलीगढ़ शहर का विद्यमान भूमि उपयोग | 35 |
| 6.2 | महायोजना–2021 से विचलन की स्थिति | 37 |
| 6.2.1 | वर्तमान भू–उपयोग | 39 |
| **अध्याय–7 नियोजन की समस्याएँ** | | **41–42** |
| **अध्याय–8 महायोजना की अवधारणा एवं उद्देश्य** | | **43** |
| 8.1 | दृष्टि | 43 |
| 8.2 | उद्देश्य | 43 |

| | | |
|---|---|---|
| **अध्याय–9 आंकड़ों का विश्लेषण एवं प्रक्षेपण** | | **44–78** |
| 9.1 | जनसंख्या प्रक्षेपण | 44 |
| 9.2 | जनसंख्या घनत्व | 48 |
| 9.3 | जनसंख्या वृद्धि दर | 49 |
| 9.3.1 | जनसंख्या वितरण (शहरी जनसंख्या और ग्रामीण जनसंख्या) | 52 |
| 9.4 | प्रवासन | 52 |
| 9.5 | आवास प्रक्षेपण | 52 |
| 9.6 | अलीगढ़ विकास क्षेत्र में जलापूर्ति की आवश्यकता | 59 |
| 9.6.1 | जलापूर्ति | 59 |
| 9.7 | वर्षा जल निकासी | 60 |
| 9.8 | सीवेज | 60 |
| 9.9 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 61 |
| 9.10 | बिजली की आवश्यकताएँ | 62 |
| 9.10.1 | बिजली के लिये प्रक्षेपण | 62 |
| 9.11 | डाकघर एवं संचार के लिये आवश्यकताएँ | 63 |
| 9.11.1 | विकास क्षेत्र में डाकघर एवं संचार के लिए अनुमान | 63 |
| 9.12 | शैक्षिक सुविधाओं की आवश्यकताएँ | 63 |
| 9.12.1 | अलीगढ़ नगर में शैक्षणिक सुविधाओं का अनुमान | 63 |
| 9.13 | स्वास्थ्य सुविधाएँ | 65 |
| 9.13.1 | अलीगढ़ विकास क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रक्षेपण | 65 |
| 9.14 | मनोरंजन, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक सुविधाएँ | 68 |
| 9.14.1 | अलीगढ़ विकास क्षेत्र में आवश्यक मनोरंजन एवं धार्मिक सुविधाओं का प्रक्षेपण | 68 |
| 9.15 | फायर व पुलिस स्टेशन | 72 |
| 9.15.1 | अलीगढ़ विकास क्षेत्र के लिए फायर स्टेशन व पुलिस स्टेशन का प्रक्षेपण | 72 |
| 9.16 | अन्य सुविधाएँ (पार्क और खेल के मैदान ) | 75 |
| **अध्याय–10 भू–उपयोग प्रस्ताव** | | **79–104** |
| 10.1 | नगर के विकास/विस्तार की दिशा | 79 |
| 10.2 | भू–उपयोग एवं प्रस्ताव | 80 |
| 10.2.1 | आवासीय | 82 |
| 10.2.2 | व्यवसायिक | 82 |
| 10.2.3 | औद्योगिक | 84 |
| 10.2.4 | कार्यालय | 86 |
| 10.2.5 | सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सुविधाएँ | 86 |
| 10.2.6 | खुले स्थल | 86 |
| 10.2.7 | यातायात एवं परिवहन | 88 |
| 10.2.8 | अन्य भू–उपयोग | 89 |
| 10.2.9 | कृषि क्षेत्र | 89 |

| | | |
|---|---|---|
| 10.2.10 | आपदा प्रबंधन परियोजनाएँ | 94 |
| 10.2.11 | नदी केन्द्रित विकास | 94 |
| 10.2.12 | निषिद्ध उपयोग एवं गतिविधियाँ | 95 |
| 10.2.13 | अनुमन्य उपयोग / गतिविधियाँ | 95 |
| 10.2.14 | विशेष परिस्थितियों में प्राधिकृत प्राधिकरण द्वारा अनुमत उपयोग / गतिविधियाँ | 95 |
| 10.3 | शासकीय नीतियों का अनुपालन | 96 |
| 10.3.1 | आवास नीति, इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति, हाईटेक टाउनशिप नीति | 96 |
| 10.3.2 | उ0 प्र0 पर्यटन नीति | 96 |
| 10.3.3 | सौर उर्जा नीति | 96 |
| 10.3.4 | रेन वाटर हार्वेस्टिंग नीति | 96 |
| 10.3.5 | फिल्म नीति | 97 |
| 10.3.6 | सूचना प्रौद्योगिक नीति | 97 |
| 10.3.7 | आपदा प्रबंधन नीति | 98 |
| 10.3.8 | औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति | 98 |
| 10.3.9 | अन्य | 98 |
| 10.4 | नियोजन खण्ड | 99 |
| 10.5 | चरणबद्ध विकास | 100 |
| 10.5.1 | परिचय | 100 |
| 10.5.2 | तत्काल चरण 1ः प्रमुख कार्य | 100 |
| 10.5.3 | महायोजना क्रियान्वयन के अनुश्रवण | 101 |
| 10.6 | स्ट्रैटेजिक प्लान एवं वित्त पोषण | 102 |
| 10.6.1 | प्रमुख संसाधन जुटाने हेतु स्रोत | 103 |
| 10.6.2 | भूमि संग्रहण एवं प्रबन्धन | 103 |
| 10.6.3 | भूमि संग्रहण हेतु अनुशंसाएँ | 103 |
| **अध्याय–11** | **जोनिंग रेगुलेशन्स** | **105–138** |
| 11.1 | परिचय | 105 |
| 11.1.1 | जोनिंग के उद्देश्य | 105 |
| 11.1.2 | जोनिंग रेगुलेशन्स की मुख्य्य विषेषताएँ | 105 |
| 11.1.3 | विभिन्न क्रियाओं / उपयोगों की अनुज्ञा श्रेणियाँ | 106 |
| 11.1.4 | फ्लोटिंग उपयोग | 106 |
| 11.1.5 | प्रभाव शुल्क | 107 |
| 11.1.6 | अनुज्ञा की प्रक्रिया | 108 |
| 11.1.7 | अन्य अपेक्षाएँ | 108 |
| 11.1.8 | परिभाषाएँ | 109 |
| 11.2 | भू–उपयोग परिसरों / क्रियाओं की परिभाषाएँ | 110 |
| 11.2.1 | आवासीय | 110 |
| 11.2.2 | वाणिज्यक / व्यवसायिक | 110 |

| | | |
|---|---|---|
| 11.2.3 | औद्योगिक | 112 |
| 11.2.4 | कार्यालय | 112 |
| 11.2.5 | सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक | 113 |
| 11.2.6 | सार्वजनिक उपयोगिताएँ | 117 |
| 11.2.7 | यातायात एवं परिवहन | 117 |
| 11.2.8 | पार्क, खेल/खुले स्थल | 118 |
| 11.2.9 | कृषि | 119 |
| 11.2.10 | अस्थायी क्रियाएँ/अन्य परिसर | 119 |
| 11.3 | प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में अनुमन्य क्रियाओं/उपयोगों हेतु शर्तें एवं प्रतिबंध | 120 |
| 11.3.1 | विशेष अनुमति से अनुमन्य क्रियाओं (Activities) हेतु अपेक्षाएँ | 121 |
| 11.4 | प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में विभिन्न क्रियाओं की अनुमन्यता | 123 |
| 11.5 | भू–उपयोग जोन्स का निम्न से उच्च क्रम एवं प्रभाव शुल्क का निर्धारण | 130 |
| **अनुलग्नक 1–4** | | **131–138** |
| **अध्याय–12 स्पेशल असिस्टेंस के अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनायें** | | **139–148** |
| 12.1 | कम्प्रेहैन्सिव मोबिलिटी प्लान/ट्रांसपोर्टेशन प्लान | 139 |
| 12.1.1 | महत्वपूर्ण गतिविधि क्षेत्र | 139 |
| 12.1.2 | सार्वजनिक परिवहन रणनीति | 140 |
| 12.1.3 | गैर मोटर चालित परिवहन | 141 |
| 12.1.4 | यातायात इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन | 141 |
| 12.1.5 | पार्किंग प्रबंधन | 141 |
| 12.1.6 | कार्यान्वयन योजना | 141 |
| 12.2 | आर्थिक योजना (Economic Plan) | 142 |
| 12.2.1 | कार्यबल | 142 |
| 12.2.2 | वाणिज्यिक और औद्योगिक नोड्स | 142 |
| 12.2.3 | माल परिवहन अवसंरचना | 143 |
| 12.2.4 | आवास | 143 |
| 12.2.5 | पैदल यात्री और गैर–वाहन क्षेत्र | 143 |
| 12.2.6 | वेंडिंग जोन | 144 |
| 12.2.5 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु योजना | 143 |
| 12.3 | ब्लू–ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए योजना | 145 |
| 12.3.1 | जल निकासी अवसंरचना | 145 |
| 12.3.2 | ग्रीन बेल्ट और बफर जोन | 145 |
| 12.3.3 | हरित बुनियादी स्वरुप के लिए प्रस्ताव | 146 |
| 12.4 | ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टी.ओ.डी.) | 148 |
| **अनुलग्नक 5–6** | | **149–163** |
| शासनादेश | | 164–165 |
| विज्ञप्तियाँ | | 166–168 |

# मानचित्रों की सूची


| | विवरण | पृष्ठ संख्या के उपरान्त |
|---|---|---|
| मानचित्र– 1 | अलीगढ़ जिले में भू–आकृतिक विशेषताएँ | 3 |
| मानचित्र– 2 | डिजिटल एलिवेशन मॉडल | 3 |
| मानचित्र– 3 | भूजल स्तर मानचित्र | 4 |
| मानचित्र– 4 | जल–भूविज्ञान मानचित्र – अलीगढ़ जिला | 5 |
| मानचित्र– 5 | अलीगढ़ विकास प्राधिकरण क्षेत्र | 6 |
| मानचित्र– 6 | अलीगढ़ विकास प्राधिकरण क्षेत्र A.O.I. के साथ | 7 |
| मानचित्र– 7 | अलीगढ़ जिला मानचित्र | 8 |
| मानचित्र– 8 | अलीगढ़ नगर सीमा | 8 |
| मानचित्र– 9 | वर्तमान भू–उपयोग एवं महायोजना–2031 के मानचित्र | कवर पॉकेट |
| मानचित्र– 10 | महायोजना–2021 में विचलन | 36 |
| मानचित्र– 11 | वार्डवार जनसंख्या घनत्व | 48 |
| मानचित्र– 12 | शहर के विकास की दिशा (1989 से 2016)–अलीगढ़ | 82 |
| मानचित्र– 13 | शहर के विकास की दिशा (2016 के बाद)–अलीगढ़ | 82 |
| मानचित्र– 14 | अलीगढ के विभिन्न जोन्स का मानचित्र | 100 |
| मानचित्र– 15 | महत्वपूर्ण गतिविधि केंद्र | 140 |
| मानचित्र– 16 | प्रस्तावित बस टर्मिनलों की अवस्थिति | 140 |
| मानचित्र– 17 | प्रस्तावित फुटपाथ की अवस्थिति | 140 |
| मानचित्र– 18 | प्रस्तावित साइकिल ट्रैकों की अवस्थिति | 140 |
| मानचित्र– 19 | प्रस्तावित जंक्शनों की अवस्थिति | 140 |
| मानचित्र– 20 | प्रस्तावित पार्किंग स्थलों की अवस्थिति | 140 |
| मानचित्र– 21 | नगर का आर्थिक आधार | 140 |

# तालिकाओं की सूची


| | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| तालिका– 1 | अलीगढ़ शहर की जनसंख्या | 13 |
| तालिका– 2 | अन्य नगर पंचायत और नगर पालिका का लिंग अनुपात | 14 |
| तालिका– 3 | अन्य न.पा.प. और न.प. की साक्षरता दर | 15 |
| तालिका– 4 | कार्यबल भागीदारी दर (महिला–पुरुष) प्रतिशत में | 17 |
| तालिका– 5 | कार्यबल भागीदारी दर–अलीगढ़ शहर | 18 |
| तालिका– 6 | अन्य न.पा.प. और न.प. की कार्यबल भागीदारी दर | 18 |
| तालिका– 7 | परिवार का आकार | 19 |
| तालिका– 8 | अलीगढ की औद्योगिक इकाईयों का विवरण | 20 |
| तालिका– 9 | नगर निगम, अलीगढ़ से प्राप्त पेयजल व्यवस्था का विवरण | 23 |
| तालिका– 10 | विद्युत स्टेशनों का विवरण | 23 |
| तालिका– 11 | स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढाँचे का विवरण | 25 |
| तालिका– 12 | अग्निशमन केन्द्रों का विवरण | 26 |
| तालिका– 13 | भूजल गुणवत्ता | 32 |
| तालिका– 14 | प्रस्तावित भूमि उपयोग–2021 | 34 |
| तालिका– 15 | मौजूदा विकास का विश्लेषण | 36 |
| तालिका– 16 | अलीगढ़ महायोजना–2021 में प्रस्तावित भू–उपयोग के विरुद्ध व अनुरूप विकास | 38 |
| तालिका– 17 | अलीगढ़ नगर का जनसंख्या प्रक्षेपण वर्ष 2031 | 44 |
| तालिका– 18 | वर्ष 2031 के लिए अन्य शहरी केंद्र जनसंख्या अनुमान | 45 |
| तालिका– 19 | वर्ष 2031 के लिए अन्य ग्रामीण जनसंख्या अनुमान | 47 |
| तालिका– 20 | विकास प्राधिकरण क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या–2031 | 47 |
| तालिका– 21 | खैर नगर पालिका परिषद और अन्य नगर पंचायतों की अनुमानित जनसंख्या | 48 |
| तालिका– 22 | जनसंख्या घनत्व–अलीगढ़ | 48 |
| तालिका– 23 | अन्य न.पा.प. और न.प. का जनसंख्या घनत्व | 48 |
| तालिका– 24 | न.पा.प. और न.प. की जनसंख्या और विकास दर | 50 |
| तालिका– 25 | शहरी और ग्रामीण जनसंख्या | 52 |
| तालिका– 26 | आवास आवश्यकताएँ अलीगढ़ शहर (हरदुआगंज सहित) | 53 |
| तालिका– 27 | अनुमानित जल आपूर्ति आवश्यकताएँ – 2031 | 59 |
| तालिका– 28 | आवश्यकताएँ 2031 – शैक्षिक सुविधाएँ | 63 |
| तालिका– 29 | स्वास्थ्य आवश्यकताएँ–2031 | 66 |
| तालिका– 30 | सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं मनोरंजनात्मक आवश्यकताएँ | 68 |
| तालिका– 31 | सार्वजनिक उपयोगिताओं की आवश्यकता– 2031 | 72 |
| तालिका– 32 | पार्क और खेल के मैदान की आवश्यकता– 2031 | 75 |

| | | |
|---|---|---|
| तालिका– 33 | भू–उपयोग एवं प्रस्ताव | 80 |
| तालिका– 34 | महायोजना 2031 में सम्मिलित नवगठित शहरी स्थानीय निकाय | 90 |
| तालिका– 35 | खैर (न.पा.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 91 |
| तालिका– 36 | पिसावा (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 91 |
| तालिका– 37 | बरौली (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 91 |
| तालिका– 38 | चण्डौस (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 92 |
| तालिका– 39 | गभाना (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 92 |
| तालिका– 40 | जलाली (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 92 |
| तालिका– 41 | जवाँ सिकन्दरपुर (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 93 |
| तालिका– 42 | पिलखना (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 93 |
| तालिका– 43 | कौड़ियागंज (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 93 |
| तालिका– 44 | मडराक (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | 94 |
| तालिका– 45 | अलीगढ महायोजना–2031 जोन्स | 99 |
| तालिका– 46 | आवासीय भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 110 |
| तालिका– 47 | वाणिज्यक/व्यवसायिक भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 110 |
| तालिका– 48 | औद्योगिक भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 112 |
| तालिका– 49 | कार्यालय भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 112 |
| तालिका– 50 | सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 113 |
| तालिका– 51 | सार्वजनिक उपयोगिताएँ भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 117 |
| तालिका– 52 | यातायात एवं परिवहन भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 117 |
| तालिका– 53 | पार्क, खेल/खुले स्थल भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 118 |
| तालिका– 54 | कृषि भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 119 |
| तालिका– 55 | अस्थायी क्रियाएँ/अन्य परिसर भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ | 119 |
| तालिका– 56 | अनुमन्यता की अनिवार्य शर्ते एवं प्रतिबन्ध | 120 |
| तालिका– 57 | प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में विभिन्न क्रियाओं की अनुमन्यता | 123 |

# ग्राफ/चार्ट की सूची


| | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| ग्राफ– 1 | शहर की जनसंख्या | 13 |
| ग्राफ– 2 | लिंग अनुपात | 14 |
| ग्राफ– 3 | साक्षरता दर | 15 |
| ग्राफ– 4 | व्यवसायिक संरचना 2001, 2011 | 17 |
| ग्राफ– 5 | कार्यबल भागीदारी | 18 |
| ग्राफ– 6 | विभिन्न स्थानों पर $SO_2$, $NO_2$ का स्तर | 31 |
| ग्राफ– 7 | विभिन्न स्थानों पर SPM सांद्रता | 31 |
| ग्राफ– 8 | प्रदूषण के आधार पर उद्योगों की श्रेणियाँ | 32 |


# चित्रों की सूची


| | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| चित्र– 1 | अलीगढ़ नगर की स्थिति | 2 |
| चित्र– 2 | क्षेत्रीय संपर्क मानचित्र | 3 |
| चित्र– 3 | रामलीला मैदान में रामायण का मंचन | 7 |
| चित्र– 4 | जी. टी. रोड पर लगने वाली अलीगढ़ नुमाइश | 7 |
| चित्र– 5 | सी.डी.एफ. छेरत औद्योगिक परिसर | 21 |
| चित्र– 6 | तालानगरी फेज 1 | 21 |
| चित्र– 7 | तालानगरी फेज 2 | 22 |
| चित्र– 8 | नकवी पार्क | 27 |
| चित्र– 9 | $NO_2$, $SO_2$, PM2.5, PM10 की औसत वार्षिक भिन्नता | 29 |
| चित्र– 10 | वायु प्रदूषण निगरानी के स्थान | 30 |
| चित्र– 11 | पृथक्करण प्रबंधन से लाभ | 61 |
| चित्र– 12 | शून्य लैंडफिल के लिए पहल | 62 |
| चित्र– 13 | सफेद बिंदुएँ जनसंख्या घनत्व की दिशा को दर्शाती है | 79 |
| चित्र– 14 | अलीगढ में सी.एम.पी. लागू करने हेतु अनुमानित लागत का श्रेणीवार विवरण | 142 |
| चित्र– 15 | वेंडिंग जोन की पहले व बाद की स्थिति | 144 |
| चित्र– 16 | नई बस्ती स्थित तालाब की वर्तमान स्थिति | 146 |
| चित्र– 17 | नयी बस्ती तालाब का प्रस्तावित डिजाइन | 147 |

# महायोजना परिचय

भारत सरकार द्वारा 500 अमृत शहरों के लिए जी.आई.एस. आधारित महायोजनाओं को केन्द्र द्वारा वित्त पोषित सुधार के रूप में राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किया गया है। वर्तमान में महायोजनाएँ नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश के सम्बंधित मंडल कार्यालयों द्वारा या विकास प्राधिकरणों/नियंत्रण प्राधिकरणों द्वारा नियुक्त कन्सल्टेन्ट के माध्यम से तैयार कीगई है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग को उत्तर प्रदेश के 59 नगरों के अमृत योजना के अन्तर्गत बनायी जाने वाली महायोजनाओं हेतु राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। सम्बंधित नियंत्रक प्राधिकरणों ने नई/पुनरीक्षित महायोजना तैयार करने हेतु अपने–अपने बोर्ड में प्रस्ताव पारित कर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश को अभिकरण घोषित किया है, जो भारत सरकार की अमृत योजना के अधीन उत्तर प्रदेश में जी.आई.एस. आधारित महायोजनायें बनाने के लिए नोडल विभाग भी है। तदनुसार, राज्य मिशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उत्तर प्रदेश के 59 नगरों हेतु यह कार्य किया गया है, अलीगढ़ इन्हीं में से एक क्षेत्र है।

## महायोजना क्या है?

महायोजना एक विधिक दस्तावेज है एवं वह प्रतिवेदन है जिसके द्वारा आगामी दस वर्षों में आने वाली जनसंख्या हेतु भौतिक आवश्यकताओं का आंकलन करते हुये उससे सम्बन्धित प्रस्ताव उपलब्ध होते हैं। महायोजना द्वारा विकास की नीति निर्धारित की जाती है, जिसे विकास क्षेत्र का रोड मैप कहा जाता है। महायोजना द्वारा जनसाधारण की मूलभूत आवश्यकताओं का संज्ञान रखते हुये जन–जीवन स्तर को सुगम एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना होता है। महायोजना में प्रस्तावित भू–उपयोगों के साथ मूलभूत आवश्यकता एवं अवस्थापना सुविधाओं जैसे कि आवास, मार्ग, पार्क, जलापूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज, विद्युत इत्यादि का आंकलन कर प्रक्षेपित जनसंख्या के अनुसार नगर नियोजन के मापदण्डों के अनुरूप प्रस्तावों का तथा अधिक विस्तृत उपयोजनाएँ जैसे जोनल प्लान्स आदि के क्रियान्वयन का उल्लेख होता है।

## महायोजना द्वारा नगर एवं जन–जीवन पर प्रभाव

महायोजना के क्रियान्वयन से जन–जीवन में सुधार होने की पूर्ण सम्भावनायें हैं जो महायोजना में प्रस्तावित योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं जैसे कि प्रतिव्यक्ति जलापूर्ति, सीवरेज प्रणाली, पर्यावरण संरक्षण, यातायात एवं परिवहन के विकास/निर्माण के चरणबद्ध आधार से आयेगा। जिस हेतु प्रशासन के साथ–साथ सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रमुखतः जनसामान्य के अधिक से अधिक योगदान तथा विभागों के मध्य समन्वय की आवश्यकता रहेगी। प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के विकास हेतु प्रमुख लक्ष्य विकास क्षेत्र का सुनियोजित विकास एवं जनसामान्य के जीवन हेतु व्यवस्थित सुविधायें उपलब्ध कराना होता है। जिसका व्यापक प्रचार–प्रसार कर जनसामान्य को अवगत कराते हुये सन्देश देना होता है कि महायोजना नगर एवं जनसामान्य के हितों हेतु तैयार की गयी है। महायोजना के सफल होने में सबसे अधिक योगदान जनसामान्य का होता है।

## अध्याय–1 उद्‌भव एवं विकास

### 1.1 स्थिति

अलीगढ़ नगर 78°35' पूर्वी देशान्तर तथा 27°53' उत्तरी अक्षांश पर स्थित गंगा–यमुना के दोआब के मध्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख नगर है। यह नगर अलीगढ़ जनपद एवं अलीगढ़ मण्डल का प्रशासनिक मुख्यालय है। अलीगढ़ लखनऊ से 342 किमी., कानपुर से 308 किमी., आगरा से 86 किमी. तथा नई दिल्ली से लगभग 130 किमी. की दूरी पर स्थित है।

अलीगढ़ नगर शिक्षा का प्रमुख केन्द्र है। वर्ष 1878 में अलीगढ़ में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अलीगढ़ नगर की शिक्षा क्षेत्र को नया आयाम देते हुये राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। यह नगर अपने ताला उद्योग के कारण विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। अलीगढ़ ''तालानगरी'' के नाम से भी प्रसिद्ध है।

अलीगढ़ भारत के 100 व उ0 प्र0 में चयनित किए गए 13 स्मार्ट शहरों में से एक है।

*चित्र–1*

**अलीगढ़ नगरकी स्थिति**




**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी.

13.21 लाख की आबादी के साथ वर्तमान नगरपालिका क्षेत्र 63 वर्ग किमी. है। **स्रोत**–नगर निगम अलीगढ़

## 1.2 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं क्रमिक विकास

18वीं शताब्दी से पहले अलीगढ़ शहर "कोल" के नाम से जाना जाता था। अलीगढ़ ब्रज मण्डल के किनारे अर्थात कोर पर स्थिति होने से कुछ इतिहासकारों का यह मत है कि इस शब्द को ही कालान्तर में कोल अथवा "कोइल" नाम कहा जाने लगा। वर्ष 1717 में कोइल प्रान्त के तत्कालीन मुगल बादशाह फारूक सिया ने राज किया जिनके वायसराय साबित खान थे। बाद में साबित खान द्वारा इसका नाम बदलकर "साबितगढ़" रखा गया। साबित खान के वंशज आज भी शहर में पाये जाते हैं तथा वो अपने नाम के समक्ष नवाब लगाते हैं। वर्ष 1754 में सूरजमल जाट द्वारा साबितगढ़ किले पर कब्जा कर लिया गया तथा इसका नाम परिवर्तित कर "रामगढ़" रख दिया गया। इस शहर पर सिन्धिया और उनके फ्रांसीसी कमांडर का भी शासन रहा जिनके किलों के अवशेष आज भी शहर में देखे जा सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि अलीगढ़ को प्राचीन काल में हरिगढ़ के नाम से भी जाना जाता था। अलीगढ़ के पास एक धार्मिक स्थान 'मंगलायतन' स्थित है, जो जैन धर्म का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। इसके अतिरिक्त यहाँ कई मुस्लिम औलिया के मजार, जामा मस्जिद, ऊपर कोट, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, कैप्टन रोनाल्ड कैमरून और अन्य सैनिकों के स्मारक मौजूद हैं।

## 1.3 क्षेत्रीय स्थिति एवं संपर्क

अलीगढ़ नगर कोलकाता से दिल्ली मुख्य रेलमार्ग पर स्थित होने के कारण देश के अन्य प्रमुख नगरों से सम्बद्ध है। यह नगर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–509 द्वारा आगरा व मुरादाबाद शहर से तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 91 द्वारा दिल्ली एवं कानपुर से जुड़ा हुआ है। प्रान्तीय राजमार्ग 80 के द्वारा मथुरा से तथा राजमार्ग संख्या–22ए द्वारा खैर, टप्पल एवं यमुना एक्सप्रेस–वे से जुड़ा हुआ है।

प्रमुख परिवहन केंद्र के रूप में अलीगढ़ का रणनीतिक महत्व है। अलीगढ़ जंक्शन, भारत के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक, दिल्ली–हावड़ा रेलवे लाइन पर एक महत्वपूर्ण जंक्शन के रूप में स्थित है। इसके अतिरिक्त मुरादाबाद की तरफ जाने वाली एक रेलवे लाइन शहर के उत्तर–पश्चिम से द्विशाखित होती है। अलीगढ़ में धनीपुर में एक हवाई पट्टी भी है, जिसे वर्तमान में घरेलू हवाई अड्डा बनाने के लिए विकसित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए, निकटतम विकल्प दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (I.G.I.) है, जो अलीगढ़ से लगभग 147 किलोमीटर दूर है। आगामी जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो जल्द ही पूरा होने वाला है, इस दूरी को घटाकर केवल 70 किलोमीटर कर देगा, जिससे दुनिया भर में अलीगढ़ की कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी।

"ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर" अलीगढ़ से होकर गुजरता है। इस कॉरिडोर के दो स्टेशन क्रमशः कलुआ अलीगढ़ से ठीक पहले दिल्ली की ओर एवं दूसरा दाऊद खान कानपुर की ओर स्थित हैं।

*चित्र–2*

**क्षेत्रीय संपर्क मानचित्र**




स्रोत– ए.आई.आई.एल.एस.जी.

## 1.4 भौगोलिक स्थिति

अलीगढ़ जिला गंगा–यमुना दोआब के मध्य में स्थित है। ऊपरी गंगा नहर प्रमुखतः उत्तर–पश्चिम से दक्षिण दिशा की ओर बहती है। स्थलाकृतिक रूप से यह क्षेत्र लगभग खुला मैदान है। समुद्र तल से शहर की औसत ऊँचाई 178 मीटर है।

*मानचित्र–1*

**अलीगढ़ जिले में भू–आकृतिक विशेषताएँ**




**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*मानचित्र–2*

**डिजिटल ऐलीवेशन मॉडल**




**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी

गंगा और यमुना नदी अलीगढ़ जनपद की उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पश्चिमी सीमा बनाती है। यह मध्य गंगा के मैदान में गंगा और यमुना नदी के अंतर नदी क्षेत्र में स्थित है। क्षेत्र की जल निकासी मुख्य रूप से गंगा, यमुना और उनकी सहायक नदियों द्वारा नियंत्रित होती है। अलीगढ़ जिले में भूजल उथली गहराई पर स्थित है, जबकि गहराई में सीमाबद्ध जलभृत (Confined Aquifer) स्थित हैं। पूरे अलीगढ़ जिले में शहर का जल स्तर सबसे निचले स्तर पर है, जिसमें जवाहर पार्क क्षेत्र में 20.63 एम.बी.जी.एल. है।

*मानचित्र–3*

**भूजल स्तर मानचित्र**




### 1.4.1 भूजल गुणवत्ता

केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, द्वारा शहर के भीतर विभिन्न स्थानों से एकत्र किए गए पानी के नमूनों का विश्लेषण किया गया है। इन नमूनों के रासायनिक विश्लेषण से पता चलता है कि महायोजना क्षेत्र का भूजल थोड़ा क्षारीय है (PH रेंज 7.376 से 7.73)। महायोजना क्षेत्र की विद्युत चालकता का मान 730–माइक्रो सिमेन्स/से.मी. है। रामघाट मुख्य मार्ग, तालानगरी में ऑब्जर्वेशन वेल में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई है। लोहे की सांद्रता की उपस्थिति चिंताजनक रही है। यह शहर भर में लिए गए 50% नमूनों में 0.3 mg/L से अधिक पाया गया है (B.I.S., 2012 के अनुसार Fe की स्वीकार्य सीमा 0.3 mg/L है)।

### 1.4.2 मिट्टी

जिले में पाई जाने वाली प्रमुख प्रकार की मिट्टी दोमट और सिल्टी है। कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार अलीगढ़ जिले की मिट्टी को 'अलीगढ़ टाइप–III' में वर्गीकृत किया गया है जो पुराने जलोढ़ मैदान की केंद्रीय निचली भूमि में आती है। इस मिट्टी की संरचना में 49.70% रेत, गाद 12.62%, मिट्टी 3.62% है। इसमें 6.6% – 7.5% पीएच रेंज के साथ मध्यम क्षारीय से क्षारीय प्रकृति है।

*मानचित्र–4*

**जल–भूविज्ञान–अलीगढ़ जिला**




**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी

## 1.5 जलवायु

शहर में उष्णकटिबंधीय जलवायु है जिसमें लगभग 750 मिमी. की औसत वर्षा मुख्य रूप से हर साल जून से सितंबर के बीच मानसून में होती है। यहाँ अधिकतम तापमान 47° डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 5° डिग्री सेल्सियस तक रहता है। गंगा, यमुना दोआब के मध्य स्थित होने के कारण यहाँ की मिट्टी अत्यन्त उपजाऊ है। गेहूँ, जौ, मक्का यहाँ की मुख्य फसलें हैं।

## 1.6 मेला एवं त्यौहार

प्रत्येक वर्ष जनवरी और फरवरी में होने वाली अलीगढ़ प्रदर्शनी नगर की सांस्कृतिक विविधता का एक जीवंत उदाहरण है। स्थानीय कारीगर हस्तनिर्मित शिल्प और पारंपरिक कला रूपों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं, जबकि स्वादिष्ट व्यंजनों की सुगंध लोगों को आकर्षित करती है। विरासत पर जोर देते हुए, प्रदर्शनी में ऐतिहासिक कलाकृतियाँ और शिल्पकला सम्मिलित होती हैं, जो अलीगढ़ के समृद्ध इतिहास की झलक प्रदान करती हैं।

इसके अतिरिक्त, प्रसिद्ध रामलीला मैदान में प्रत्येक वर्ष ऐतिहासिक रामलीला रामायण का एक मनोरम चित्रण किया जाता है, जो दर्शकों को एकजुट करता है। यह आयोजन अपनी विरासत को संरक्षित करने के लिए अलीगढ़ की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं एवं अद्वितीय सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करते हैं जो नगर की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देता है।

चित्र–3

जी.टी. रोड पर लगने वाली अलीगढ़ नुमाइश



चित्र–4

रामलीला मैदान में रामायण का मंचन



# अध्याय–2 महायोजना की आवश्यकता

## 2.1 विकास क्षेत्र

अलीगढ़ नगर एवं इसके बाह्य क्षेत्रों में भूमि के अव्यवस्थित वितरण, अनियोजित व अनियंत्रित विकास की बढ़ोत्तरी को रोकने तथा नगर के सुनियोजित विकास एवं विस्तार को गति प्रदान करने के लिए शासन की अधिसूचना संख्या 2252/37–3–336 एन.के.वी.–72 दिनांक 13.11.1975 द्वारा अलीगढ़ नगरपालिका क्षेत्र एवं उसके आस–पास के 110 ग्रामों को सम्मिलित करते हुए उत्तर प्रदेश (निर्माण कार्य विनियमन) अधिनियम–1958 की धारा–3 के अन्तर्गत अलीगढ़ विनियमित क्षेत्र घोषित किया गया था। अलीगढ़ की प्रथम महायोजना वर्ष 2001 तक के लिए तैयार की गयी थी, जिसे शासनादेश संख्या 1272/37–3–87 एन.के.वी./77 दिनांक 04.02.1980 के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

*मानचित्र–5*

**अलीगढ़ विकास प्राधिकरण क्षेत्र**




**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

शासनादेश संख्या 2257/37–2–91/डी.ए./78 दिनांक 29.03.1981 के द्वारा अलीगढ़ नगरपालिका के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र तथा नगरपालिका सीमा के बाहर 08 किमी. की परिधि के क्षेत्र (अलीगढ़ नगरपालिका क्षेत्र, हरदुआगंज नगर पंचायत क्षेत्र एवं 203 ग्राम) को सम्मिलित कर अलीगढ़ विकास क्षेत्र घोषित किया गया। छावनी क्षेत्र, नौसेना तथा वायु सेना के किसी प्राधिकारी के प्रयोजनार्थ केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व तथा उसके द्वारा अधिग्रहित अथवा पट्टे पर ली गयी भूमि को अलीगढ़ विकास क्षेत्र से पृथक रखा गया है। अलीगढ़ विकास क्षेत्र (अलीगढ़ नगरपालिका क्षेत्र, हरदुआगंज नगर पंचायत क्षेत्र एवं 203 ग्राम) के लिए अलीगढ़ महायोजना–2021 की स्वीकृति शासनादेश संख्या 4463/9–आ–3–2002–10 महा./2002 दिनांक 10.01.2003 के द्वारा प्रदान की गयी। नगर का विकास तीव्रगति से होने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निकट होने एवं अलीगढ़ जनपद से होकर यमुना एक्सप्रेस–वे के निर्माण के फलस्वरूप सुनियोजित विकास की सम्भावनायें यथा हाईटेक टाउनशिप, इन्टीग्रेटेड टाउनशिप, नॉलिज पार्क आदि के नियोजन की सम्भावनाओं को देखते हुए शासन की अधिसूचना संख्या 324/आठ–6–08–13 गठन–07 दिनांक 08.02.2008 के द्वारा

407 ग्राम अलीगढ़ विकास क्षेत्र में सम्मिलित किये गये। इस प्रकार अलीगढ़ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम, हरदुआगंज नगर पंचायत सहित ग्रामों की कुल संख्या 610 हो गयी है तथा ग्राम पिसावा, चण्डौस, बरौली, गभाना, जलाली, जवां सिकन्दरपुर, पिलखना, कौड़ियागंज, मडराक वर्तमान में नगर पंचायतों में परिवर्तित हो गये हैं। खैर ग्राम अथवा खैर नगर पालिका परिषद विकास क्षेत्र की अधिसूचना में सम्मिलित नहीं है परन्तु खैर नगर पालिका परिषद की परिधि से संलग्न ग्राम अलीगढ़ विकास क्षेत्र में सम्मिलित है। खैर नगर पालिका परिषद को विकास क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने हेतु प्राधिकरण बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। तद्नुसार खैर नगर पालिका परिषद को नियोजन हेतु अलीगढ़ महायोजना में सम्मिलित किया गया है।

*मानचित्र–6*

**अलीगढ़ विकास प्राधिकरण क्षेत्र A.O.I. के साथ**




**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

## 2.2 नगरीय विकास

प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए अलीगढ़ जनपद को पाँच (05) तहसीलों क्रमशः कोल, खैर, गभाना, अतरौली और इगलास में विभाजित किया गया है। इन तहसीलों को आगे बारह (12) विकास खण्डों क्रमशः लोधा, धनीपुर, अकराबाद, अतरौली, बिजौली, गंगीरी, गोंडा, इगलास, खैर टप्पल, चण्डौस और जवाँ सिकन्दरपुर में विभाजित किया गया है।

### अलीगढ़ नगर निगम

अलीगढ़ नगर पालिका की स्थापना 1 अगस्त 1885 को हुई थी। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 के अन्तर्गत अलीगढ़ नगर पालिका को नवंबर 1994 में अलीगढ़ नगर निगम के रूप में और उन्नत किया गया। अलीगढ़ नगर निगम के अन्तर्गत 80 वार्ड हैं। वर्तमान में अलीगढ़ का नगरीय क्षेत्रफल (नगर निगम सीमा) 63.84 वर्ग किलोमीटर है।

*मानचित्र–7*

## अलीगढ़ जिला मानचित्र




**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी

*मानचित्र–8*

## अलीगढ़ नगर सीमा




**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी

## 2.3 अलीगढ़ महायोजना–2031

अलीगढ़ महायोजना–2031 को अमृत योजना के अन्तर्गत ''जी.आई.एस. आधारित महायोजना संरचना'' के अन्तर्गत तैयार किया गया है, जो शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है, जिसे राज्य सरकारों द्वारा लागू किया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 सरकार के अंतर्गत नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग को उत्तर प्रदेश के 59 चयनित शहरों में महायोजना संरचना हेतु राज्य नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

वर्ष 2031 के लिए जी.आई.एस. आधारित अलीगढ़ महायोजना मैसर्स अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान (ए.आई.आई.एल.एस.जी.) द्वारा तैयार की गयी है।

### परियोजना क्षेत्र

महायोजना–2031 तैयार करने के लिए अलीगढ़ विकास क्षेत्र के कुल 610 ग्रामों को सम्मिलित किया गया है जिसका कुल क्षेत्रफल 1635.7 वर्ग किलोमीटर है। उक्त क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण उपग्रह इमेजरी पर किया गया है। अलीगढ़ नगर निगम, हरदुआगंज, कौड़ियागंज, जलाली, पिलखना नगर पंचायत के साथ–साथ नवगठित नगर पंचायतों पिसावा, चण्डौस, गभाना, बरौली, जवाँ सिकन्दरपुर, मडराक और खैर नगर पालिका परिषद के क्षेत्रों को भी महायोजना में सम्मिलित किया गया है।

### कार्यप्रणाली

टी.ओ.आर. (अनुबन्ध की शर्तों) में उल्लिखित परियोजना में शहरी नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 के प्राविधानों के अनुसार अलीगढ़ शहर के लिए जी.आई.एस. आधारित महायोजना तैयार की गयी है। इसमें वर्तमान स्थिति का अध्ययन और विश्लेषण, मूल्यांकन, अनुमानित आवश्यकताएँ, विकास रणनीति और जी.आई.एस. बेस मैप पर मसौदा प्रस्ताव और क्षेत्रवार डेटा विश्लेषण सम्मिलित हैं। अंतिम आउटपुट/डिलिवरेबल्स यथा बेस मैप (डिजाइन दिशा–निर्देशों के अनुसार), क्षेत्रवार विषयगत मानचित्र, डेटा विश्लेषण रिपोर्ट, प्रस्तावों सहित महायोजना–2031 में सम्मिलित हैं।

## 2.4 महायोजना के पुनरीक्षण की आवश्यकता

विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, राजकीय एवं अर्द्ध–राजकीय विभागों, निजी व सरकारी संस्थाओं द्वारा नगर का विकास एवं निर्माण कार्य शासन द्वारा स्वीकृत महायोजना के अनुसार ही किया जाता है। अलीगढ़ की प्रथम महायोजना वर्ष 2001 तक के लिए तैयार की गयी, जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा दिनांक 04.12.1980 को प्रदान की गयी। अलीगढ़ विकास प्राधिकरण की बैठक में इस महायोजना को पुनरीक्षित किये जाने का निर्णय लिया गया एवं तद्नुसार अलीगढ़ महायोजना–2021 का कार्य प्रारम्भ किया गया जिसे शासन द्वारा दिनांक 10.01.2003 को स्वीकृति प्रदान की गयी। अलीगढ़ महायोजना–2031 को निम्नलिखित कारणों से तैयार किये जाने की आवश्यकता अनुभव की गयी :–

1. महायोजना 2001–2021 में शहरी गतिविधियों के लिये नियोजन और प्रौद्योगिकी की नई तकनीकी का उपयोग अत्यन्त सीमित था। अद्यतन प्रौद्योगिकी और महायोजना में उपयोग किये जा रहे भू–उपयोग/क्रियाओं के नामों को राष्ट्रीय/राज्य स्तर की शब्दावली में भिन्नता के कारण सभी महायोजनायें एक ही प्लेटफार्म पर प्रस्तुत किये जाने में कठिनाई होने के कारण राष्ट्रीय स्तर के मानकों का पालन करते हुए जी.आई.एस. आधारित महायोजना तैयार किये जाने की आवश्यकता उत्पन्न हुई।
2. महायोजना वर्ष 2021 तक की अवधि के लिये तैयार की गई थी जिसकी अवधि पूर्ण होने के कारण महायोजना–2031 को तैयार किया गया।
3. विकास प्राधिकरण क्षेत्र में वृद्धि हो जाने एवं कई नगर पंचायतें विकास क्षेत्र में सम्मिलित हो जाने के कारण महायोजना–2031 को तैयार करना आवश्यक हो गया।
4. महायोजना में प्रस्तावित विभिन्न भू–उपयोगों के विरुद्व हो गये अनाधिकृत निर्माण एवं विकास कार्यों के कारण

महायोजना प्रस्तावों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के कारण शहर के नियोजित विकास के दृष्टिगत महायोजना–2031 को तैयार किया गया है।

5. शासन द्वारा महायोजना अवधि में समय–समय पर भू–उपयोग परिवर्तन किये जाने के फलस्वरूप परिवर्तित भू–उपयोग से आस–पास के क्षेत्र या महायोजना प्रस्तावों के प्रभाव का अध्ययन करना आवश्यक हो गया।
6. नगर के कोर एरिया को पुर्नजीवित करने एवं जनसंख्या घनत्व कम करने तथा खुले क्षेत्रों को संरक्षित किया जाना आवश्यक हो गया।
7. जनसंख्या वृद्धि के अनुपात में नागरिक सुविधाओं के विस्तार न होने के कारण उपलब्ध सुविधाओं पर दिन–प्रतिदिन बढ़ते हुए दबाव को संतुलित व सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता अनुभव की गयी।

इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित अमृत योजनान्तर्गत जी.आई.एस. आधारित अलीगढ़ महायोजना–2031 तैयार करने का निर्णय लिया गया।

## 2.5 महायोजना संरचना की प्रक्रिया

| क्र.सं. | बोर्ड बैठक संख्या | बोर्ड बैठक दिनांक | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 72वीं | 24.05.2018 | भारत सरकार की "अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफॉरमेशन (AMRUT) योजनान्तर्गत जी.आई. एस. बेस्ड महायोजना तैयार करने हेतु एजेन्सी घोषित किये जाने के संबन्ध में" एवं अलीगढ़ विकास क्षेत्र में पुनरीक्षित महायोजना–2021–2031 के पुनरीक्षण के प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। | सर्व सम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत। यह अपेक्षा की गई कि समयबद्ध कार्यावाही सुनिश्चित की जाये। |
| 2 | 79वीं | 24.12.2021 | अलीगढ़ विकास क्षेत्र में महायोजना–2031 तैयार किये जाने हेतु भारत सरकार की "अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफॉरमेशन (AMRUT) योजनान्तर्गत जी.आई.एस. बेस्ड महायोजना तैयार करने हेतु शासन द्वारा चयनित संस्था ऑल इंडिया इन्स्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेन्ट द्वारा अलीगढ़ महायोजना–2031 तैयार की जा रही है, जिसके क्रम में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ, के पंत्राक–143/अमृत–महायोजना/शासकीय समिति/स0नि0 (के) /2021–22 दिनांक–21.12.2021 के द्वारा सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, की अध्यक्षता में दिनांक–29.11.2021 को उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ, के सभागार में आहूत शासकीय समिति की बैठक का कार्यवृत्त संलग्न करते हुये अलीगढ़ महायोजना–2031 प्रारूप प्राधिकरण बोर्ड में प्रस्तुत करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।<br>महायोजना प्रारूप पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा 11(1) के क्रम में जनता से प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर जन सुनवाई का अवसर प्रदान किये जाने की विधिक व्यवस्था है, जिसमें जन सामान्य से प्राप्त होने वाली समस्त आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार करने करने पर सुनवाई हेतु नियमानुसार समिति का गठन किया गया। जिसका प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। | भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत चयनित संस्था ऑल इंडिया इन्स्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेन्ट द्वारा अलीगढ़ महायोजना–2031(प्रारूप) के सम्बन्ध में विचार–विमर्श किया गया। विचार–विमर्श के बाद ड्राफ्ट मास्टर प्लान–2031 को प्रिन्ट कराकर उस पर जनता से आपत्ति–सुझाव आमंत्रित करने हेतु बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया और निर्देश दिये गये कि ड्राफ्ट मास्टर प्लान–2031 पर समाचार पत्रों में विज्ञप्ति से पूर्व सभी औपचारिकताएँ पूर्ण कर ली जायें। यह भी निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण द्वारा ड्राफ्ट मास्टर प्लान–2031 में जनता एवं हितबद्ध संस्थाओं से नियत अवधि के अन्तर्गत आपत्ति सुझाव आमंत्रित किये जायें और शासनादेशों के अनुरूप उपाध्यक्ष द्वारा नियत अवधि में प्राप्त आपत्ति–सुझावों पर सुनवाई हेतु समिति का गठन किया जाये तथा समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव बोर्ड की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **3** | 80वीं | 11.05.2022 | बोर्ड के निर्णय के अनुपालन में अलीगढ़ ड्राफ्ट मास्टर प्लान–2031 की पुस्तिका तथा महायोजना मानचित्र का प्रिन्ट पर आपत्ति–सुझाव आमंत्रित किये जाने से पूर्व पुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु ई–जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा दिनांक–21.04.2022 आमंत्रित कर मै0 सुशीला एन्टरप्राइजेज मेरठ के पक्ष में वर्क ऑडर जारी किया गया। | बोर्ड द्वारा अवलोकित। बोर्ड द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निर्देश दिये गये कि फर्म को जारी वर्क ऑडर के क्रम में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। |
| **4** | 81वीं | 14.12.2022 | बोर्ड में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में शासन के आलोक में समिति गठित कर अलीगढ़ ड्राफ्ट मास्टर प्लान–2031 पर जनसामान्य से 06.06.2022 से 05.07. 2022 तक आपत्ति–सुझाव प्राप्त किये गये। जनसामान्य से निर्धारित समय में 570 आपत्ति–सुझाव प्राप्त हुए। प्राप्त आपत्ति–सुझाव पर गठित समिति द्वारा दिनांक–28.09.2022, 29.09.2022 एवं 30.09.2022 को सुनवाई की गयी है, जिसकी अग्रेतर कार्यवाही गतिमान है। | बोर्ड द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र जनसामान्य से प्राप्त आपत्ति–सुझाव पर गठित समिति द्वारा की गयी सुनवाई पर शासनादेशों एवं शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अधीन गतिमान कार्यवाही पूर्ण कर कृत कार्यवाही से आगामी बोर्ड बैठक में अवगत कराया जाये। |
| **5** | 82वीं | 16.05.2023 | अलीगढ़ महायोजना–2031 प्रारूप पर शासनादेश संख्या 4816(1)/9–अ–3–2003–9 महा./2002 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन लखनऊ, दिनांक–20.12.2003 में उल्लखित "आपत्ति–सुनवाई" समिति द्वारा 570 आपत्तियों के स्थलीय/अभिलेखकीय परीक्षणोपरान्त किये गये सस्तुंति/निष्कर्ष को मा0 बोर्ड के समक्ष प्रस्तुतीकरण उपरान्त अन्तिम महायोजना–2031 अनुमोदनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत की गयी। | अलीगढ़ महायोजना–2031 प्रारूप पर कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया, अधिनियम की धारा–11 के अन्तर्गत गठित "आपत्ति–सुनवाई" समिति के निष्कर्ष/सुझावों का विधिवत परिशीलन किया गया। बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा ड्राफ्ट महायोजना–2031 पर प्राप्त 570 आपत्तियों पर गठित समिति के निष्कर्ष/ संस्तुतियों पर विधिवत चर्चा करते हुए तथा उक्त को सम्मिलित करने के उपरान्त किये गये बदलाव को महायोजना मानचित्र पर भी परीक्षित किया गया।<br>बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया, तथा अन्तिम अनुमोदन हेतु शासन के समक्ष महायोजना–2031 प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| **6** | 83वीं | 03.10.2023 | बोर्ड द्वारा गत बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया, तथा अन्तिम अनुमोदन हेतु शासन के समक्ष महायोजना–2031 प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था। बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देशों/अनुमोदन के क्रम में महायोजना–2031 का प्रतिवेदन तैयार कर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है। | अवलोकित। |
| **7** | 84वीं | 22.12.2023 | शासन के पत्र संख्या–2877 / 2023–8 –3099 / 537 / 2023 दिनांक–11.12.2023 में दिए गए निर्देशों व इंगित त्रुटियों का सुधार करते हुए पुनः जी.आई.एस. बेस्ड महायोजना–2031 (प्रारूप) को मा0 बोर्ड से अनुमोदन कराने हेतु प्रस्ताव। | बोर्ड द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया, तथा अन्तिम अनुमोदन हेतु शासन के समक्ष महायोजना–2031 प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। |

## अध्याय–3 वर्तमान अध्ययन

### 3.1 जनसंख्या

जनगणना–2011 के अनुसार अलीगढ़ नगर निगम की कुल जनसंख्या 8,74,408 (70 वार्ड) है, जो जिले की कुल जनसंख्या का लगभग 23% है। उ.प्र. शासन की अधिसूचना वर्ष 2017 द्वारा अलीगढ़ नगर निगम की सीमा में वृद्धि करते हुये 19 अतिरिक्त ग्राम सीमा में सम्मिलित किये गये हैं। अतिरिक्त क्षेत्र को 10 वार्ड में विभक्त किया गया है। अलीगढ़ नगर निगम की वर्ष 1991, 2001 और 2011 की जनसंख्या नीचे तालिका में दर्शायी गई है।

*तालिका–1*

**अलीगढ़ शहर की जनसंख्या**

| अलीगढ़ शहर | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | कुल | पुरुष | महिला |
| 1991 | 480520 | 257300 | 223220 |
| 2001 | 669087 | 356750 | 312362 |
| 2011 | 874408 | 461772 | 412636 |

स्रोतः जनगणना पुस्तिका 2011

*ग्राफ–1*

**शहर की जनसंख्या**




स्रोत– जनगणना पुस्तिका 2011

## 3.2 लिंगानुपात

अलीगढ़ शहर का लिंगानुपात प्रति हजार पुरुषों के सापेक्ष 894 महिलायें हैं, जो राज्य के लिंगानुपात अर्थात 912 और राष्ट्रीय औसत अर्थात 943 से कम है।

*ग्राफ–2*

**लिंग अनुपात**




**स्रोत**– जनगणना 1991, 2001 एवं 2011

*तालिका–2*

**अन्य नगर पंचायत और नगर पालिका का लिंग अनुपात**

| क्र.सं. | नगर पंचायत/ पालिका | वर्ष 2001 | वर्ष 2011 |
|---|---|---|---|
| 1 | हरदुआगंज | 880 | 885 |
| 2 | खैर | 866 | 880 |
| 3 | गभाना | 916 | 901 |
| 4 | जलाली | 860 | 893 |
| 5 | पिलखना | 888 | 887 |
| 6 | कौडियागंज | 870 | 873 |
| 7 | पिसावा | 864 | 876 |
| 8 | चण्डौस | 853 | 883 |
| 9 | बरौली | 879 | 896 |
| 10 | जवाँ सिकन्दरपुर | 895 | 941 |
| 11 | मडराक | 861 | 872 |

**स्रोतः** जनगणना 2001 एवं 2011

## 3.3 साक्षरता दर

किसी भी नगर के सर्वांगीण विकास में साक्षरता की स्थिति एक विशेष भूमिका निभाती है। अलीगढ़ नगर में वर्ष 2001 के सापेक्ष वर्ष 2011 में साक्षरता में 4.62 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साक्षरता का विस्तृत विवरण निम्नवत हैः–

***ग्राफ–3***

**साक्षरता दर**




स्रोतः जनगणना 2001 एवं 2011

***तालिका–3***

**अन्य न.पा.प. और न.प. की साक्षरता दर**

| क्र.सं. | नगर पंचायत/पालिका | वर्ष 2001 | वर्ष 2011 |
|---|---|---|---|
| 1 | हरदुआगंज | 30.2 | 59.7 |
| 2 | खैर | 49.03 | 56.8 |
| 3 | गभाना | 54.4 | 61.4 |
| 4 | जलाली | 37.6 | 47.01 |
| 5 | पिलखना | 27.3 | 34.2 |
| 6 | कौड़ियागंज | 40.8 | 40.17 |
| 7 | पिसावा | 49.3 | 63.1 |
| 8 | चण्डौस | 51.5 | 59.1 |
| 9 | बरौली | 41.2 | 66.07 |
| 10 | जवाँ सिकन्दरपुर | 48.8 | 56.7 |
| 11 | मडराक | 44.3 | 58.7 |

स्रोतः जनगणना 2001 एवं 2011

## 3.4 कार्यशील जनसंख्या

किसी भी नगर के विकास का आर्थिक आधार उसकी विविध क्रियाओं की उत्पादन क्षमता एवं उसके समीपवर्ती

क्षेत्र आदि पर निर्भर करता है। नगर की आर्थिक क्रियाओं में किसी भी प्रकार की वृद्धि, कमी या संरचना में परिवर्तन प्रत्यक्ष रूप से नगर के विकास को प्रभावित करते हैं। अलीगढ़ नगर की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से उद्योग, व्यापार एवं वाणिज्य गतिविधियों पर आधारित है। अलीगढ़ नगर जनपद मुख्यालय होने के कारण प्रमुख प्रशासनिक एवं औद्योगिक केन्द्र भी है, जिसके कारण इसके आर्थिक आधार के निर्धारण में कुल नगरीय जनसंख्या में श्रमिकों की भागीदारी का प्रतिशत अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

नगर के आर्थिक आधार का मुख्य सूचक नगर में कार्यरत श्रम शक्ति जनसंख्या के वृद्धि दर एवं नगर के बाह्य क्षेत्रों से सम्बन्धित होता है। इन्हीं सूचकों के सम्बन्ध में उपलब्ध सूचनाओं एवं आंकड़ों के आधार पर ही नगर की आर्थिक स्थिति का अध्ययन किया जाता है। जनगणना पुस्तिका 2011 के अनुसार अलीगढ़ नगर में विभिन्न क्रियाओ में कार्यरत श्रमिकों की संख्या 258923 है जो की नगर की कुल जनसंख्या का 29.61 प्रतिशत है।

## 3.5 कार्यशील जनसंख्या का वर्गीकरण

2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, अलीगढ़ के कार्यबल वितरण से लिंग असंतुलन का पता चलता है, जिसमें बहुमत पुरुष का है। यह असमानता पारंपरिक, व्यवसायिक भूमिकाओं और सामाजिक गतिशीलता को प्रतिबिंबित करता है। उल्लेखनीय बात यह है कि जिले की कुल आबादी का लगभग 31.9 प्रतिशत कार्यबल के रूप में उपलब्ध है। यह आंकड़ा बताता है कि अलीगढ़ के पास पर्याप्त श्रम शक्ति है, जो शहर के औद्योगिक विकास को पर्याप्त रूप से समर्थन देती है। आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत कार्यबल एक आवश्यक संसाधन है और इसका उपयोग जिले की औद्योगिक और आर्थिक संभावनाओं को और मजबूत करने के लिए किया जा सकता है।
वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, श्रमिकों को तीन श्रेणियों में बाँटा गया हैः—

1. मुख्य श्रमिक
2. सीमांत श्रमिक
3. गैर श्रमिक

- **मुख्य श्रमिकः**— मुख्य श्रमिक के अंतर्गत ऐसे व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता है जो वर्ष के दौरान 183 दिनों (या छह महीने) या उससे अधिक के लिए किसी भी आर्थिक रूप से उत्पादन गतिविधि में लगे हुए हैं।
- **सीमांत श्रमिकः**— सीमांत श्रमिक वे हैं जिन्होंने गणना से पहले के वर्ष में किसी समय काम किया था, लेकिन वर्ष के एक बड़े हिस्से में कोई काम नहीं किया। अर्थात, जिन्होंने 183 दिनों (या छह महीने) से कम समय तक काम किया और काम के लिए अन्य स्थान पर प्रवास भी किया।
- **गैर श्रमिकः**— गैर श्रमिक वे हैं जिन्होने गणना की तारीख से पहले के वर्ष में कभी भी कोई काम नहीं किया था। श्रमिक बल को फिर चार उप श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

## 3.6 कार्यशील जनसंख्या का श्रेणीवार विवरण

### 3.6.1 मुख्य कामगार (श्रमिक)

मुख्य श्रमिक में वह श्रमिक सम्मिलित हैं जिन्हे पूरे वर्ष 6 माह से अधिक समय तक रोजगार उपलब्ध रहता है। इन श्रमिकों में कृषक, खेतीहर श्रमिक, घरेलू, औद्योगिक श्रमिक तथा अन्य श्रमिक हैं। अन्य श्रमिकों में राजकीय सेवक, स्थानीय निकायों में नियोजित कार्यरत कर्मचारी, शिक्षक, बागवान एवं औद्योगिक कामगार, वाणिज्यक गतिविधियाँ, यातायात, बैंक कर्मचारी, खनन, निर्माण, सामाजिक कार्य तथा मनोरंजनात्मक गतिविधियों में कार्यरत श्रमिक हैं।

### 3.6.2 सीमान्त कामगार (श्रमिक)

सीमान्त श्रमिकों को 6 माह से कम समय तक कार्य उपलब्ध होता है। सीमान्त श्रमिकों में कृषक, खेतीहर

श्रमिक, घरेलू, औद्योगिक श्रमिक तथा अन्य श्रमिक सम्मिलित हैं। गैर–श्रमिक वर्ग में वे लोग हैं जो वर्ष भर किसी आर्थिक तथा उत्पादन गतिविधियों में कार्यरत नहीं हैं।

अलीगढ़ नगर में वर्ष 2011 में मुख्य और सीमांत श्रमिकों सहित कुल श्रमिकों की संख्या 2,58,923 है और वर्ष 2001 में 1,69,711 है। नीचे दिया गया चार्ट 2011 और 2001 की जनगणना के अनुसार व्यवसायिक संरचना को दर्शाता है। अन्य घरेलू उद्योग शहर में औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि का द्योतक हैं।

*ग्राफ–4*

**व्यवसायिक संरचना 2001, 2011**




**स्रोतः** जनगणना 2001, 2011

अलीगढ़ शहर और जिले में, कार्यबल में लोगों का प्रतिशत राज्य के औसत से थोड़ा कम है, राज्य के 32.48 प्रतिशत की तुलना में क्रमशः 29.6 प्रतिशत और 31.9 प्रतिशत है। दिलचस्प बात यह है कि शहर में महिला श्रमिकों की संख्या जिले की तुलना में कम है, और दोनों ही राज्य के औसत से कम हैं। यह कार्यबल में महिला भागीदारी को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित करता है, जो सांस्कृतिक मानदंडों और सीमित अवसरों से बाधित है। कौशल विकास कार्यक्रमों और बेहतर बाल देखभाल विकल्पों जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं को श्रम शक्ति में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित करना क्षेत्र में आर्थिक विकास और लैंगिक समानता दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

*तालिका–4*

**कार्यबल भागीदारी दर (महिला–पुरुष) प्रतिशत में**

| क्षेत्र | 2011 | | |
|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | कुल |
| अलीगढ़ शहर | 47.7 % | 9.4 % | 29.6 % |
| अलीगढ़ जिला | 47.6 % | 14.22 % | 31.9 % |
| उत्तर प्रदेश | 46.80 % | 16.54 % | 32.48 % |

**स्रोतः** जनगणना 2011

तालिका संख्या–5 व 6 अलीगढ़ नगर एवं अन्य नगरीय निकायों की कुल जनसंख्या में श्रमिकों की भागीदारी प्रतिशत दर्शाती है।

*तालिका–5*

## कार्यबल भागीदारी दर – अलीगढ़ शहर

| क्र.स. | वर्ष | जनसंख्या | कार्यबल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1971 | 2,57,065 | 63,698 | 24.78 |
| 2 | 1991 | 4,90,202 | 1,24,908 | 25.48 |
| 3 | 2001 | 6,69,087 | 1,69,711 | 25.40 |
| 4 | 2011 | 8,74,408 | 2,58,923 | 29.61 |

स्रोतः जनगणना 2011

*ग्राफ–5*

## कार्यबल भागीदारी




स्रोतः जनगणना 2011

*तालिका–6*

## अन्य न.पा.प. और न.प. की कार्यबल भागीदारी दर

| क्र.सं. | नगर पंचायत/ पालिका | कार्यबल 2001 | कार्यबल भागीदारी दर 2001 (%) | कार्यबल 2011 | कार्यबल भागीदारी दर 2011 (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरदुआगंज | 3364 | 29.01 % | 4038 | 29.50 % |
| 2 | खैर | 6334 | 22.90 % | 8980 | 25.12 % |
| 3 | गभाना | 1161 | 25.1 % | 1964 | 33.37 % |
| 4 | जलाली | 5517 | 31.6 % | 7057 | 34.87 % |
| 5 | पिलखना | 2407 | 24.8 % | 3020 | 26.22 % |
| 6 | कौड़ियागंज | 2622 | 24.8 % | 3378 | 27.59 % |
| 7 | पिसावा | 2963 | 30.7 % | 3627 | 30.30 % |
| 8 | चण्डौस | 2875 | 30.4 % | 4266 | 34.60 % |
| 9 | बरौली | 516 | 30.7 % | 504 | 30.70 % |
| 10 | जवाँ सिकन्दरपुर | 1519 | 25.7 % | 2200 | 28.30 % |
| 11 | मडराक | 1778 | 25.2 % | 2504 | 29.8 % |

स्रोतः जनगणना 2001 व 2011

## 3.7 पारिवारिक संरचना

अलीगढ़ जिले की जनसंख्या 2011 में 36,73,889 थी, और परिवारों की संख्या 6,11,371 थी, जिसमें प्रति परिवार औसत 6.009 व्यक्ति थे। 2001 में, जिले की जनसंख्या 29,92,286 और परिवारों की संख्या 4,65,488 थी, और प्रति परिवार औसतन 6.428 थे। यह आंकड़ा पिछले कुछ वर्षों में जनसंख्या वृद्धि के एक सुसंगत पैटर्न को चित्रित करता है।

अलीगढ़ की सामाजिक–सांस्कृतिक संरचना मुख्य रूप से संयुक्त एवं पितृसत्तात्मक पारिवार की रही है, जिसमें बड़ों के सम्मान पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हालाँकि, सीमित रोजगार के अवसरों, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण इलाकों में शैक्षिक सुविधाओं की कमी के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की तरफ प्रवासन हो रहा है। यह प्रवास पारंपरिक संयुक्त परिवार संरचनाओं से एकल परिवारों की ओर बदलाव का कारण बन रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्रति परिवार व्यक्तियों की औसत संख्या में कमी आने की सम्भावनाएँ हैं। इसके अतिरिक्त, प्रजनन दर में गिरावट की प्रवृत्ति से भविष्य में औसत परिवार के आकार में और कमी आने का अनुमान है।

*तालिका–7*

**परिवार का आकार**

| वर्ष | जनसंख्या | परिवारों की संख्या | व्यक्ति प्रति परिवार |
|---|---|---|---|
| 1991 | 24,49,597 | 3,77,008 | 6.497 |
| 2001 | 29,92,286 | 4,65,488 | 6.428 |
| 2011 | 36,73,889 | 6,11,371 | 6.009 |

**स्रोतः** जनगणना 1991, 2001 व 2011

## 3.8 आर्थिक क्रिया का वर्गीकरण

अलीगढ़ शहर के अंदर विभिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाएँ की जाती हैं, जो प्रमुख रूप से इसके विनिर्माण और कृषि क्षेत्रों द्वारा संचालित हैं। विशेष रूप से, अलीगढ़ का विनिर्माण क्षेत्र एक प्रमुख आर्थिक योगदानकर्ता है, जिसमें ताला और हार्डवेयर के उद्योग प्रमुख हैं। शहर का ताला उद्योग अपनी गुणवत्ता और शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है, जो अंतर्राष्ट्रीय पहचान अर्जित करता है और स्थानीय और निर्यात दोनों बाजारों को बढ़ावा देता है। यह क्षेत्र रोजगार के असंख्य अवसर उत्पन्न करता है और शहर की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसके साथ ही, अलीगढ़ का कृषि क्षेत्र प्राथमिक क्षेत्र के रूप में प्रमुख है, जो विभिन्न उद्योगों के लिए भोजन और कच्चे माल की आपूर्ति करता है। गन्ना और गेहूँ जैसी फसलें, स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं।

उल्लेखनीय बात यह है कि अलीगढ़ जिले का सकल जिला घरेलू उत्पाद (जी.डी.डी.पी.) उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) का 1.9% है। यह जिले के आर्थिक महत्व और आर्थिक समृद्धि को आगे बढ़ाने में इसके प्राथमिक क्षेत्रों, विनिर्माण और कृषि की उत्पादकता को अधिकतम करने की क्षमता को रेखांकित करता है।

## 3.9 प्राथमिक क्रिया

अलीगढ़ जिला प्राथमिक गतिविधियों में विविधता को दर्शाता है, जिसमें कृषि, पशुपालन और बागवानी जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यह क्षेत्र गन्ना, गेहूँ, चावल, मक्का, जौ और आलू सहित विभिन्न फसलों की खेती के लिए प्रसिद्ध है, जो खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। आम और अमरूद की बागवानी भी की जाती है, जिससे अलीगढ़ इन उष्णकटिबंधीय फलों का एक प्रमुख उत्पादक बना है।

विशेष रूप से, जिले में आलू की खेती इसकी अनुकूल जलवायु एवं उपजाऊ मिट्टी के कारण अच्छी पैदावार दर्ज करती है। यह फसल मुख्य भोजन और नकदी फसल दोनों के रूप में काम करती है और स्थानीय अर्थव्यवस्था में

महत्वपूर्ण योगदान देती है। इसके अतिरिक्त, राज्य राजमार्ग 80 (एस.एच. 80) के किनारे कई कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं की उपस्थिति है। ये सुविधाएँ आलू जैसे खराब होने वाले कृषि उत्पादों को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे साल भर उपलब्धता सुनिश्चित होती है।

अपनी विविध फसलों और आधुनिक भंडारण बुनियादी ढांचे के साथ, अलीगढ़ का बहुआयामी प्राथमिक क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के बड़े कृषि परिदृश्य में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

## 3.10 द्वितीयक क्रिया

द्वितीयक क्रिया के क्षेत्र में मुख्य रूप से विनिर्माण और औद्योगिक गतिविधियाँ सम्मिलित हैं, और अलीगढ़ अपने विशिष्ट ताला और हार्डवेयर उद्योग के लिए जाना जाता है। शहर ने उच्च गुणवत्ता वाले ताले और धातु निर्मित वस्तुओं के उत्पादन के लिए वैश्विक प्रतिष्ठा अर्जित की है, जिनकी न केवल घरेलू बाजार में खपत होती है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी निर्यात किया जाता है, जो विदेशी मुद्रा आय में योगदान देता है।

ताले और हार्डवेयर के अतिरिक्त, अलीगढ़ के द्वितीयक क्षेत्र में धातु निर्मित वस्तुएँ, विशेष रूप से पीतल के बर्तन, सजावटी सामान और अन्य कलाकृतियों का निर्माण सम्मिलित है, जिनकी पूरे भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में माँग है। यह उद्योग रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं और जिले के लिए पर्याप्त राजस्व उत्पन्न करते हैं।

आई.टी.आई. रोड पर औद्योगिक एस्टेट, और तालानगरी फेज–1 और फेज–2 के साथ–साथ सी.डी.एफ. छेरत में इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स महत्वपूर्ण औद्योगिक स्थान हैं। अलीगढ़ में कुटीर आधारित विनिर्माण इकाइयाँ इसकी द्वितीयक गतिविधियों को और बढ़ाती हैं।

यह उद्योग स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर प्रदान करने और शहर की औद्योगिक शक्ति को राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर प्रदर्शित करने में महत्वपूर्ण हैं।

*तालिका–8*

**अलीगढ की औद्योगिक इकाईओं का विवरण**

| S. N. | Industry | Total Units | Micro | Small | Medium | Total Employment | Investment (INR in Cr.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ODOP Product** | | | | | | | |
| 1 | Locks & Hardware | 10035 | 8600 | 1350 | 50 | 197000 | 667.88 |
| **Other Industries** | | | | | | | |
| 2 | Food Processing | 1550 | 1550 | Nil | Nil | 7600 | 166.80 |
| 3 | Metal, Fabricated Metal Products | 1459 | 1459 | Nil | Nil | 4208 | 133.34 |
| 4 | Beverage | 52 | 52 | Nil | Nil | 1800 | 150.00 |
| 5 | Meat Processing | 15 | Nil | 15 | Nil | 1500 | 225.00 |
| 6 | Electrical Machinery Parts | 186 | 186 | Nil | Nil | 679 | 22.27 |
| 7 | Rubber Products | 150 | 150 | Nil | Nil | 677 | 35.26 |
| 8 | Cotton Textile | 135 | 135 | Nil | Nil | 658 | 9.79 |
| 9 | Machinery & Equipment NEC | 106 | 106 | Nil | Nil | 547 | 56.69 |
| 10 | Wood Products | 147 | 147 | Nil | Nil | 478 | 9.08 |

**स्रोतः** जिला उद्योग निगम

*चित्र–5*

**सी.डी.एफ. छेरत औद्योगिक परिसर**




स्रोतः http://gis.onlineupsidc.com

*चित्र–6*

**तालानगरी फेज 1**




स्रोतः http://gis.onlineupsidc.com

*चित्र–7*

**तालानगरी फेज 2**




स्रोतः http://gis.onlineupsidc.com

## 3.11 तृतीयक क्रिया

अलीगढ़ का तृतीयक क्षेत्र, इसकी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है एवं विविध सेवाओं को समाहित करता है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और राजा महेंद्रप्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय सहित प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान ज्ञान विकास में योगदान करते हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का मेडिकल कॉलेज, मलखान सिंह जिला अस्पताल, एवं दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय जिले में चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करते हैं। पारंपरिक बाजारों से लेकर आधुनिक शॉपिंग सेंटरों तक खुदरा व्यवसाय, स्थानीय जरूरतों को पूरा करते हैं और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। स्थापित वित्तीय सेवाएँ वित्तीय स्थिरता और विकास का समर्थन करती हैं। कुल मिलाकर, तृतीयक क्षेत्र निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है, आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है, और आवश्यक सेवाएँ, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है, जिससे यह अलीगढ़ के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण अंग बन जाता है।

## 3.12 भौतिक अवसंरचना

### 3.12.1 जलापूर्ति

अलीगढ़ विकास क्षेत्र में जलापूर्ति की कार्य योजना, निर्माण एवं क्रियान्वयन (पाइप लाईन डालना, आदि ) उ.प्र. जल निगम द्वारा किया जाता है। कार्यालय जल कल विभाग, नगर निगम, अलीगढ़ से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में 140 नलकूपों के माध्यम से 100.80 एम.एल.डी. पेय जल की आपूर्त्ति की जा रही है। नगर में 23 अवर जलाशय (क्षमता 25,000 कि.ली.) तथा 10 भूमिगत जलाशय (क्षमता 7580 कि.ली.) के द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। नगर में कुल स्थापित हैण्ड पम्पों की संख्या 4580 है। वर्तमान में 30.6 प्रतिशत परिवार को ही पाईप लाईन से जलापूर्ति की जा रही है, जो प्रातः एवं सांय के मध्य केवल 06 घण्टे की जाती है।

*तालिका–9*

## नगर निगम, अलीगढ़ से प्राप्त पेयजल व्यवस्था का विवरण

| जन संख्या | प्रतिदिन पेय आपूर्ति | नलकूपों की संख्या/ चालू | अवर जलाशय (संख्या/क्षमता) | भूमिगत जलाशय (संख्या/क्षमता) | हैण्ड पम्प की संख्या | राईजिंग मैन (लम्बाई) | वितरण पाईप लाईन लम्बाई | जल संयोजन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 874408 | 100.80 एम.एल.डी. | 140/140 कि.ली. | 23/25000 कि.ली. | 10/7580 नग | 4580 | 75 किमी. | 965 किमी. | 81104 |

**स्रोतः** नगर निगम अलीगढ़

### 3.12.2 जल निकासी

**सीवरेज**– जलकल विभाग, नगर निगम, अलीगढ़ के अनुसार, शहर में 60 किमी. का सीवर नेटवर्क है, जो 4661 घरों के साथ 10 प्रतिशत जनसंख्या को आच्छादित करता है। उत्तर प्रदेश जल निगम, अलीगढ़ से प्राप्त सूचनाओं/आँकड़ों के अनुसार नगर में लगभग 135 एम.एल.डी. सीवरेज जेनरेट होता है। अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लि. से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार नगर निगम सीमान्तर्गत अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 09 एम.एल.डी. क्षमता का सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट क्रियाशील है, जिसका कुल क्षेत्रफल 9287.00 वर्ग.मी. है। अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लि. द्वारा 40 एम.एल.डी. क्षमता का सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट प्रस्तावित है व अलीगढ़ महायोजना–2021 में इगलास रोड पर सीवेज फार्म प्रस्तावित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2.472 हैक्टेयर है।

शहर में जल निकासी प्रणाली का अभाव है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या बार–बार होती है।

### 3.12.3 ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन

नगर निगम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अलीगढ़ नगर में प्रतिदिन 429 मीट्रिक टन कचरा एकत्र किया जाता है। शहर में उत्पन्न कुल कचरा 593.06 MT/दिन है। नगर निगम के स्लेज फार्म की लगभग 25 एकड़ भूमि पर ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के मैनेजमेन्ट हेतु ए.टू.जेड. कम्पनी द्वारा एक प्लान्ट लगाया गया है जो क्रियाशील है। इसके अतिरिक्त सारसौल स्थित नगर निगम की 0.365 हैक्टेयर भूमि पर कूड़ा प्रबन्धन हेतु ट्रॉन्सफर स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### 3.12.4 बिजली

उ.प्र. पावर कॉरपोरेशन अलीगढ़ से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार वर्तमान में शहर में 36.3 एम.यू./माह की खपत के सापेक्ष 40–42 एम.यू./माह की पर्याप्त विद्युत आपूर्ति है। नगर में विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति हेतु 30 विद्युत सबस्टेशन स्थापित हैं, जिनकी कुल क्षमता–450 एम.वी.ए. है, जिनकी सूची निम्नवत् है :–

*तालिका–10*

## विद्युत स्टेशनों का विवरण

| क्र.सं. | विद्युत वितरण खण्ड अलीगढ़ | 33/11 के.वी. उपकेन्द्र का नाम |
|---|---|---|
| 1–8 | प्रथम | 1. गाँधी पार्क 2. बारहद्वारी 3. भुजपुरा 4. सासनी गेट 5. हाथरस अड्डा 6. मथुरा रोड 7. मलखान सिंह 8. वाला–ए–किला |
| 9–16 | द्वितीय | 9. रामघाट रोड 10. विक्रम कालोनी 11. स्वर्ण जयन्ती नगर 12. सुदामापुरी 13. रावणटीला 14. धनीपुर 15. ओजोन सिटी 16. दीनदयाल |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | तृतीय | शान्ति निकेतन |
| 18. | | डी सेन्टर |
| 19. | | खैरेश्वर |
| 20. | | गूलर रोड |
| 21. | | आलमपुर |
| 22. | | लालताल |
| 23. | | इण्डस्ट्रियल स्टेट |
| 24. | | बरौला |
| 25. | चतुर्थ | घण्टा घर |
| 26. | | लालडिग्गी |
| 27. | | मेडिकल रोड |
| 28. | | ए.एम.यू. |
| 29. | | जमालपुर |
| 30. | | किला रोड |
| | कुल क्षमता | 450 एम.वी.ए. |

**स्रोतः** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अलीगढ

### 3.12.5 डाक एवं संचार

150 से अधिक वर्षों से, डाक विभाग देश की रीढ़ है और इसने संचार और देश में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सामाजिक आर्थिक विकास के लिए यह कई मायनों में भारतीय नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता है। मेल डिलीवर करना, लघु बचत योजनाओं के तहत जमा स्वीकार करना, डाक जीवन बीमा (PLI) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (RPLI) के तहत जीवन बीमा कवर प्रदान करना और बिल जैसी रिटेल सेवाएँ प्रदान करना संग्रह, प्रपत्रों की बिक्री, आदि जैसी कई सेवाएँ डाक विभाग द्वारा प्रदान की जाती हैं। डाक विभाग भी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (MGNREGS) वेतन वितरण और वृद्धावस्था पेंशन भुगतान जैसे नागरिकों के लिए अन्य सेवाओं के निर्वहन में भारत सरकार के लिए एक एजेंट के रूप में कार्य करता है । 1,55,531 पोस्ट कार्यालयों के साथ, डाक विभाग दुनिया में सबसे व्यापक रूप से वितरित डाक नेटवर्क है।

## 3.13 सामाजिक आधारभूत संरचना

### 3.13.1 शिक्षण सुविधाएँ

अलीगढ़ शहर को एक महत्वपूर्ण शिक्षा केंद्र के तौर पर जाना जाता है। अलीगढ़ नगर में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अतिरिक्त श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, टीकाराम महाविद्यालय एवं धर्म समाज कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थायें विद्यमान हैं। उ.प्र. सरकार द्वारा अलीगढ़ के शिक्षा क्षेत्र को विस्तारित करते हुये राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, खैर रोड पर स्थापित किया गया है। वर्तमान में अलीगढ़ शहर में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के पर्याप्त संस्थान उपलब्ध हैं। वर्ष 2031 के लिए शहर को पूर्व–प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालयों के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। वर्तमान में शहर में शारीरिक रूप से विकलांग और मानसिक रूप से विकलांग छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई समर्पित संस्थान नहीं है।

### 3.13.2 स्वास्थ्य सुविधाएँ

एक स्वस्थ व्यक्ति किसी नगर के समग्र विकास और विकास में अधिकतम योगदान देता है। एक विकसित स्वास्थ्य अवसंरचना भी वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए एक नगर को मजबूत और स्वस्थ जनशक्ति की आश्वासन देती है। जिले में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:—

*तालिका—11*

**स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का विवरण**

| S.N. | Health Facility | Number Available | Govt. Building | Rented Building |
|---|---|---|---|---|
| 1 | District Hospital | 3 | 3 | 0 |
| 2 | First Referral Units (FRUs) | 4 | 4 | 0 |
| 3 | CHC | 9 | 9 | 0 |
| 4 | PHC | 35 | 35 | 0 |
| 5 | Sub Centre | 333 | 244 | 89 |
| 6 | Adolescent Friendly Health Clinic | 2 | 2 | 0 |
| 7 | Medical College | 1 | 1 | 0 |
| 8 | District Early Intervention Centre | 1 | 1 | 0 |
| 9 | Delivery Points | 146 | 146 | 0 |

| S.N. | Transport Facility | Number Available | Number Functional |
|---|---|---|---|
| 1 | 108 Ambulance | 22 | 22 |
| 2 | 102 Ambulance | 43 | 43 |
| 3 | Referral Transport ALS | 2 | 2 |
| 4 | Mobile Medical Units | 0 | 0 |

**स्रोतः** सी.एम.ओ. ऑफिस, अलीगढ

### 3.13.3 मनोरंजनात्मक सुविधाएँ

जी.टी. रोड पर नुमाइश मैदान में हर साल आयोजित होने वाली ''अलीगढ़ प्रदर्शनी'' स्थानीय आबादी के लिए मनोरंजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के आकर्षण सम्मिलित हैं, जिनमें झूले, सर्कस प्रदर्शन, कला प्रदर्शनी, कवि सम्मलेन, गायन एवं नाट्य प्रतियोगिता प्रमुख हैं, जो सभी उम्र के लोगों के लिए आनंद प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, शहर में विभिन्न मॉल एवं शॉपिंग बाजार की उपस्थिति, जो विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को आकर्षित करती है, अतिरिक्त मनोरंजन विकल्प प्रदान करती है। हालाँकि, इन आवधिक कार्यक्रमों और शॉपिंग सेंटरों के अलावा, अलीगढ़ में मनोरंजन के अन्य प्रमुख स्रोतों की कमी है, जो भविष्य में निवासियों के लिए विविध मनोरंजन विकल्पों के विकास के संभावनाओं को उजागर करता है।

### 3.13.4 धार्मिक महत्व के स्थल

अलीगढ़ प्रमुख धार्मिक स्थानों की एक समृद्ध परंपरा को दर्शाता है। खेरेश्वर चौराहे के पास स्थित खेरेश्वर धाम

और शहर के केंद्र में जामा मस्जिद प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। एन.एच. 509 पर स्थित मंगलायतन जैन मंदिर एक प्रमुख जैन तीर्थ स्थल के रूप में प्रसिद्धि रखता है। इसके अतिरिक्त, अचल ताल पर अचलेश्वर महादेव मंदिर और जी.टी. रोड पर वार्ष्णेय मंदिर स्थित हैं, जो शहर की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को दर्शाते हैं। ये प्रतिष्ठित पूजा स्थल अलीगढ़ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ताने–बाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 3.13.5 सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुविधाएँ

अलीगढ़ नगर में रामलीला मैदान में रामायण का मंचन और प्रदर्शनी मैदान में भव्य रावण दहन ऐसी परम्पराएँ हैं जो समुदाय को एक साथ लाती हैं। भगवान राम की महाकाव्य गाथा और बुराई पर अच्छाई की जीत का एक ज्वलंत चित्रण पेश करती हैं। इसके अतिरिक्त, अलीगढ़ में विभिन्न धार्मिक अवसरों पर मेलों का आयोजन किया जाता है, जिससे इसके निवासियों के बीच सांप्रदायिक उत्सव और भक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है।

कांवड़ यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसके दौरान भक्त गंगा नदी से पवित्र जल इकट्ठा करने के लिए तीर्थयात्रा पर निकलते हैं। शहर उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए मार्गों पर विशेष व्यवस्था करता है। अलीगढ़ में समय–समय पर आयोजित होने वाले कवि सम्मेलनों, संगीत और नाट्य प्रदर्शनों और अन्य कलात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक संवर्धन को और अधिक प्रोत्साहित किया जाता है। ये सभाएँ शहर के जीवंत सांस्कृतिक परिदृश्य को प्रदर्शित करती हैं और निवासियों को विविध प्रकार के मनोरंजन के अवसर प्रदान करती हैं।

### 3.13.6 अग्निशमन

मुख्य शमन अधिकारी, अलीगढ़ द्वारा प्राप्त आँकडों के अनुसार वर्तमान में अलीगढ़ नगरीय क्षेत्रों में अग्निशमन केन्द्रों का विवरण निम्नवत् है :–

*तालिका–12*

**अग्निशमन केन्द्रों का विवरण**

| क्र.सं. | अग्निशमन केन्द्र का नाम | क्षेत्रफल (वर्ग मी0) | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | फायर स्टेशन बन्ना देवी, अलीगढ़ | 4620.00 | 16 |
| 2. | फायर स्टेशन, ताला नगरी, अलीगढ़ | 6880.00 | 11 |
| 3. | फायर स्टेशन, गभाना | 9992.00 | 08 |
| 4. | फायर स्टेशन, खैर | 6210.00 | 07 |

**स्रोतः** मुख्य शमन अधिकारी, अलीगढ़

### 3.13.7 अन्य (पार्क और खेल के मैदान)

मनुष्य के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के विकास के लिये खुले स्थलों, पार्कों एवं क्रीड़ा क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न मनोरंजन सुविधाओं की आवश्यकता होती है। पार्क एवं खुले स्थल नगर के पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के साथ–साथ नगर निवासियों को खुले वातावरण भी उपलब्ध कराते हैं।

वर्तमान में नगर में नकवी पार्क, शिवाजी पार्क, गाँधी पार्क, एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय स्थित सर सैय्यद पार्क प्रमुख हैं। नगर में अहिल्या बाई होल्कर स्टेडियम खेल का प्रमुख मैदान है जहाँ खेलकूद की विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

## चित्र–8
## नकवी पार्क





अध्याय–4

# पर्यटन प्रोफाइल

## 4.1 अलीगढ़ में पर्यटन

अलीगढ़ में पर्यटन धीरे–धीरे अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आकर्षणों के लिए पहचान बना रहा है। अलीगढ़ किला, एक हलचल भरा पर्यटन स्थल नहीं है, लेकिन यह अलीगढ़ के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है। मौलाना आजाद लाइब्रेरी, जो मुख्य रूप से एक शैक्षणिक संस्थान है, अपने विशाल संग्रह में रुचि रखने वाले कुछ विद्वान आगंतुकों को आकर्षित करती है।

अलीगढ़ की धार्मिक विविधता विभिन्न मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों में स्पष्ट है, जहाँ पर्यटकों की तुलना में स्थानीय निवासी अधिक आते हैं। शेखा झील, स्थानीय निवासियों के लिए एक शांत आश्रय प्रदान करती है, लेकिन यह एक प्रमुख पर्यटन स्थल नहीं है। संक्षिप्त में, अलीगढ़ में कुछ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल हैं, यह एक आकर्षक पर्यटन केंद्र नहीं है और यहाँ नगर के बाहर से पर्यटन के लिए अधिक लोग नहीं आते हैं।

## 4.2 पर्यटन गतिविधियाँ

अलीगढ़ में पर्यटन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से कई प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है जो आगंतुकों को विविध अनुभव प्रदान करती हैं।

**धार्मिक पर्यटन**– अलीगढ़ एक समृद्ध धार्मिक परिदृश्य को समाहित किये हुए है, जिसमें खेरेश्वर धाम मंदिर, जामा मस्जिद, मंगलायतन जैन मंदिर, श्री वार्ष्णेय मंदिर प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। ये स्थान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं।

**शैक्षिक अन्वेषण**– अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, मंगलायतन विश्वविद्यालय और मौलाना आजाद लाइब्रेरी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की उपस्थिति अकादमिक और ऐतिहासिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले विद्वानों, छात्रों और इतिहास के प्रति उत्साही लोगों को आकर्षित करती है।

**मेले और त्यौहार**– जी. टी. रोड पर लगने वाली अलीगढ़ प्रदर्शनी एवं रामलीला ग्राउण्ड में होने वाला रामायण का मचंन जैसे कार्यक्रम स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और सामुदायिक समारोहों का अनुभव करने का अवसर प्रदान करते हैं।

**पर्यटन स्थल**– अलीगढ़ की शेखा झील नगर का एक महत्वपूर्ण पर्यावरण पर्यटन स्थल है जो पर्यटकों को एक शांतिपूर्ण पर्यावरण का आनंद लेने का अवसर प्रदान करता है। शेखा झील सर्द ऋतु में विदेशी पक्षियों के प्रवासन के लिए भी प्रसिद्ध है। यह स्थान पक्षी विहार के रूप में भी देश में अपनी पहचान रखता है।

धार्मिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक पहलुओं को सम्मिलित करते हुए, अलीगढ़ का पर्यटन क्षेत्र यात्रियों के लिए विविध प्रकार के अनुभव प्रदान करता है और जिले की समृद्ध विरासत को दर्शाता है।

## 4.3 अलीगढ़ में पर्यटन प्रवाह

वर्ष 2022 में अलीगढ़ के उ0 प्र0 पर्यटन विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि यहाँ 22 लाख से अधिक स्थानीय पर्यटक और 190 विदेशी पर्यटकों का आवागमन हुआ है। इस पैटर्न का कारण शहर में पर्यटन स्थलों के अभाव को ठहराया जा सकता है। मुख्य रूप से अलीगढ़ में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का अभाव है।

आंकड़े यह भी रेखांकित करते हैं कि अधिकांश पर्यटक काम या परिवार से सम्बंधित कारणों से आते हैं। शहर के बाहर रहने वाले लोगों के लिए अलीगढ़ को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, पर्यटन अनुभवों में विविधता

लाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक योजना और निवेश की आवश्यकता है। शहर के सांस्कृतिक या ऐतिहासिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जो पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं।

## 4.4 अलीगढ़ की फ्लोटिंग आबादी का प्रक्षेपण

उ0प्र0 पर्यटन विभाग के 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि अलीगढ़ में 22 लाख पर्यटक आए। यह आवागमन पूरे वर्ष के सभी माह में एक समान रहता है। पर्यटकों का निरंतर आवागमन शहर के बुनियादी ढांचे के लिए हानिकारक नहीं है। इन आगंतुकों को ठहराने के लिए अलीगढ़ में पर्याप्त संख्या में होटल, रेस्तरां और परिवहन सेवाएं हैं। शहर में अस्थायी आबादी के प्रबंधन से सम्बंधित कोई विशेष आवश्यकताएँ या समस्याएँ नहीं हैं।

पर्यटकों के आवागमन का यह संतुलित वितरण और उनकी जरूरतों को पूरा करने की शहर की क्षमता एक अच्छे पर्यटन वातावरण को दर्शाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि अलीगढ़ अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के विकास या योजना की आवश्यकता के बिना आगंतुकों की मौजूदा आवागमन को संभालने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इस संतुलन को बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी और योजना की आवश्यकता होगी क्योंकि शहर में पर्यटन क्षेत्र का विकास निरंतर हो रहा है।

## 4.5 पर्यटन नीति

बाहरी क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए शहर में पर्यटन स्थलों का अभाव है जिस कारण शहर के लिए कोई पर्यटन विकास रणनीति नहीं बनाई गई है। विकास की रणनीति शहरवासियों की जरूरतों को पूरा करने व स्थानीय आकर्षणों को बढ़ावा देने पर केन्द्रित रहता है, फलस्वरुप शहर की संरचना और इसका विकास प्रमुखतः एक औद्योगिक नगरी के रूप में हुआ है।

## 4.6 पर्यटन विभाग की प्रस्तावित/निर्माणाधीन परियोजनाएँ

वर्तमान में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा अलीगढ़ के लिए कोई परियोजना प्रस्तावित नहीं है।

# अध्याय–5 पर्यावरण रूपरेखा

## 5.1 जलीय संरचना

मानव जीवन के लिये जल अत्यन्त आवश्यक है। नगर में स्थित प्राकृतिक जलाशयों, तालाबों तथा अन्य जल स्रोतों को संरक्षित रखने के लिये इनके प्राकृतिक स्वरूप एवं आवश्यक पुनरोद्वार के साथ संरक्षित करने की आवश्यकता है। अलीगढ़ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत काली नदी, करवन नदी, सेंगर नदी स्थित हैं। महायोजना–2031 में उपरोक्त नदियों को संरक्षित करने के लिये रिवर बफर प्रस्तावित किया गया है। इसी प्रकार महायोजना–2031 में शेखा झील के संरक्षण हेतु झील के आस–पास का क्षेत्र ईको सेंसटिव जोन के रूप में अंकित किया गया है। साथ ही शेखा झील के किनारे ग्रीन बफर भी प्रस्तावित किया गया है। वर्तमान में शहर के सीवेज को बिना किसी उपचार के करवन नदी में छोड़ दिया जाता है। यह अनुशंसा की जाती है कि केवल उपचारित जल को ही नदी में छोड़ा जाए। इसके साथ ही शहर में नदी के प्रवेश बिंदुओं यानी अपस्ट्रीम की जाँच करने की जरूरत है क्योंकि यह दूसरे नगरों से प्रदूषित जल ला रही है जिसके लिये संरक्षण योजनायें तैयार किये जाने की आवश्यकता है।

## 5.2 शहर में प्रदूषण स्तर

नगर में उच्च स्तर पर वाहनों का संचालन, उद्योगों की बड़ी संख्या अलीगढ़ नगर की वायुगुणवत्ता एवं जल की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। फलस्वरुप अलीगढ़ नगर की वायु एवं जल गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। अलीगढ़ नगर में ध्वनि प्रदूषण का स्तर भी संतोषजनक नहीं हैं। नगर में सम्पूर्ण सीवर नेटवर्क की अनुपस्थिति और उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषित द्रव्य का शहर के नालों में सीधे निकास के कारण करवन नदी और काली नदी प्रदूषित होती हैं।

### 5.2.1 वायु प्रदूषण

अलीगढ़ नगर में वायु प्रदूषण के मुख्य कारक भारी वाहन यातायात एवं औद्योगिक उत्सर्जन हैं। शहर में एक वायु गुणवत्ता मॉनिटरिंग स्टेशन है, जो उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ज्ञान सरोवर कॉलोनी में स्थापित किया गया है। वायु प्रदूषण वायु में NO2, SO2, SPM (PM 2.5 और PM 10) की अनुमन्यता के सापेक्ष उपलब्ध मात्रा के आधार पर निर्धारित होता है। अलीगढ़ में वायु प्रदूषण का स्तर एवं अनुमन्यता का स्तर निम्नलिखित ग्राफ में प्रदर्शित किया गया हैः–

*चित्र–9*

**NO2, SO2, PM2.5, PM10 की औसत वार्षिक भिन्नता**




**स्रोतः** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त वार्षिक और मासिक आंकडों (परिशिष्ट में डेटा) के आधार पर और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले राष्ट्रीय वातावरणीय वायु गुणवत्ता मानक (राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक) के साथ तुलना करके, प्रमुख प्रदूषक PM 2.5, PM 10 हैं। हवा में मौजूद कण (PM 2.5 और PM 10) अनुमन्यता से बहुत अधिक हैं। PM2.5 सीमाओं से 0.5 गुना अधिक है और PM 10 अनुमन्यता से 1.5 से 2 गुना अधिक है। NO2 और SO2 की मात्रा अनुमति दी गई सीमाओं के भीतर है।

**शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता**

एक औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय शहर होने के कारण, अलीगढ़ के सभी क्षेत्रों में वायु की गुणवत्ता एक जैसी नहीं रहती है। कुछ क्षेत्रों, विशेष रूप से औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्रों में प्रदूषण दर अधिक होती है। शहर के 08 अलग–अलग स्थानों में विश्लेषण की गई वायु की गुणवत्ता नीचे दिखाई गई है।

***चित्र–10***

**वायु प्रदूषण निगरानी के स्थान**




**स्रोतः** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ न्यू टेक्नोलॉजीज इन साइंस एंड इंजीनियरिंग वॉल 2, इश्यू 2, 2015, आई.एस.एस.एन. 2349–0780

सभी सैंपलिंग स्थानों पर सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड की मात्रा राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक से नीचे पायी गयी। अधिकांश सैंपलिंग स्थानों पर SPM (Suspended Particulate Matter) 347$\mu g/m^3$ से 2173$\mu g/m^3$ तक के बीच रहता है, जो अधिकतम सीमा (100 $\mu g/m^3$- PM10) से बहुत अधिक पायी गयी। सासनी गेट, आगरा रोड एवं सारसौल चौराहे के पास यातायात जाम के कारण SPM की मात्रा बहुत अधिक होती है।

*ग्राफ–6*

## विभिन्न स्थानों पर $SO_2$, $NO_2$ का स्तर




**स्रोतः** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ न्यू टेक्नोलॉजीज इन साइंस एंड इंजीनियरिंग वॉल. 2, इश्यू 2, 2015, आई.एस.एस.एन. 2349–0780

*ग्राफ–7*

## विभिन्न स्थानों पर SPM सांद्रता




**स्रोतः** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ न्यू टेक्नोलॉजीज इन साइंस एंड इंजीनियरिंग वॉल. 2, इश्यू 2, 2015, आई.एस.एस.एन. 2349–0780

### 5.2.2 जल प्रदूषण

**सतही जल गुणवत्ता**

अलीगढ़ नगर की प्रमुख नदी काली नदी है। शहर में पूर्ण सीवरेज सिस्टम एवं औद्योगिक क्षेत्र में एफ्लुएंट उपचार संयंत्र नहीं हैं। औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाला इलेक्ट्रोप्लेटिंग युक्त पानी बिना किसी उपचार के सीधे शहर की नाली में मिलता है जो अंततः काली नदी को प्रदूषित करता है। नालियों में ठोस कचरा भी फेंका जाता है जिससे भी नदी में प्रदूषण बढ़ता है। अलीगढ़ नगर में जल गुणवत्ता की मॉनिटरिंग हेतु 02 सैंपलिंग स्टेशन स्थापित किये गये हैं। उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त वार्षिक और मासिक आंकडों से और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सतह जल गुणवत्ता मानकों और IS 2296:1992 के साथ तुलना करके, उनके अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों में निम्नलिखित तथ्य संज्ञान में आयेः–

B.O.D. का स्तर मानकों से बहुत अधिक है जो सीवेज जैसे विसर्जन की उपस्थिति को दर्शाता है। C.O.D. का स्तर भी मानकों से अधिक है, जो औद्योगिक विसर्जन की उपस्थिति को दर्शाता है।

**भू–जल गुणवत्ता**

नगर में भू–जल गुणवत्ता संतोषजनक है, जिसे क्लोरीनेशन उपरान्त पीने योग्य माना जा सकता है। उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अलीगढ़ से प्राप्त आंकडों के अनुसार भू–जल गुणवत्ता की जाँच विभिन्न स्थानों पर की गई है, जिसका विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है–

***तालिका–13***

**भूजल गुणवत्ता**

| S. No. | Location | pH | TDS (mg/l) | Hardness (mg/l) | Ca (mg/l) | Mg (mg/l) | Cl (mg/l) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Borewell (Pawna Industries) | 7.2 | 490 | 326 | 42 | 52 | 77 |
| 2 | Handpump (Bhankari Village, G.T Road) | 8.1 | 250 | 180 | 43 | 22 | 60 |
| Standard as per BIS 10500:2012 (Acceptable Limit) | | 6.5-8.5 | 500 | 200 | 75 | 30 | 250 |
| Standard as per BIS 10500:2012 (Permisible Limit) | | 6.5-8.5 | 2000 | 600 | 200 | 100 | 1000 |

**स्रोत**– उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अलीगढ़

### 5.2.3 औद्योगिक प्रदूषण

अलीगढ़ एक सघन जनसंख्या वाला शहर और विभिन्न उद्योगों का हब है। औद्योगिक कचरे के अव्यवस्थित नियंत्रण के कारण अत्यधिक प्रदूषण होता है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार अलीगढ़ में लाल और नारंगी श्रेणी के उद्योग बड़ी संख्या में हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त नगर के सघन निर्मित क्षेत्र में भी औद्योगिक गतिविधियाँ संचालित होने के कारण वायु अत्यधिक विषैली होती जा रही है। लंबे समय तक ऐसे वातावरण में रहने से लोगों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। औद्योगिक क्षेत्रों से उत्पन्न अपशिष्ट जल, विशेष रूप से इलेक्ट्रोप्लेटिंग अपशिष्ट, बिना किसी उपचार के सीधे शहर की नालियों में बहाया जाता है।

***ग्राफ–8***

**प्रदूषण के आधार पर उद्योगों की श्रेणियाँ**




**स्रोत**–यू.पी.पी.सी.बी, अलीगढ़

अलीगढ़ नगर के कुछ क्षेत्रों के व्यक्तिगत घरों में अनेक अवैध पशु वधशालायें संचालित हैं जिनमें मुख्य रूप से सराय रहमान, शाह जमाल, सराई सुल्तानी, जमालपुर, तांतांपारा, कुज़ि सराई, कुज़िपारा, ख्वाजा चौक, तुर्कमान गेट, बानी इस्लाम, खैदोरा, भुजपुरा आदि क्षेत्र सम्मिलित हैं। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (N.G.T.) ने उत्तर प्रदेश में सभी अवैध बूचड़खानों पर प्रतिबंध लगाया था और राज्य सरकार को यह निर्देश दिया था कि "मांस की सभी दुकानों को ठीक से विनियमित किया जाए"।

मा0 अभिकरण ने यह भी आदेशित किया था कि जो वधशालाएँ उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (S.E.I.A.A.) से अनुमति नहीं ले पाए हैं और स्थानीय अधिकारियों से अनुमति प्राप्त नहीं कर पाए हैं, उन्हें खुले में या दुकान में संचालन करने की अनुमति नहीं होगी, लेकिन अभी भी शहर में अस्वच्छ कसाईखाने मौजूद हैं।

### 5.2.4 वनावरण, पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र और संरक्षित क्षेत्र

अलीगढ़ जनपद में वनावरण अत्यंत कम है। पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्रों में जलाशय, झीलें, नमभूमि या अन्य परिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र सम्मिलित हैं। शेखा झील क्षेत्र एक जल भूमि/परिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र है। विकास क्षेत्र में विस्तृत रूप से फैले कई तालाब और जल संरचनाएँ हैं, जिन्हें अतिक्रमण से संरक्षित किया जाना चाहिये।

शेखा झील एक संरक्षित क्षेत्र है। यह क्षेत्र तीन तरफ से प्राकृतिक वनस्पति से घिरा हुआ है। इसमें कई सारे वनस्पति, मुक्त–फ्लोटिंग वनस्पति, जलीय जंतु यथा मत्स्य, सरीसृप आदि हैं। झील के आसपास कुछ जंगली जानवरों की उपस्थिति भी संज्ञान में आयी है।

## 5.3 आपदा प्रबंधन

आपदाएँ प्रगति में बाधा डालती हैं तथा बड़ी मेहनत और यत्नपूर्वक किए गए विकास सम्बंधी प्रयासों को नष्ट कर देती हैं और प्रगति की ओर अग्रसर हो रहे राष्ट्रों को कई दशक पीछे धकेल देती हैं। हाल के समय में भारत और विदेशों में आपदाओं के घटित होने पर कार्रवाई करने की बजाय उनके कुशल प्रबंधन की ओर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अनुसार देश के प्रत्येक राज्य के सभी जिलों के लिए अलग–अलग एक आपदा प्रबंधन योजना (डी.एम.पी.) तैयार की जानी प्रस्तावित है।

# अध्याय–6 वर्तमान भू-उपयोग एवं प्रभावी महायोजना का तुलनात्मक अध्ययन

## 6.1 वर्तमान भू–उपयोग

अलीगढ़ महायोजना–2021 को नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 13.09 लाख की अनुमानित आबादी के लिए तैयार किया गया था। महायोजना–2021 को जी.आई.एस. प्लेटफार्म में परिवर्तित करते समय, भूमि उपयोग क्षेत्रों में भिन्नता देखी गई है जिसे नीचे सारणीबद्ध किया गया है।

*तालिका–14*

**प्रस्तावित भूमि उपयोग–2021**

| अलीगढ़ महायोजना–2021 प्रस्तावित रिपोर्ट के अनुसार भू–उपयोग | | | | जी.आई.एस. के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | भूमि उपयोग प्रकार | प्रस्तावित भूमि उपयोग क्षेत्र (हैक्टेयर) | प्रतिशत (%) | प्रस्तावित भूमि उपयोग क्षेत्र (हैक्टेयर) | प्रतिशत (%) |
| **1** | **आवासीय** | | | | |
| 1.1 | वर्तमान निर्मित आवासीय (उच्च घनत्व) | 1138.48 | | 1037 | |
| 1.2 | आवासीय (मध्य घनत्व) | 1908.08 | | 1856 | |
| 1.3 | आवासीय (कम घनत्व) | 3081.74 | | 3182 | |
| | **कुल** | **6128.3** | **53.43** | **6075** | **53.78** |
| **2** | **व्यवसायिक** | | | | |
| 2.1 | जिला व्यापारिक केन्द्र | 202.28 | | 212 | |
| 2.2 | थोक व्यापारिक केन्द्र | 56.64 | | 45.1 | |
| | **कुल** | **258.92** | **2.26** | **257.1** | **2.28** |
| 3 | औद्योगिक | | | | |
| 3.1 | लघु उद्योग | 445.85 | | 401 | |
| 3.2 | भारी उद्योग | 612.61 | | 523 | |
| 3.3 | लघु उद्योग कम आवासीय | 19.24 | | 21 | |
| | **कुल** | **1077.7** | **9.40** | **945** | **8.37** |
| **4** | **कार्यालय** | 343.24 | 2.99 | 322 | 2.85 |
| **5** | **सामुदायिक सुविधाएँ** | | | | |
| 5.1 | सामुदायिक सुविधाएँ | 428.95 | | 412 | |
| 5.2 | विश्वविद्यालय | 514 | | 502 | |
| | **कुल** | **942.95** | **8.22** | **914** | **8.09** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **6** | **पार्क एवं खुले स्थल** | | | | |
| 6.1 | पार्क नियोजित खुले स्थान | 432.79 | | 423 | |
| 6.2 | हरित पट्टिका | 411.24 | | 404 | |
| 6.3 | प्रदर्शनी स्थल | 17.84 | | 19.1 | |
| 6.4 | बाग | 42.50 | | 32.5 | |
| 6.5 | क्षेत्रीय पार्क | 205.00 | | 217 | |
| | **कुल** | **1109.37** | **9.67** | **1095.6** | **9.70** |
| **7** | **यातायात एवं परिवहन** | | | | |
| 7.1 | परिवहन नगर | 38.4 | | 31.5 | |
| 7.2 | बस स्टैंड | 38.4 | | 43 | |
| 7.3 | वर्तमान सड़क | 391.94 | | 449 | |
| 7.4 | प्रस्तावित सड़क | 428.2 | | 435 | |
| 7.5 | रेलवे भूमि | 186.72 | | 196 | |
| | **कुल** | **1083.48** | **9.45** | **1154.5** | **10.22** |
| **8** | **जलाशय (नहर, तालाब, पोखर आदि)** | 152.85 | 1.33 | 149 | 1.32 |
| 9 | **सीवेज फार्म** | 373.76 | 3.26 | 383 | 3.39 |
| | **कुल** | **11470.57** | **100** | **11295.2** | **100** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 6.1.1 अलीगढ़ शहर का विद्यमान भूमि उपयोग

**मौजूदा विकास का विश्लेषण :**

अलीगढ़ महायोजना–2031, विकास क्षेत्र के 610 ग्रामों को सम्मिलित करते हुए बनाई गई है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1635.7 वर्ग किलोमीटर है। अमृत योजना के अन्तर्गत अलीगढ़ महायोजना–2031 हेतु नेशनल रिमोट सेंसिग सेन्टर से आधार मानचित्र प्राप्त किये जाने हेतु तत्समय के विकास प्रतिरूप को ध्यान में रखते हुये 747.35 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को चयनित किया गया। चयनित क्षेत्र का डाटा फर्म को नेशनल रिमोट सेंसिग सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराया गया है। उक्त क्षेत्र के अतिरिक्त प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में से 888.35 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल भी सम्मिलत है जो प्राथमिक रूप से कृषि भू–उपयोग के अन्तर्गत आता है। अभिकरण के अधिसूचित क्षेत्र को वर्तमान भू–उपयोग मानचित्र–9 में दर्शाया गया है। तैयार किये गये वर्तमान भू–उपयोग मानचित्र में एन.आर.एस.सी. से प्राप्त डाटा के इतर ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी क्षेत्र को मानचित्र पर दर्शित करते हुय शेष भाग को कृषि भू–उपयोग के रूप में दर्शाया गया है। वर्तमान भू–उपयोग मानचित्र के अनुसार विवरण निम्नवत् हैः–

*तालिका–15*

**मौजूदा विकास का विश्लेषण**

| क्र.सं. | भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय | 5582.59 | 7.47 % |
| 2 | व्यवसायिक | 580.47 | 0.78 % |
| 3 | औद्योगिक | 710.70 | 0.95 % |
| 4 | सार्वजनिक, अर्ध–सार्वजनिक | 1531.18 | 2.05 % |
| 5 | कार्यालय | 278.18 | 0.37 % |
| 6 | मनोरंजन | 128.21 | 0.17 % |
| 7 | रिक्त भूमि | 6348.51 | 8.49 % |
| 8 | यातायात परिवहन | 1778.86 | 2.38 % |
| 9 | पार्क एवं खुले स्थल | 497.12 | 0.67 % |
| 10 | जल निकाय | 1164.49 | 1.56 % |
| 11 | अन्य | 489.22 | 0.65 % |
| 12 | ए.ओ.आई. के अन्तर्गत आने वाला कृषि क्षेत्र | 55644.87 | 74.46 % |
| | **योग** | **74734.39** | **100 %** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

**आवासीय**

अलीगढ़ नगर का सर्वाधिक आवासीय विकास रामघाट रोड पर व जाफरी ड्रेन के किनारे हुआ है। यहाँ सांगवान सिटी, ओजोन सिटी, विनय नगर, गोकुलेशपुरम, आदि; आगरा रोड पर विकास नगर कॉलोनी, आवास विकास, समृद्धि टाउनशिप, आदि; दिल्ली रोड पर वृज विहार, स्मृति टाउनशिप व ग्रुप हाउसिंग विकसित किये जा रहे हैं, इसी प्रकार खैर रोड, कानपुर रोड, अनूपशहर रोड, पर भी इकरा कॉलोनी, सर सैय्यद कॉलोनी, वैष्णों धाम कॉलोनी, सतनाम नगर, खेरेश्वर विहार, दुर्गा विहार, आर.के. पुरम, पैराडाइज, प्रोफेसर कॉलोनी, आदि कई आवासीय कॉलोनियाँ विकसित हुई हैं। इस प्रकार आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत अलीगढ़ विकास क्षेत्र में लगभग 5582.59 हैक्टेयर भूमि जो कि वर्ष 2019–20 में कुल विकसित नगरीयकृत विद्यमान है।

**व्यवसायिक**

अलीगढ़ नगर में मुख्य व्यवसायिक गतिविधियाँ पुराने शहर में स्थापित हैं, शहर के इस भाग में मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र बड़ा बाजार, पत्थर बाजार, रसलगंज, रेलवे रोड, महावीरगंज, बारहद्वारी, मामू–भान्जा, ऊपरकोट, देहलीगेट, मानिक चौक, सर्राफा बाजार, फूल चौराहा, आदि पुराना बस अड्डे वाली सड़क पर स्थिति हैं। वर्तमान में नगर की समस्त प्रमुख सड़कों पर व्यवसायिक गतिविधियाँ चल रही हैं। सड़कों के सहारे पट्टीनुमा व्यवसायिक गतिविधियों के कारण शहर में जाम की समस्या आम बात है। शहर में पार्किंग स्थलों का अभाव है, व्यवसायिक अधिष्ठानों द्वारा सैटबैक नहीं छोड़े जाते हैं, जो कि इस समस्या को और जटिल बनाते हैं। नगर में वाणिज्य क्षेत्र दिल्ली रोड पर सारसौल फल मण्डी, कानपुर रोड पर धनीपुर मण्डी प्रमुख हैं। धनीपुर मण्डी में 735 दुकानें विद्यमान हैं, जिससे सम्पूर्ण शहर को फल, अनाज व सब्जी

मानचित्र–10

महायोजना–2021 में विचलन




स्रोत– ए.आई.आई.एल.एस.जी

का वितरण किया जाता है। धनीपुर मण्डी का क्षेत्रफल लगभग 46.96 हेक्टेयर है, तथा दिल्ली रोड पर विद्यमान फल मण्डी का क्षेत्रफल लगभग 19.5 हेक्टेयर है। वर्तमान भू–उपयोग विश्लेषण 2019–20 से विदित होता है कि अलीगढ़ विकास क्षेत्र में 580.47 हैक्टेयर भूमि व्यवसायिक गतिविधियों के अधीन है।

**कार्यालय**

अलीगढ़ में विभिन्न कार्यालय विद्यमान हैं, जिसमें कलेक्ट्रेट, सिविल कोर्ट, कमिश्नरी, नगर निगम, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, जल निगम, दूर संचार निगम, परिवहन विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, तहसीलें आदि प्रमुख हैं। शासन की नीतियों के क्रियान्वयन के लिये प्रशासनिक व्यवस्था एक प्रमुख अंग है। अलीगढ़ जनपद मुख्यालय होने के कारण प्रमुख प्रशासनिक केन्द्र है, जहाँ पर जनपद के सभी राजकीय कार्यालय, अर्द्ध–राजकीय कार्यालय व स्थानीय निकाय के कार्यालय स्थित हैं। वर्तमान भू–उपयोग विश्लेषण 2019–20 से विदित होता है कि अलीगढ़ विकास क्षेत्र में कार्यालय भू–उपयोग के अन्तर्गत 278.18 हैक्टेयर भूमि विद्यमान है।

**औद्योगिक**

अलीगढ़ नगर तालानगरी के नाम से जाना जाता है, यह एक औद्योगिक शहर है। दिल्ली के समीप कई शहर टी.टी.जेड. क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं, जिस कारण वहाँ औद्योगिक इकाईयाँ प्रतिबंधित हैं, अतः अलीगढ़ उद्योगपतियों के लिए एक उचित विकल्प के रूप में उभरा है। कासिमपुर पावर हाउस, जे.के. सीमेन्ट, वंडर सीमेन्ट, अल्ट्राटेक, मंगलम सीमेन्ट लि., एम.आई. इण्डस्ट्रीज, पावना इण्डस्ट्रीज, अल–हलाल इन्टरनेशनल प्रा.लि., अल–हसन एग्रोफूड प्रा.लि., भोलेबाबा मिल्क फूड, इण्डस्ट्रीज लि., अल–अमार फ्रोजन फूडस एक्सपोर्ट्स प्रा.लि., आदि यहाँ के प्रमुख उद्योग हैं। अलीगढ़ मीट व्यापार का बड़ा निर्यातक है। वर्तमान भू–उपयोग विश्लेषण 2019–20 से विदित होता है कि अलीगढ़ विकास क्षेत्र में 710.7 हैक्टेयर भूमि औद्योगिक गतिविधियों के अन्तर्गत विद्यमान है।

**सार्वजनिक/अर्ध–सार्वजनिक**

सार्वजनिक/अर्ध–सार्वजनिक उपयोगिताओं एवं सेवाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस स्टेशन, फायर स्टेशन, डाक एवं तारघर, विद्युत, जलापूर्ति, आदि आते हैं। शिक्षण संस्थाओं के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वद्यिालय, लेडी फातिमा, मंगलायतन विश्वविद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल, वार्ष्णेय महाविद्यालय, धर्म समाज महाविद्यालय, संत फिदेलिस स्कूल, प्रमुख हैं। शहर में पं. दीनदयाल अस्पताल, मलखान सिंह अस्पताल, जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज, तिब्बिया कॉलेज, आदि प्रमुख अस्पताल हैं। अलीगढ़ विकास क्षेत्र में 1531.18 हैक्टेयर भूमि सार्वजनिक, अर्ध–सार्वजनिक गतिविधियों के अन्तर्गत विद्यमान है।

**यातायात परिवहन**

शहर में गाँधी पार्क बस अड्डा, मसूदाबाद बस अड्डा, अलीगढ़–सारसौल बस अड्डा, छर्रा अड्डा, अलीगढ़ जंक्शन, धनीपुर एयरपोर्ट प्रमुख हैं। अलीगढ़ विकास क्षेत्र में 1778.86 हैक्टेयर भूमि यातायात परिवहन गतिविधियों के अन्तर्गत विद्यमान है।

**पार्क एवं खुले स्थल**

शहर में नकवी पार्क, गाँधी पार्क, मैरिस गार्डन, शिवाजी पार्क, अम्बेडकर पार्क, आदि प्रमुख पार्क हैं। महायोजना–2021 में प्रस्तावित पार्क, पार्क एवं खुले स्थल, क्षेत्रीय पार्क आदि का विकास न हो पाने के कारण उक्त स्थलों पर अनाधिकृत विकास हुआ है। शहर में पार्क एवं खुले स्थल के रूप में कुल 497.12 हैक्टेयर भूमि विद्यमान है।

## 6.2 महायोजना–2021 से विचलन की स्थिति

*तालिका–16*

## अलीगढ़ महायोजना–2021 में प्रस्तावित भू–उपयोग के विरुद्ध व अनुरूप विकास

| क्र.सं. | भू–उपयोग | प्रस्तावित भू–उपयोग 2021 (है0) | | विरुद्ध विकास (है0) | | | | कुल विरुद्ध विकास | | महायोजना 2021 के अनुरूप विकास | | कुल विकसित क्षेत्र 2021 | | खाली रिक्त भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्षेत्रफल | प्रतिशत | आवा. | व्यव. | औद्यो. | सार्व. सु. | क्षेत्रफल | प्रतिशत | क्षेत्रफल | प्रतिशत | क्षेत्रफल | प्रतिशत | क्षेत्रफल | प्रतिशत |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1. | आवासीय | 6075 | 53.78 | – | 153.5 | 80.25 | 191.7 | 425.45 | 7.00 | 4299.55 | 70.77 | 4725 | 77.78 | 1350 | 22.22 |
| 2. | व्यवसायिक | 257.1 | 2.28 | 81.15 | – | 13.5 | 40.55 | 135.22 | 52.59 | 67.61 | 26.30 | 202.83 | 78.89 | 54.27 | 21.11 |
| 3. | औद्योगिक | 945 | 8.37 | 55.3 | 12.05 | – | 26.95 | 94.3 | 9.98 | 489.33 | 51.78 | 583.63 | 61.76 | 361.37 | 38.24 |
| 4. | कार्यालय | 322 | 2.85 | 44.2 | 6.02 | 2.12 | 28 | 80.34 | 24.95 | 187.6 | 58.26 | 267.94 | 83.21 | 54.06 | 16.79 |
| 5. | सार्व. सुविधाएँ (ए.एम.यू सहित) | 914 | 8.09 | 60.33 | 19.2 | 6.87 | – | 86.4 | 9.45 | 577.85 | 63.22 | 664.25 | 72.68 | 249.75 | 27.32 |
| 6. | पार्क व खेल के मैदान | 1095.6 | 9.70 | 170.05 | 40.5 | 6.45 | 35.5 | 252.5 | 23.05 | 593.06 | 54.13 | 845.56 | 77.18 | 250.04 | 22.82 |
| 7. | यातायात एवं परिवहन | 1154.5 | 10.22 | 24.6 | 20.82 | 2.3 | 5.65 | 53.37 | 4.62 | 758.3 | 65.68 | 811.67 | 70.30 | 342.83 | 29.70 |
| 8. | जलनिकाय | 149 | 1.32 | 8.64 | 1.04 | 1.63 | 3.25 | 14.56 | 9.77 | 33.5 | 22.48 | 48.06 | 32.26 | 100.94 | 67.74 |
| 9. | सीवेजफार्म3 | 83 | 3.39 | 5.1 | 0.01 | 0.41 | 0.29 | 5.9 | 1.54 | 143.48 | 37.46 | 149.38 | 39.00 | 233.62 | 61.00 |
| | **कुल** | **11295.20** | **100** | **449.37** | **253.23** | **113.53** | **331.89** | **1148** | **10.16** | **7150.3** | **63.30** | **8298.3** | **73.47** | **2996.9** | **26.53** |

**स्रोत**–ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 6.2.1 वर्तमान भू–उपयोग

अलीगढ़ महायोजना–2021 वर्ष 2021 तक के लिए अनुमानित जनसंख्या 13.09 लाख हेतु विभिन्न भू–उपयोगों के अन्तर्गत कुल 11295.2 हैक्टेयर भूमि (जी.आई.एस. में परिवर्तन उपरान्त) प्रस्तावित की गयी थी। महायोजना–2021 में विभिन्न भू–उपयोग हेतु प्रस्तावित की गयी भूमि के सापेक्ष कुल 8298.3 हैक्टेयर भूमि वास्तव में विकसित हुई है, जिसमें 1148 हैक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित भू–उपयोगों के विपरीत तथा शेष 7150.3 हैक्टेयर भूमि महायोजना 2021 के प्रस्तावित भू–उपयोगों के अनुसार विकास हुआ है। शेष 2996.9 हैक्टेयर का क्षेत्र रिक्त अथवा अविकसित है। तालिका–16 में महायोजना–2021 के भू–उपयोग प्रस्तावों से विचलन और विकास दर्शाया गया है। विचलन/विकास के भू–उपयोगवार विस्तृत विवरण निम्नवत हैं–

**आवासीय**

तालिका–16 से स्पष्ट होता है कि महायोजना–2021 में आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत कुल 6075 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गयी थी, जिसके सापेक्ष कुल 4299.55 हैक्टेयर भूमि पर भू–उपयोग के अनुरुप विकास हुआ है। अलीगढ़ में ओजोन सिटी, सांगवान सिटी, समृद्धि टाउनशिप, संस्कार सिटी, स्मृति सिटी, आदि प्रमुख आवासीय कॉलोनियाँ हैं जोकि भवन उपविधि के मानकों के अनुरूप विकसित हो रही हैं एवं 425.45 हैक्टेयर भूमि पर भू–उपयोग के विपरीत विकास हुआ है। इस प्रकार कुल 4725.00 हैक्टेयर भूमि पर विकास हुआ है।

**व्यवसायिक**

अलीगढ़ महायोजना–2021 में यह ध्यान रखा गया था कि वाणिज्यक क्रियाएँ इस प्रकार हो कि बाहरी क्षेत्र में जिला व्यापारिक केन्द्र के रूप में आस–पास की जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। वर्ष 2021 की प्रक्षेपित आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 257.1 हैक्टेयर भूमि व्यवसायिक भू–उपयोग के अन्तर्गत प्रस्तावित की गयी थी, जिसके सापेक्ष 67.61 हैक्टेयर भूमि भू–उपयोग के अनुरूप तथा 135.22 हैक्टेयर भूमि भू–उपयोग के विपरीत विकसित हुयी है।

**औद्योगिक**

अलीगढ़ महायोजना–2021 में औद्योगिक भू–उपयोग के अन्तर्गत 945.0 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गयी थी। महायोजना में प्रस्तावित औद्योगिक भू–उपयोग के सापेक्ष कुल 489.33 हैक्टेयर भूमि भू–उपयोग के अनुरूप विकसित हुई है। अलीगढ़ में जे.के. सीमेंट, वंडर सीमेंट, डिफेन्स कॉरिडोर, राठी आयरन्स आदि कई औद्योगिक इकाइयाँ विकसित हो रही हैं। 94.30 हैक्टेयर भूमि भू–उपयोग के विरुद्ध विकसित हुई है। इस प्रकार 583.63 हैक्टेयर भूमि पर विकास हुआ है।

**सामुदायिक सुविधायें**

अलीगढ़ महायोजना–2021 में सामुदायिक सुविधायें भू–उपयोग के अन्तर्गत कुल 914.00 हैक्टेयर भूमि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को सम्मिलित करते हुए प्रस्तावित की गयी थी, जिसके सापेक्ष कुल 577.85 हैक्टेयर भूमि सामुदायिक सुविधाओं के भू–उपयोग के अनुरूप विकसित हुई है। 86.4 हैक्टेयर भूमि पर महायोजना के प्रस्तावित भू–उपयोग के विपरीत विकास हुआ है। इस प्रकार कुल 664.25 हैक्टेयर भूमि पर विकास हुआ है।

**कार्यालय**

अलीगढ़ महायोजना–2021 के अन्तर्गत कार्यालय भू–उपयोग के अन्तर्गत 322.00 हैक्टेयर भूमि आरक्षित की गयी थी जिसके सापेक्ष कुल 187.6 हैक्टेयर भूमि कार्यालय के रूप में विकसित है जिसमें से 80.34 हैक्टेयर भूमि कार्यालय भू–उपयोग के विरुद्ध तथा 267.94 हैक्टेयर भूमि कार्यालय भू–उपयोग के अनुरूप विकसित हुयी है।

**यातायात और परिवहन**

अलीगढ़ महायोजना–2021 में यातायात एवं परिवहन हेतु 1154.5 हैक्टेयर भूमि आरक्षित की गयी थी जिसके सापेक्ष कुल 811.67 हैक्टेयर भूमि विकसित हुई जिसमें से 53.37 हैक्टेयर भूमि भू–उपयोग के विरुद्ध तथा 758.30 हैक्टेयर भूमि भू–उपयोग के अनुरूप विकसित हुयी।

### पार्क और खेल के मैदान

अलीगढ़ महायोजना–2021 में पार्क एवं खुले स्थल भू–उपयोग के अन्तर्गत कुल 1095.6 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गयी जिसमें हरित पट्टिका हेतु 404.00 हैक्टेयर व प्रदर्शनी स्थल की 19.10 हैक्टेयर भूमि भी सम्मिलित है। इस प्रकार कुल नगरीय क्षेत्र का 9.70 प्रतिशत भूमि खुले क्षेत्र के रूप में प्रस्तावित की गयी थी। जिसमें से 593.06 हैक्टेयर भूमि पर भू–उपयोग के अनुरूप तथा 252.5 हैक्टेयर भूमि पर भू–उपयोग के विरुद्ध विकास हुआ। इस प्रकार कुल 845.56 हैक्टेयर भूमि पर विकास हुआ।

### सीवेज फार्म

अलीगढ़ महायोजना–2021 में सीवेज फार्म भू–उपयोग के अन्तर्गत 383.00 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गयी थी, जिसके सापेक्ष कुल 143.48 हैक्टेयर भूमि पर भू–उपयोग के अनुरूप विकास हुआ है। 5.90 हैक्टेयर भूमि पर महायोजना के प्रस्तावित भू–उपयोग के विपरीत विकास हुआ है। इस प्रकार कुल 149.38 हैक्टेयर भूमि पर विकास हुआ है।

### निष्कर्ष

महायोजना–2021 में कुल प्रस्तावित 11295.20 हैक्टेयर भूमि के सापेक्ष 8298.30 हैक्टेयर भूमि पर विकास हुआ। 63.30 प्रतिशत विकास प्रस्तावित भू–उपयोग के अनुसार हुआ है, जबकि 10.16 प्रतिशत विकास भू–उपयोग के विरुद्ध हुआ है। शेष 26.53 प्रतिशत भूमि का क्षेत्र अविकसित अथवा रिक्त भूमि की श्रेणी के अन्तर्गत आता है।

**अलीगढ़ महायोजना–2021 की अवधि में किये गये भू–उपयोग परिवर्तन का विवरण–**

| क्र.सं. | ग्राम का नाम | वर्तमान भू–उपयोग | परिवर्तित भू–उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर में) | अधिसूचना संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम एलमपुर | भारी उद्योग | आवासीय | 7.453 | आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की संख्या–6382/8–3–2008–76 एल.यू.सी.–2008, लखनऊ, दि0– 04.02.2009 |
| 2. | ग्राम नगौला | कृषि | औद्योगिक | 1.3814 | आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की संख्या–1940/8–3–15–28 एल.यू.सी.–2015, लखनऊ, दि0– 10.11.2015 |
| 3 | ग्राम भांकरी खास | कृषि | औद्योगिक | 5.5528 | आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की संख्या–40/आठ–8–19–26 एल.यू.सी.–2017, लखनऊ, दि0– 10.02.2019 |
| 4. | ग्राम ल्हौसरा विसावन | कृषि | ट्रॉन्सपोर्ट नगर | 85.416 | आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की संख्या–10/आठ–8–2022–14 एल.यू.सी.–2020, लखनऊ, दि0– 07.01.2022 |
| 5. | ग्राम साथा | कृषि | औद्योगिक | 6.8318 | आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की संख्या–157/आठ–8–23–29 एल.यू.सी.–2018, लखनऊ, दि0– 17.02.2023 |

अध्याय–7

# नियोजन की समस्याएँ

अलीगढ़ नगर, तीव्र शहरीकरण के कारण नगरीय समस्याओं का सामना कर रहा है। अलीगढ़ नगर हेतु प्रथम महायोजना की संरचना वर्ष 1981 में की गयी थी, जो वर्ष 2001 तक प्रभावी रही। वर्ष 2001 के बाद नई महायोजना वर्ष 2021 तक के लिये तैयार की गयी। जिसमें विकास क्षेत्र के अन्तर्गत आवासीय, व्यवसायिक, उद्योग एवं अन्य भू–उपयोग निर्धारित किये गये जिसमें भू–उपयोग के अनुसार विकास नहीं हो पाया।

**आवासीय क्षेत्र**

अलीगढ़ शहर में आवासीय क्रियाओं की मुख्य विशेषता कुटीर उद्योगों का घरेलू स्तर पर क्रियाशील होना है इसलिए आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक क्रियाओं में भी वृद्धि हुई है।

**जलापूर्ति और उपचार**

जल आपूर्ति शहर की एक प्रमुख समस्या है क्योंकि पानी की आपूर्ति का मुख्य स्रोत भूजल है। अलीगढ़ नगर क्षेत्र में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अभाव है जिससे शुद्ध पेय जल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। प्राथमिक सर्वेक्षण से यह पाया गया कि लोगों को नल के पानी के बजाय भू–जल पर निर्भर रहना पड़ता है। शहर में पानी की आपूर्ति कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त नहीं है।

**खुली जल निकासी तथा सीवेज**

शहर में मुख्य रूप से जल निकासी खुले नालों में करने की व्यवस्था है। यह एक चिंता का विषय है, क्यूंकि खुले नालों के कारण डेंगु, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि बीमारियों फैलती हैं साथ ही दुर्घटनााएँ होने की सम्भावनाएँ भी रहती हैं। इसके अलावा, बरसाती पानी के संग्रह और शहरी क्षेत्र में उत्पन्न मलजल के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। 12 एम.एल.डी. की क्षमता का केवल एक मलजल उपचार संयंत्र है जहाँ अति उपचार के बाद मलजल जाफरी ड्रेन में निस्तारण होता है। इस प्रकार बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ मलजल उपचार की जरूरत में भी वृद्धि होगी। जाफरी ड्रेन में निस्तारण के बजाय वैकल्पिक व्यवस्था की आवश्यकता है।

**परिवहन**

शहर में चरम समय पर यातायात का जाम भी एक गम्भीर समस्या है। यातायात नियमों का सख्ती से पालन नहीं होता, साईकिल या पैदल चलने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। यहाँ फेरी वाले निर्दिष्ट अथवा अनौपचारिक क्षेत्र में हैं और सभी गतिविधियाँ सड़क किनारे चल रही हैं जिससे यातायात बाधित होता है। अलीगढ़ में बारहद्वारी, रेलवे रोड, कनवरीगंज, आदि बाजार वाली सड़कों पर शाम को भारी भीड़ होती है इसलिये यातायात के जाम का कारण बनने वाले घटकों को ध्यान में रखकर प्रस्ताव दिये जाने चाहियें।

**पार्किंग की सुविधाएँ**

शहर के भीतर कोई उचित पार्किंग की सुविधा नहीं है। इसे वाणिज्यिक क्षेत्रों में विशेष रूप से उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। पार्किंग सुविधा के अभाव से यातायात बाधित होता है।

### मनोरंजन सुविधाएँ

अलीगढ़ में मनोरंजन सुविधा बहुत ही कम है। लोग मनोरंजन स्थानों के रूप में केवल मंदिरों, स्मारकों पर ही जाते हैं। नगर में कई छोटे पार्क विद्यमान हैं। मौजूदा मनोरंजन सुविधाओं के सौंदर्यीकरण एवं मनोरंजन के स्थानों का प्राविधान अवश्यक है।

### अनौपचारिक क्षेत्र

अलीगढ़ में सड़कों के किनारे अनेक अनौपचारिक गतिविधियाँ चलती हैं और अनौपचारिक क्षेत्र के लिए कोई निर्दिष्ट स्थान नहीं है। इसलिए, फेरी वाले विक्रेता आदि बेतरतीब ढंग से फैले दिखाई पड़ते हैं। शहर के अनौपचारिक क्षेत्रों हेतु वेडिंग योजना की आवश्यकता है जिससे शहर के सौन्दर्य में वृद्धि हो सके।

### आगामी परियोजनाएँ

नगर में चल रही परियोजनाओं और नई आगामी परियोजनाओं से विकास क्षेत्र में प्रवासन की वृद्धि होगी। आगामी दशक में जनसंख्या के चार गुणा होने का अनुमान है। उक्त के दृष्टिगत नगरीय आवश्यकताओं की पूर्ति आवश्यक है।

# अध्याय–8 महायोजना की अवधारणा एवं उद्देश्य

## 8.1 दृष्टि

''महायोजना–2031 अलीगढ़ नगर को उच्च गुणवत्तायुक्त जीवन पद्धति एवं विश्वस्तरीय भौतिक एवं सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं से युक्त परिकल्पना पर आधारित है जो कि नगर के उद्यमशील एवं नवाचारयुक्त समुदाय को व्यापारित निवेश एवं विकास हेतु प्रोत्साहित करेगा।''

नगर के लिए दीर्घकालिक दृष्टि और योजनाओं को सुविधाजनक बनाने और विकसित करने के लिए शहर की जनता, हितधारकों और जन–प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करके अलीगढ़ शहर के भविष्य के लिए बनाई गई है।

## 8.2 उद्देश्य

1. अलीगढ़ नगर की नगरीय सीमा के अन्तर्गत विभिन्न भू–उपयोगों के लिये पर्याप्त भूमि के क्षेत्रफल को निर्धारित कर विभिन्न भू–उपयोगों के क्रियात्मक सम्बंधों के आधार पर नगर के भावी भौतिक विकास के स्वरूप के अनुसार नगर में विभिन्न भू–उपयोगों के युक्तिसंगत प्रस्ताव करना।
2. वर्तमान समय में नगर में हो रहे अनियोजित निर्माण को नियोजित कर भावी विकास हेतु एक समायोजित दिशा प्रदान करना। नगर तथा नगर के संलग्न बाह्‌य क्षेत्रों में होने वाले अनियोजित एवं अनियंत्रित विकास को रोकना तथा भावी सुनियोजित विकास हेतु दिशा–निर्दिष्ट करना।
3. नगर में समुचित विकास हेतु विभिन्न आय वर्गों के लिये आवासीय व अन्य उपयोगों, तथा सामुदायिक सुविधाओं, उपयोगिताओं एवं सेवाओं का प्राविधान करना।
4. नगर में यातायात एवं परिवहन के सुगम व सुचारु व्यवस्था के प्राविधान तथा औद्योगिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों की अवस्थापना कर नगर के आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक स्वरुप के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सामंजस्य स्थापित करना। नगर में भावी एवं विकासशील क्षेत्रों में उपर्युक्त यातायात व्यवस्था के विभिन्न स्तरों का समुचित प्राविधान करना।
5. नगर के संतुलित विकास हेतु विभिन्न आय वर्गों के लिए भावी आवासीय व विभिन्न क्षेत्र में सामुदायिक सुविधाओं, उपयोगिताओं व सेवाओं का प्राविधान करना एवं नगर में मनोरंजनात्मक क्रियाओं तथा पार्क एवं खुले स्थलों का प्राविधान करना तथा संतुलित पर्यावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यक प्रस्ताव तैयार करना।
6. अलीगढ़ में कृषि योग्य भूमि को अनाधिकृत रूप से अन्य उपयोगों में परिवर्तन को रोकना।
7. नगर के वर्तमान तथा भावी विकासशील क्षेत्रों में उपयुक्त मार्गों का प्राविधान करना।
8. अलीगढ़ विकास प्राधिकरण हेतु नगर के भावी विकास के लिए मार्गदर्शन करना तथा निजी/शासकीय/अर्द्ध–शासकीय संस्थाओं के विकास कार्यक्रमों का समन्वय कर उसके लिए समुचित दिशा–निर्दिष्ट करना।
9. विभिन्न आंकड़ों को विश्लेषित कर नगरीय, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु प्राथमिकता के आधार पर भविष्य में तैयार की जाने वाली जनपदीय योजनाओं तथा वर्तमान योजना के सुधार हेतु लक्ष्य रखना।

| अध्याय–9 | आंकड़ों का विश्लेषण एवं प्रक्षेपण |
|---|---|

## 9.1 जनसंख्या प्रक्षेपण

जनसंख्या की विशिष्टताओं का अध्ययन समस्त प्रकार के विकास के लिये आधार के रूप में कार्य करता है। सभी प्रकार की योजनाओं का एक उद्देश्य होता है कि अधिक से अधिक लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएँ प्रदान कर सकें। इसलिए जनसंख्या के मापदंडों का अध्ययन करके उसका विश्लेषण करना अनिवार्य है, जिससे अनुमानित जनसंख्या के आधार पर नगर के भावी आकार तथा विभिन्न उपयोगों के लिये भूमि की आवश्यकता आदि का सही–सही अनुमान लगाया जाना आवश्यक होता है।

किसी भी नगर की महायोजना तैयार करने से पूर्व उस क्षेत्र की जनसंख्या की विशिष्टताओं का अध्ययन किया जाना अनिवार्य हो जाता है। योजना काल में जनसंख्या का आकार तथा विशिष्टताओं का सही अनुमान लगाना अत्यन्त आवश्यक है जिससे कि अनुमानित जनसंख्या के आधार पर नगर का भावी आकार व विभिन्न उपयोगों के लिए भूमि की आवश्यकता आदि का सही अनुमान लगाया जा सके। जनसंख्या की वृद्धि अपनी स्वाभाविक वृद्धि, जो कि जन्म–मृत्यु दर पर आधारित होती है तथा प्रवासन प्रवृत्ति द्वारा निर्धारित की जाती है। औद्योगीकरण के कारण आस–पास क्षेत्रों से रोजगार की तलाश में आने वाली जनसंख्या के कारण नगर की जनसंख्या में वृद्धि हो जाती हैं। इन सभी परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए यदि जनसंख्या का पूर्वानुमान किया जाये तो सही अनुमान किया जा सकता है।

**नीचे दी गई तालिका में वर्ष–2031 तक की अनुमानित जनसंख्या को दर्शाया गया है:**

*तालिका–17*

**अलीगढ़ नगर का जनसंख्या प्रक्षेपण वर्ष 2031**

| विधि | | 2011 | 2021 | | 2031 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनगणना | प्रक्षेपित | औसत | प्रक्षेपित | औसत |
| अलीगढ़ नगर निगम | ज्यामितीय वृद्धि पद्धति | 8,74,408 | 1142735.3 | 11,19,253 | 1493403.564 | 13,63,514 |
| | अंकगणितीय वृद्धि पद्धति | | 1285050 | | 1490371 | |
| | वृद्धिशील वृद्धि पद्धति | | 1174012.5 | | 1576277.5 | |
| | ज्यामितीय एक्सट्रापोलेशन पद्धति | | 897984.98 | | 922206.3612 | |
| | द्वितीय परिमाण अनुकृति पद्धति | | 1096483 | | 1335312 | |
| नगर निगम में (2017 में) 19 गाँव जोड़े गए | ज्यामितीय वृद्धि पद्धति | 1,94,637 | 453986 | 3,57,517 | 1089698 | 6,15,487 |
| | अंकगणितीय वृद्धि पद्धति | | 409818 | | 520158 | |
| | वृद्धिशील वृद्धि पद्धति | | 321727 | | 509486 | |
| | ज्यामितीय एक्सट्रापोलेशन पद्धति | | 205385 | | 223090 | |
| | द्वितीय परिमाण अनुकृति पद्धति | | 365320 | | 702496 | |
| | **कुल नगर निगम** | | **14,76,770** | | **19,79,001** | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हरदुआ गंज (नगर पंचायत) | ज्यामितीय वृद्धि पद्धति | 13,690 | 16181 | 16,152 | 19126.8 | 18,537 |
| | अंकगणितीय वृद्धि पद्धति | | 17906 | | 20014.0 | |
| | वृद्धिशील वृद्धि पद्धति | | 16748 | | 20860.0 | |
| | ज्यामितीय एक्सट्रापोलेशन पद्धति | | 13920 | | 14154.5 | |
| | द्वितीय परिमाण अनुकृति पद्धति | | 16006 | | 18530.0 | |
| | **कुल** | | **14,92,922** | | **19,97,538** | |

**स्रोत–** जनगणना–2011 व ए.आई.आई.एल.एस.जी

### *तालिका–18*

### वर्ष 2031 के लिए अन्य शहरी केंद्र जनसंख्या अनुमान

| विधि | | 2011 | 2021 | | 2031 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनगणना | प्रक्षेपित | औसत | प्रक्षेपित | औसत |
| खैर (नगर पालिका परिषद) | ज्यामितीय वृद्धि पद्धति | 35,751 | 46197 | 45,519 | 59695.3 | 55,531 |
| | अंकगणितीय वृद्धि पद्धति | | 51919 | | 60003 | |
| | वृद्धिशील वृद्धि पद्धति | | 46783.5 | | 61858 | |
| | ज्यामितीय एक्सट्रापोलेशन पद्धति | | 36674.2 | | 37621.59 | |
| | द्वितीय परिमाण अनुकृति पद्धति | | 46022 | | 58480 | |
| गभाना (नगर पंचायत) | ज्यामितीय वृद्धि पद्धति | 17,021 | 21448 | 21,036 | 27025 | 24,941 |
| | अंकगणितीय वृद्धि पद्धति | | 24047 | | 27560 | |
| | वृद्धिशील वृद्धि पद्धति | | 20534 | | 24647.5 | |
| | ज्यामितीय एक्सट्रापोलेशन पद्धति | | 17417 | | 17823 | |
| | द्वितीय परिमाण अनुकृति पद्धति | | 21735 | | 27650 | |
| जलाली (नगर पंचायत) | ज्यामितीय वृद्धि पद्धति | 20,238 | 23470 | 23,541 | 27218 | 25,707 |
| | अंकगणितीय वृद्धि पद्धति | | 25812 | | 28599 | |
| | वृद्धिशील वृद्धि पद्धति | | 23976.5 | | 29108.5 | |
| | ज्यामितीय एक्सट्रापोलेशन पद्धति | | 20539 | | 20845 | |
| | द्वितीय परिमाण अनुकृति पद्धति | | 23909 | | 22766 | |
| पिलखना (नगर पंचायत) | ज्यामितीय वृद्धि पद्धति | 11,518 | 13649 | 13,548 | 16176 | 15,371 |
| | अंकगणितीय वृद्धि पद्धति | | 15116 | | 16915 | |
| | वृद्धिशील वृद्धि पद्धति | | 14487 | | 18355 | |
| | ज्यामितीय एक्सट्रापोलेशन पद्धति | | 11714 | | 11915 | |
| | द्वितीय परिमाण अनुकृति पद्धति | | 12776 | | 13493 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पड़ोस खेल क्षेत्र | 15000 | 1.5 | 3 | 3.98 | 0 | 0 | 3.98 |
| | **कुल** | | | **11** | **17.39** | **0** | **0** | **16.41** |
| **पिसावा** | | | | | | | | |
| **पार्क** | | | | | | | | |
| 1 | हाउसिंग एरिया पार्क | 5000 | 0.5 | 6 | 2.8 | 2 | 1.2 | 1.6 |
| 2 | पड़ौस पार्क | 15000 | 1 | 2 | 1.9 | 0 | 0 | 1.9 |
| | **कुल** | | | **8** | **4.6** | **2** | **1.2** | **3.45** |
| **खेल के मैदान** | | | | | | | | |
| 1 | आवासीय इकाई खेल क्षेत्र | 5000 | 0.5 | 6 | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 2 | पड़ोस खेल क्षेत्र | 15000 | 1.5 | 2 | 3 | 2 | 0.98 | 2.02 |
| | **कुल** | | | **11** | **6** | **2** | **0.98** | **5.02** |
| **चण्डौस** | | | | | | | | |
| **पार्क** | | | | | | | | |
| 1 | हाउसिंग एरिया पार्क | 5000 | 0.5 | 6 | 3 | 0.0 | 0.0 | 3 |
| | **कुल** | | | **6** | **3** | **0.0** | **0.0** | **3** |
| **खेल के मैदान** | | | | | | | | |
| 1 | आवासीय इकाई खेल क्षेत्र | 5000 | 0.5 | 6 | 3 | 0 | 0 | 3 |
| | **कुल** | | | **6** | **3** | **0.0** | **0.0** | **3** |
| **बरौली** | | | | | | | | |
| **पार्क** | | | | | | | | |
| 1 | हाउसिंग एरिया पार्क | 5000 | 0.5 | 7 | 3.5 | 4 | 1.4 | 2.1 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पड़ौस पार्क | 15000 | 1 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| | **कुल** | | | **9** | **5.5** | **4** | **1.4** | **4.1** |
| **खेल के मैदान** | | | | | | | | |
| 1 | आवासीय इकाई खेल क्षेत्र | 5000 | 0.5 | 7 | 3.5 | 1 | 0.2 | 3.3 |
| 2 | पड़ौस खेल क्षेत्र | 15000 | 1.5 | 2 | 3 | 1 | 0.4 | 2.6 |
| | **कुल** | | | **9** | **6.5** | **2** | **0.6** | **5.9** |
| **जवाँ सिकन्दरपुर** | | | | | | | | |
| **पार्क** | | | | | | | | |
| 1 | हाउसिंग एरिया पार्क | 5000 | 0.5 | 12 | 6.0 | 1 | 0.0079 | 5.9 |
| 2 | पड़ौस पार्क | 15000 | 1 | 4 | 4.0 | 0 | 0 | 4.0 |
| 3 | सामुदायिक पार्क | 100000 | 5 | 1 | 5.0 | 0 | 0 | 5.0 |
| | **कुल** | | | **17** | **15.0** | **1** | **1.4** | **14.9** |
| **खेल के मैदान** | | | | | | | | |
| 1 | आवासीय इकाई खेल क्षेत्र | 5000 | 0.5 | 12 | 6.0 | 0 | 0 | 6.0 |
| 2 | पड़ौस खेल क्षेत्र | 15000 | 1.5 | 4 | 6.0 | 0 | 0 | 6.0 |
| | **कुल** | | | **9** | **12.00** | **0** | **0** | **12.00** |
| **गभाना** | | | | | | | | |
| **पार्क** | | | | | | | | |
| 1 | हाउसिंग एरिया पार्क | 5000 | 0.5 | 7 | 3.5 | 4 | 1.4 | 2.1 |
| 2 | पड़ौस पार्क | 15000 | 1 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| | **कुल** | | | **9** | **5.5** | **4** | **1.4** | **4.1** |
| **खेल के मैदान** | | | | | | | | |
| 1 | आवासीय इकाई खेल क्षेत्र | 5000 | 0.5 | 7 | 3.5 | 1 | 0.2 | 3.3 |
| 2 | पड़ौस खेल क्षेत्र | 15000 | 1.5 | 2 | 3 | 1 | 0.4 | 2.6 |
| | **कुल** | | | **9** | **6.5** | **2** | **0.6** | **5.9** |

अध्याय–10

# भू–उपयोग प्रस्ताव

## 10.1 नगर के विकास/विस्तार की दिशा

नगर की भविष्य की योजनाओं के लिए वर्तमान विकास की गतिशीलता और शहर के विकास की दिशाओं को समझना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अलीगढ़ नगर के नगरीयकरण में तीव्र गति से वृद्धि हुई है, जिसके कारण शहर के आसपास के क्षेत्रों में शहरी विस्तार हुआ है। वर्ष 1970 तक शहर का विकास नगरपालिका सीमा के भीतर ही सीमित था। वर्ष 1980 के अंत तक कोर क्षेत्रों के आसपास हुए विकास का घनत्व कम था। वर्ष 1990 में विकास का पैटर्न मुख्य मार्गों के किनारे कम घनत्व से उच्च घनत्व वाले पट्टीनुमा विकास में बदल गया। दिल्ली, मथुरा, आगरा, कानपुर और मुरादाबाद से अलीगढ़ नगर को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों और राजमार्गों से सटी भूमि पर प्रमुख रूप से विकास हुआ। वर्ष 2010 के बाद उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा विकसित औद्योगिक आस्थान के कारण रामघाट रोड पर विकास का विस्तार देखा जा सकता है।

यमुना एक्सप्रेस–वे पर जेवर में निर्माणाधीन नोएडा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के निकट होने के कारण खैर रोड पर विकास की सम्भावनायें हैं। खैर रोड पर ही राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय निर्माणाधीन है। खैर रोड पर रक्षा गलियारा हेतु अंडला गाँव में भूमि निर्धारित की गई है, जो विकास को आकर्षित कर रहे हैं।

*चित्र–13*

**सफेद बिंदुएँ जनसंख्या घनत्व की दिशा को दर्शाती हैं**



## 10.2 भू–उपयोग एवं प्रस्ताव

*तालिका–33*

### भू–उपयोग एवं प्रस्ताव

| | भू–उपयोग अलीगढ़ महायोजना–2021 | | | प्रस्तावित भू–उपयोग 2031 | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | भू–उपयोग | क्षेत्रफल (है0 में) जी.आई.एस. आधारित | अतिरिक्त क्षेत्र (है0 में) | योग (है0 में) | प्रतिशत |
| **1** | **आवासीय** | | | | |
| 1-1 | वर्तमान निर्मित क्षेत्र | 1037.00 | - | 1037.00 | |
| 1.2 | आवासीय | - | 3002.05 | 3002.05 | |
| 1.3 | आवासीय (मध्य घनत्व) | 1856.00 | 7.45 | 1863.45 | |
| 1.4 | आवासीय (न्यून घनत्व) | 3182.00 | 5.50 | 3187.50 | |
| | **योग** | **6075.00** | | **9090.00** | **39.25** |
| **2** | **व्यवसायिक/ वाणिज्य** | | | | |
| 2.1 | बाजार स्ट्रीट | - | 376.51 | 376.51 | |
| 2.2 | जिला व्यापारिक केन्द्र/वाणिज्य | 212.00 | 408.45 | 620.45 | |
| 2.3 | थोक व्यापारिक केन्द्र | 45.10 | - | 45.10 | |
| | **योग** | **257.10** | | **1042.06** | **4.50** |
| **3** | **उद्योग** | | | | |
| 3.1 | लघु उद्योग | 401.00 | 1820.00 | 2221.00 | |
| 3.2 | वृहद उद्योग | 523.00 | - | 523.00 | |
| 3.3 | लघु उद्योग कम आवासीय | 21.00 | - | 21.00 | |
| 3.4 | डिफेन्स इन्डस्ट्रियल कॉरीडोर | - | 45.83 | 45.83 | |
| | **योग** | **945.00** | | **2810.83** | **12.14** |
| **4** | **कार्यालय** | 322.00 | 161.38 | 483.38 | 2.09 |
| **5** | **सामुदायिक सुविधायें, उपयोगितायें एवं सेवायें, स्वास्थ** | | | | |
| 5.1 | सामुदायिक सुविधाएँ | 412.00 | 844.88 | 1256.88 | |
| 5.2 | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय | 502.00 | - | 502.00 | |
| 5.3 | सीवेज फार्म/ट्रीटमेन्ट प्लान्ट/ठोस अपशिष्ट | 383.00 | 12.29 | 395.29 | |
| | **योग** | **1297.00** | | **2154.17** | **9.30** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **6** | **खुले स्थल** | | | | |
| 6.1 | पार्क / नियोजित खुले स्थल | 423.00 | 744.84 | 1167.84 | |
| 6.2 | हरित पट्टिका | 404.00 | 672.41 | 1076.41 | |
| 6.3 | क्षेत्रीय पार्क | 217.00 | 317.20 | 534.20 | |
| 6.4 | रिवर बफर | - | 287.67 | 287.67 | |
| 6.5 | प्रदर्शनी स्थल | 19.10 | - | 19.10 | |
| 6.6 | शेखा झील ईको सेंसिटिव | - | 501.28 | 501.28 | |
| | जोन / लेक जोन | | | | |
| | **योग** | **1063.10** | | **3586.50** | **15.49** |
| **7** | **यातायात एवं परिवहन** | | | | |
| 7.1 | ट्रान्सपोर्ट नगर | 31.50 | 233.82 | 265.32 | |
| 7.2 | बस अड्डा | 43.00 | 5.99 | 48.99 | |
| 7.3 | हवाई पट्टी / अड्डा | - | 110.26 | 110.26 | |
| 7.4 | वर्तमान मार्ग | 449.00 | 1489.72 | 1938.72 | |
| 7.5 | प्रस्तावित मार्ग | 435.00 | 869.18 | 1353.62 | |
| 7.6 | रेलवे भूमि (फ्रेट कॉरीडोर सहित) | 196.00 | 77.10 | 273.10 | |
| | **योग** | **1154.50** | | **3990.01** | **17.23** |
| | **कुल योग** | | | **23156.95** | **100** |
| **8** | **अन्य** | | | | |
| 8.1 | जलाशय / नदी / नाला / | | | | |
| | तालाब / नहर | 149.00 | 168.97 | 317.97 | |
| 8.2 | बाग | 32.5 | - | 28.66 | |
| 8.3 | वन क्षेत्र | - | 356.95 | 356.95 | |
| 8.4 | शमशान / कब्रिस्तान | - | 7.91 | 7.91 | |
| | **योग** | | | **711.49** | |
| **9** | **कृषि क्षेत्र** | | | | |
| 9.1 | कृषि | | | 49663.03 | |
| 9.2 | हाई–वे फैसिलिटी | | 1268.53 | 1268.53 | |
| | **योग** | | | **50931.56** | |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

तालिका–10 में अलीगढ़ नगर और हरदुआगंज की जनसंख्या व आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों की 15 प्रतिशत जनसंख्या, जो इन शहरी केंद्रों पर निर्भर होगी, का अनुमान लगाया गया है। अलीगढ़ महायोजना में वर्ष 2031 के लिये

नगर के सुनियोजित एवं नियंत्रित विकास हेतु विभिन्न भू–उपयोगों के अन्तर्गत कुल 23156.95 हैक्टेयर क्षेत्रफल का प्रस्ताव दिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है :–

### 10.2.1 आवासीय

अलीगढ़ महायोजना–2031 में आवासीय क्षेत्र का प्रस्ताव भूमि के वर्तमान आवासीय विकास एवं उसके सम्भावित विकास हेतु उपलब्ध भूमि की उपयुक्तता के आधार पर किया गया है। आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत 9090.00 हैक्टेयर भूमि का प्रस्ताव है, जो सम्पूर्ण महायोजना क्षेत्र का 39.25 प्रतिशत है। आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत प्रस्तावों का विस्तृत विवरण निम्नवत् है :–

**वर्तमान निर्मित क्षेत्र**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में वर्तमान निर्मित क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 1037.00 हैक्टेयर भूमि विद्यमान है, जो मुख्य रूप से उच्च घनत्व आवासीय क्षेत्र है। जनसंख्या घनत्व को कम करने के लिये इस क्षेत्र में स्थित सभी थोक मण्डियों को बाहरी क्षेत्र में स्थानान्तरित करते हुये तथा इस प्रकार रिक्त पड़ने वाले स्थलों पर सुव्यवस्थित रूप से पार्किंग आदि सेवाएँ एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराते हुये मात्र रिटेल आउटलेट के रूप में विकसित किये जाने का प्रस्ताव है। खुले क्षेत्रों को यथावत् व नियोजित खुले क्षेत्र के रुप में विकसित किये जाने का प्रस्ताव है। जहाँ पार्किंग, पुलिस चौकी, बाल उद्यान, प्राइमरी स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र विकसित किये जाने का भी प्रस्ताव है।

**आवासीय**

नगर के क्षेत्र से बाहर पड़ने वाले नए क्षेत्र, जो भावी विकास के अन्तर्गत विकसित होंगे, को आवासीय जनसंख्या घनत्व के अन्तर्गत रखा गया है, जिसके लिये 3002.05 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 12.96 प्रतिशत है। आवासीय भू–उपयोग के प्रस्ताव रामघाट रोड पर ताला नगरी के दोनों ओर, अलीगढ़–खैर मार्ग पर ग्राम लोधा, अटलपुर, हरदासपुर, करसुआ आदि ग्रामों पर तथा आगरा–अलीगढ़ मार्ग एवं आगरा–मथुरा मार्ग पर दिये गये हैं।

**आवासीय (मध्य घनत्व)**

नगरीय क्षेत्र के मध्य पड़ने वाले वह क्षेत्र जो निर्मित क्षेत्र से बाहर हैं एवं विकसित हों, को मध्य आवासीय जनसंख्या घनत्व के अन्तर्गत आता है, जिसमें 7.45 हैक्टेयर भूमि की वृद्धि हुई है, महायोजना–2031 में आवासीय (मध्य घनत्व) का कुल क्षेत्रफल 1863.45 हैक्टेयर हो गया है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 8.05 प्रतिशत है।

**आवासीय (न्यून घनत्व)**

वह क्षेत्र जो वर्ष 2031 तक के अन्तर्गत विकासशील हों, को आवासीय (न्यून घनत्व) में प्रस्तावित किया गया है, जिसके लिये 3187.50 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 13.76 प्रतिशत है। आवासीय (न्यून घनत्व) के प्रस्ताव जी.टी. रोड पर ग्राम बसई, बझेड़ा, मोरथल, खेड़ा खुशखबर, ग्राम महुआखेड़ा एवं ग्राम असदपुर क्याम आदि ग्रामों पर दिये गये हैं।

### 10.2.2 व्यवसायिक

वाणिज्य एवं व्यवसायिक अलीगढ़ नगर की एक प्रमुख क्रिया है। नगर में विद्यमान व्यवसायिक क्रिया–कलापों को ध्यान में रखते हुये भावी नगरीय एवं क्षेत्रीय जनसंख्या की व्यवसायिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपनगर केन्द्र, जिला व्यपारिक केन्द्र, थोक व्यापारिक केन्द्र तथा बाजार स्ट्रीट/बाजार मार्गों को सम्मिलित करते हुये अलीगढ़ महायोजना–2031 में व्यवसायिक/वाणिज्य भू–उपयोग के अन्तर्गत 1042.06 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गयी है, जोकि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 4.5 प्रतिशत है। व्यवसायिक भू–उपयोग के अन्तर्गत प्रस्तावों का विस्तृत विवरण निम्नवत् है –

## मानचित्र–12

## शहर के विकास की दिशा (1989 से 2016) – अलीगढ




स्रोत– ए.आई.आई.एल.एस.जी

## मानचित्र–13

## शहर के विकास की दिशा (2016 के बाद) – अलीगढ़




स्रोत– ए.आई.आई.एल.एस.जी

**बाजार स्ट्रीट/बाजार मार्ग**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में बाजार स्ट्रीट भू–उपयोग के अन्तर्गत 376.51 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 1.6 प्रतिशत है। वर्तमान निर्मित आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत 12 मी0 चौड़े मार्गों पर अधिकतम 15 मी0 गहराई तक अथवा महायोजना–2031 प्रवृत्त होने की तिथि तक भू–स्वामी के स्वामित्व में आने वाले भूखण्ड की सम्पूर्ण गहराई जो कि प्रश्नगत बाजार मार्ग से सीधे सम्बद्ध हो, पर बाजार स्ट्रीट अनुमन्य किया जा सकेगा। प्रस्तावित आवासीय भू–उपयोग में बाजार स्ट्रीट केवल निम्नलिखित विद्यमान मार्गों पर एवं नीति के अनुसार अनुमन्य की जायेगी–

1. रामघाट रोड पर (गाँधी आई अस्पताल से जाफरी ड्रेन/प्रस्तावित रिंग रोड तक)।
2. कानपुर रोड पर (निर्मित क्षेत्र के उपरान्त प्रस्तावित ट्रान्सपोर्ट नगर/बस अड्डा तक)।
3. आगरा रोड पर (निर्मित क्षेत्र के उपरान्त सामुदायिक सुविधा भू–उपयोग तक)।
4. मथुरा रोड पर (निर्मित क्षेत्र के उपरान्त ग्राम दौलताबाद में प्रस्तावित पार्क नियोजित खुले स्थल तक)।
5. खैर रोड पर (निर्मित क्षेत्र के उपरान्त अशरफपुर जलाल पर स्थित जिला व्यापारिक केन्द्र/लघु उद्योग तक)।
6. दिल्ली रोड पर (निर्मित क्षेत्र के उपरान्त प्रस्तावित रिंग रोड तक)।
7. बरौली/पहासू रोड पर (निर्मित क्षेत्र के उपरान्त प्रस्तावित रिंग रोड तक)।
8. अनूपशहर रोड पर (निर्मित क्षेत्र के उपरान्त प्रस्तावित रिंग रोड तक)।
9. नाले के उपरान्त 45 मी. चौड़े पुराने बाईपास के समानान्तर आवासीय भू–उपयोग में 12 मी0 चौड़ा मार्गाधिकार सुरक्षित करते हुए रोड की ओर बाजार स्ट्रीट अनुमन्य किया जा सकेगा।

**नीति–**

- ✦ महायोजना में प्रस्तावित बाजार स्ट्रीट से सम्बद्ध भूखण्ड पर क्रियाओं की अनुमति जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार इस शर्त के साथ अनुमन्य की जायेगी कि महायोजना प्रवृत्त होने की तिथि तक भू–स्वामी के स्वामित्व में आने वाले भू–खण्ड की सम्पूर्ण गहराई, जो कि प्रश्नगत बाजार मार्ग से सीधे सम्बद्ध हो, पर बाजार स्ट्रीट भू–उपयोग अनुमन्य किया जा सकेगा।
- ✦ प्राधिकरण की पूर्व की योजनाओं/स्वीकृत ले–आउट में महायोजना प्रस्तावों के अन्तर्गत बाजार स्ट्रीट प्रस्तावित होने की दशा में नियमानुसार ले–आउट में परिवर्तन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के उपरान्त प्रभावी होंगे। प्राधिकरण/निजी विकासकर्ता की नई योजनाएँ, जो 100 एकड़ से अधिक हों उन पर नियमानुसार बाजार स्ट्रीट के प्रस्ताव प्रभावी होंगे, ऐसे तलपट मानचित्रों में व्यवसायिक क्रिया के मानकों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा छूट प्रदान की जाएगी।
- ✦ बाजार स्ट्रीट के अन्तर्गत विभिन्न भू–उपयोगों/क्रियाओं की अनुमन्यता महायोजना जोनिंग रेगुलेशन्स तथा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्राविधानों के अनुसार होगी।
- ✦ अलीगढ़ नगर में निर्मित क्षेत्र के अन्तर्गत 12.00 मी. चौड़े विद्यमान मार्गों पर 15.00 मी. की गहराई तक बाजार स्ट्रीट/बाजार मार्ग भू–उपयोग का प्राविधान किया गया है। अलीगढ़ महायोजना–2031 में विकसित आवासीय भू–उपयोग में नगर में विद्यमान प्रमुख मार्गों पर भी आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत 18.00 मी. चौडे मार्गों पर 24.00 मी. की गहराई तक, 24.00 मी. चौड़े विद्यमान मार्गों पर तथा 30.00 मी. की गहराई तक व 30.00 मी. एवं उससे अधिक चौड़े विद्यमान मार्गों पर 12.00 मीटर की सर्विस रोड की चौड़ाई के उपरान्त 50.00 मी. की गहराई के उपरान्त ही बाजार स्ट्रीट/बाजार मार्ग के प्राविधान लागू किये जायेंगे। शेष प्राविधान शासकीय समिति द्वारा जारी बाजार स्ट्रीट/बाजार मार्ग की नीति के अनुसार रहेंगे।

**जिला व्यापारिक केन्द्र / वाणिज्य**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में जिला व्यापारिक केन्द्र के रूप में 620.45 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है। इसके प्रस्ताव जी.टी. रोड पर धनीपुर मण्डी के सामने, अलीगढ़ से खैर जाने वाले मार्ग पर ग्राम लोधा, ग्राम करसुआ पर, रामघाट रोड पर तथा आगरा–अलीगढ़ मार्ग पर ग्राम पड़ियावली, ग्राम क्वार्सी चौराहे से अनूपशहर को जोड़ने वाले मार्ग पर एवं अनूपशहर रोड पर कासिमपुर तिराहे से पहले दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त महायोजना में प्रस्तावित मार्गों पर भी जिला व्यापारिक केन्द्र के प्रस्ताव दिये गये हैं।

**थोक व्यापारिक केन्द्र**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में थोक व्यापारिक केन्द्र के रूप में 45.10 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है।

### 10.2.3 औद्योगिक

अलीगढ़ नगर में भविष्य की बढ़ती आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक भूमि आवंटित करते समय डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, डिफेन्स कॉरिडोर के कारण विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। लॉजिस्टिक पार्क, वेयरहाउस, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के पास पुराने स्टोरेज और डिफेंस कॉरिडोर जैसी औद्योगिक गतिविधियों की औद्योगिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए महायोजना–2031 में 2810.83 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक भू–उपयोग के अन्तर्गत आरक्षित की गई है जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 12.14 प्रतिशत है।

**लघु उद्योग**

नगर में लघु उद्योग भू–उपयोग के अन्तर्गत पूर्व प्रस्तावों को यथावत् रखते हुये अतिरिक्त प्रस्ताव निम्नवत् दिये गये हैं :–

- दिल्ली से कानपुर जाने वाले मार्ग (जी.टी. रोड) पर ग्राम भाँकरी खास, ग्राम भरतरी पर।
- आगरा–अलीगढ़ मार्ग पर ग्राम मडराक, मईनाथ में।
- आगरा–मथुरा लिंक मार्ग में।
- रामघाट रोड पर ताला नगरी के पीछे ग्राम मोरथल, किढ़ारा, दैवसेनी में।
- अलीगढ़–खैर मार्ग पर डिफेन्स कोरीडोर के सामने ग्राम करसुआ में।
- खैर नगर से गुजरने वाले मार्ग जो कि यमुना एक्सप्रेस–वे से अलीगढ़ को जोड़ता है, उस पर ग्राम सोफा, ग्राम लोहागढ़, गौमत आदि पर।
- इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा एम.एस.एम.ई. में प्रस्तावित ग्राम ख्यामई में भी लघु उद्योग प्रस्तावित है।
- महायोजना–2031 में लघु उद्योग के अन्तर्गत 2221.00 हैक्टेयर क्षेत्र प्रस्तावित है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 9.59 प्रतिशत है।

**वृहद् उद्योग**

अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र में स्थित वृहद उद्योगों में प्रमुखतः हिन्द एग्रो प्रा.लि. तालसपुर अलीगढ़, हैन्ज इण्डिया प्रा.लि., मंजूरगढ़ी अलीगढ़, एच.एम.ए. एग्रो इन्डस्ट्रीज लि., तालसपुर अलीगढ़, अलशाद फ्रोजन फूड (प्रा.) लि. तालसपुर खुर्द, अलीगढ़ रामवे फूड लि., जी.टी. रोड अलीगढ़, अग्रवाल फैरोमैटिक प्रा.लि. बैनोर जी.टी. रोड अलीगढ़, जागरण प्रकाशन लि. ताला नगरी, अलीगढ़, लिंक लॉक्स प्रा.लि. सी–7 इन्ड. एरिया अलीगढ़ आदि हैं। वृहद् उद्योगों के अन्तर्गत 523.00 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 2.26 प्रतिशत है। विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अन्तर्गत वृहद उद्योग को विशेष रूप से बढ़ावा दिये जाने हेतु कृषि क्षेत्र में निम्नाकिंत तालिका में अंकित महायोजना मार्गों के मार्गाधिकार के उपरान्त दोनों ओर 500.00 मी. गहराई तक वृहद उद्योग अनुमन्य किये जायेंगे।

| क्र.सं. | मार्ग का नाम | महायोजना में प्रस्तावित मार्गाधिकार |
|---|---|---|
| 1 | छाता रोड से मैना मौजपुर रोड तक | 45.00 मी0 |
| 2 | नगर पंचायत पिसावा से चण्डौस नगर पंचायत को जोड़ते हुए दिल्ली रोड तक | 45.00 मी0 |
| 3 | खैर नगर पालिका से गभाना नगर पंचायत को जोड़ने वाले मार्ग पर | 45.00 मी0 |
| 4 | गभाना नगर पंचायत से बरौली नगर पंचायत को जोड़ने वाली व उत्तर दिशा में बरौली नगर पंचायत से दिल्ली रोड को जोड़ने वाले मार्ग पर | 45.00 मी0 |
| 5 | बरौली नगर पंचायत से जवां सिकन्दरपुर नगर पंचायत तक | 45.00 मी0 |
| 6 | अतरौली की ओर जाने वाली रामघाट रोड से कानपुर रोड को जोड़ने वाले मार्ग पर | 60.00 मी0 |
| 7 | कानपुर रोड से सासनी रोड को जोड़ने वाले मार्ग पर | 45.00 मी0 |

कृषि क्षेत्र में उपरोक्त तालिका में अंकित मार्गों के दोनों ओर मार्गाधिकार के उपरान्त 500.00 मी0 गहराई तक वृहद उद्योग की अनुमन्यता हेतु निम्न प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा–

1. तालिका में अंकित मार्गों से सम्बन्धित विभाग (लो.नि. विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण इत्यादि) के अभिलेखानुसार मार्गाधिकार अथवा महायोजना में अंकित मार्गाधिकार, दोनों में जो अधिक हो, के उपरान्त ही निर्माण अनुमन्य किया जायेगा।
2. उपरोक्त प्रमुख मार्गों को जोड़ने वाले मार्गों (यथा चकरोड, आदि) पर वृहद उद्योग का प्रस्ताव होने की स्थिति में न्यूनतम 24.00 मी. का मार्गाधिकार सुनिश्चित किया जाना होगा, जिसमें किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नहीं होगा।
3. भू–खण्ड के चारों ओर 15.00 मी. का हरित पट्टिका का प्राविधान अनिवार्य रूप से किया जायेगा। महायोजना मार्ग के साथ प्रस्तावित हरित पट्टिका अथवा 15 मीटर की हरित पट्टिका, जो अधिक हो, का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जायेगा।
4. उपविधि के मानकों के अनुरूप वृहद उद्योग अनुमन्य किये जायेंगे। कृषि भू–उपयोग में जोनिंग रेगुलेशन की विशेष अनुमति की अनुमन्यता स्थगित रहेगी।
5. इन प्रकरणों में कृषि भू–उपयोग के अन्तर्गत जोनिंग रेगुलेशन की विशेष अनुमति की अनुमन्यता स्थगित रहेगी।

**लघु उद्योग कम आवासीय**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में लघु उद्योग कम आवासीय भू–उपयोग में महायोजना–2021 में प्रस्तावित 21.00 हैक्टेयर भूमि का प्रस्ताव यथावत् रखा गया है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 0.09 प्रतिशत है।

**डिफेन्स इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 में उ.प्र. डिफेन्स इन्डस्ट्रियल कॉरीडोर का प्रस्ताव कानपुर, लखनऊ सहित अलीगढ़, आगरा, झांसी एवं चित्रकूट से गुजरने वाले उत्तर प्रदेश के 06 नोड्स को जोड़ने के लिए किया गया था। इन जिलों में रक्षा निर्माण की आवश्यकताओं जैसे–कच्चे माल, श्रम आदि की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह एक मजबूत सहायक आधार है, जिसमें 45.83 हैक्टेयर भूमि अलीगढ़ से है। अलीगढ़ को एक नोड के रूप में चुनने का प्रमुख कारण सड़क मार्ग से दिल्ली और आगरा से इसकी सम्बद्धता थी। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के अंडला गांव में खैर रोड के पास डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए कुल 47 हैक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया है। डिफेन्स कॉरीडोर

के अन्तर्गत जितनी भूमि अधिगृहित की गई है, केवल उतनी ही भूमि का भू–उपयोग डिफेन्स कॉरीडोर रहेगा शेष भूमि का भू–उपयोग उद्योग ही माना जायेगा। अलीगढ़ महायोजना–2031 में डिफेन्स कोरीडोर के अन्तर्गत 45.83 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है।

### 10.2.4 कार्यालय

नगर के अधिकांश कार्यालय सिविल लाइन्स, रामघाट रोड, जी.टी. रोड एवं मैरिस रोड पर तथा जिलाधिकारी कार्यालय अनूपशहर मार्ग पर स्थित हैं। कार्यालय भू–उपयोग के अन्तर्गत वर्तमान में 322.00 हैक्टेयर भूमि पर विभिन्न शासकीय/अर्द्ध–शासकीय कार्यालय स्थापित हैं। महायोजना–2031 में कार्यालय भू–उपयोग के अन्तर्गत 483.38 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 2.09 प्रतिशत है। नगर में पूर्व प्रस्तावों को यथावत् रखते हुये अलीगढ़ कानुपर मार्ग पर पी.ए.सी. की बटालियन स्थापित किये जाने के लिये अधिग्रहीत की गई भूमि को तथा अनूपशहर रोड पर पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तावित पुलिस लाईन को भी महायोजना मे कार्यालय भू–उपयोग के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

### 10.2.5 सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक सुविधाएँ

अलीगढ़ महायोजना–2031 में वर्ष 2031 तक नगर की अनुमानित जनसंख्या की सामुदायिक सुविधा संबंधी आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए सामुदायिक सुविधाओं, उपयोगितायें एवं सेवाएँ भू–उपयोग के अन्तर्गत वर्तमान सामुदायिक सुविधायें यथा–शिक्षा, चिकित्सालय, पुलिस आदि तथा सार्वजनिक उपयोगिताओं को सम्मिलित करते हुये 2154.17 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 9.3 प्रतिशत है। सामुदायिक सुविधाओं का तात्पर्य नागरिक जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से है, जो किसी भी समुदाय के लिये आवश्यक होती हैं। इनमें प्रमुख रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस प्रशासन क्षेत्र, डाकघर एवं तारघर, फायर स्टेशन, सांस्कृतिक मनोरंजन सुविधाओं को सम्मिलित करते हुये कुल 1256.88 हैक्टेयर भूमि का प्रस्ताव दिया गया है जो कुल महायोजना क्षेत्र का 5.43 प्रतिशत है। इसमें विश्वविद्यालय की 502.00 हैक्टेयर भूमि भी सम्मिलित है। नगर के निवासियों के जीवन निर्वाह हेतु जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। वर्ष 2031 तक की प्रक्षेपित जनसंख्या की आवश्यकता के दृष्टिगत महायोजना–2021 के सीवेज फार्म के प्रस्ताव को यथावत रखते हुये सारसौल स्थित नगर निगम की 0.365 हैक्टेयर भूमि पर कूड़ा प्रबन्धन हेतु ट्रॉन्सफर स्टेशन तथा तहसील कोल के गाँव पनैठी में 14.015 हैक्टेयर भूमि बायो–मेडिकल बेस्ड के निस्तारण एवं सैप्टिक मैनेजमेन्ट योजना एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन विस्तार हेतु भूमि प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल 395.29 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 17.70 प्रतिशत है।

### 10.2.6 खुले स्थल

नगर के निवासियों के स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के लिए पार्क एवं खुले स्थल अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह नागरिकों को शुद्ध वायु, प्राकृतिक सौन्दर्य एवं व्यायाम आदि के अवसर उपलब्ध कराते हैं तथा पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाते हैं। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुये अलीगढ़ महायोजना–2031 में वर्तमान पार्क/खुले स्थल, हरित पट्टिका, क्षेत्रीय पार्क तथा प्रदर्शनी स्थल को सम्मिलित करते हुये 3586.50 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 15.49 प्रतिशत है। पार्क एवं खुले स्थल भू–उपयोग सम्बन्धी प्रस्तावों का विवरण निम्नवत् है :–

#### पार्क/नियोजित खुले स्थल

इस भू–उपयोग के अन्तर्गत पार्क/नियोजित खुले स्थल हेतु 1167.84 हैक्टेयर भूमि को प्रस्तावित किया गया है, जो सम्पूर्ण महायोजना क्षेत्र का 5.04 प्रतिशत है।

#### हरित पट्टी

पर्यावरण और वाटर हार्वेस्टिंग के दृष्टिकोण से नगर में गुजरने वाली नदी/नहर/नाला/बम्बा/रजवाहा के दोनों ओर 15–15 मीटर तथा महायोजना के कृषि भू–उपयोग में राजस्व अभिलेखों में अंकित तालाब/जलाशय/पोखर

के चतुर्दिक 30–30 मीटर चौड़ी हरित पट्टिका का प्राविधान किया गया है। नगर निगम, अलीगढ़ द्वारा प्रस्तावित ठोस अपशिष्ट तथा बायो मेडिकल बेस्ड निस्तारण के स्थानों के चतुर्दिक 100 मीटर हरित पट्टिका का प्राविधान किया गया है। समस्त एन.एच. व एस.एच. के दोनों ओर 30–30 मीटर हरित पट्टिका का प्राविधान है।

**60.00 मीटर चौड़े मार्गों के दोनों तरफ 30–30 मीटर चौड़ी हरित पट्टिका के प्रस्ताव –**

- मथुरा मार्ग पर (ग्राम अजीतपुर आसना से मथुरा की ओर)
- आगरा मार्ग पर (ग्राम पड़ियावली से आगरा की ओर)
- कानपुर मार्ग पर (ग्राम बोनेर से कानपुर की ओर)
- रामघाट रोड पर (पी.ए.सी. से तालानगरी के मध्य एवं अपर गंगा कैनाल से)
- अनूपशहर मार्ग पर (ग्राम छेरत सुढ़ियाल में भारी उद्योग के पश्चात् अनूपशहर की ओर)
- दिल्ली मार्ग पर (ग्राम सिकन्दरपुर भुकरावली में बाहरी रिंग रोड से दिल्ली की ओर)
- बाहरी रिंग रोड पर
- अनूपशहर रोड से कानपुर रोड तक पूर्व दिशा की ओर समिति द्वारा बाहरी रिंग रोड की चौड़ाई 60.00 मीटर के स्थान पर 24.00 मीटर की गयी है, किन्तु ग्रीन बैल्ट की चौड़ाई को यथावत् (30–30 मीटर दोनों ओर) रखा गया है।

**45.00 मीटर चौड़े मार्गों के दोनों तरफ 30–30 मीटर चौड़ी हरित पट्टिका के प्रस्ताव**

- बरौली मार्ग पर (ग्राम मंजूरगढ़ी में बाहरी रिंग रोड से प्रारम्भ होकर बरौली की ओर)
- खैर मार्ग पर (ग्राम वाजिदपुर नादा में नाले से प्रारम्भ होकर अरैना नहर तक एवं खैर में प्रस्तावित 45.00 मीटर चौड़े बाईपास के दोनों ओर (जो कि खैर टप्पल मार्ग पर मिलता है, उससे खैर मार्ग पर विकास क्षेत्र की आखिरी सीमा तक ग्राम नारायणपुर तक)
- गौण्डा मार्ग पर (ग्राम शाहपुरकुतुब में नाले से प्रारम्भ होकर गौण्डा की ओर)
- खैर से छाता, खैर से इगलास, खैर से गभाना मार्ग पर

इसके अतिरिक्त अलीगढ़ महायोजना–2031 में विभिन्न स्थानों पर भी हरित पट्टिका के प्रस्ताव हैं, जो कि महायोजना मानचित्र में प्रदर्शित किये गये हैं। हाईटेंशन लाइन के दोनों ओर इण्डियन इलैक्ट्रिसिटी रूल्स के प्राविधानुसार हरित पट्टिका छोड़ा जाना प्रस्तावित है। अलीगढ़ महायोजना–2031 में 1075.81 हैक्टेयर भूमि हरित पट्टिका के रूप में प्रस्तावित की गई है, जो सम्पूर्ण महायोजना क्षेत्र का 4.65 प्रतिशत है।

**क्षेत्रीय पार्क**

महायोजना 2031 में क्षेत्रीय पार्क के पूर्व प्रस्ताव को यथावत् रखते हुये क्षेत्रीय पार्क से लगी हुई भूमि पर (दिल्ली–अलीगढ़ रेलवे लाईन के निकट) ग्राम महरावल में 534.20 हैक्टेयर भूमि क्षेत्रीय पार्क के अन्तर्गत प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल महायोजना क्षेत्र का 2.30 प्रतिशत है।

**रिवर बफर**

खैर नगर से गुजरने वाली करवन नदी जो कि नगरीय प्रस्तावों के मध्य से भी गुजरती है, के दोनों ओर 200–200 मीटर के रिवर बफर का प्राविधान किया गया है। इसी नदी के दोनों ओर कृषि क्षेत्र में 15–15 मीटर चौड़ी हरित् पट्टिका भी 287.67 हैक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित की गई है, जो सम्पूर्ण महायोजना क्षेत्र का 1.24 प्रतिशत है।

**प्रदर्शनी स्थल/नुमाइश ग्राउण्ड**

महायोजना–2031 में प्रदर्शनी स्थल/नुमाइश ग्राउण्ड के अन्तर्गत 19.10 हैक्टेयर भूमि महायोजना–2021 के अनुसार यथावत रखी गई है, जो कि कुल महायोजना क्षेत्र का 0.08 प्रतिशत है।

**शेखा झील**

अलीगढ़ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत कानपुर जी.टी. रोड से 05 किमी. दूर शेखा गाँव के पास लगभग 25.00 हैक्टेयर झील पर एक पक्षी अभयारण्य है, जिसमें शीत ऋतु में अनेक विदेशी पक्षी भी आते हैं। यह एक ताजे पानी का बारहमासी जल निकाय है, जो वर्ष 1854 में अपर गंगा कैनाल के निर्माण के उपरान्त अस्तित्व में आया है। यहाँ घूमने का सबसे अच्छा समय नवम्बर से फरवरी के बीच रहता है। यह अलीगढ़ का एक मात्र ईको सेन्सिटिव जोन है, जिसे बर्ड सैन्चुरी के रूप में संरक्षित किया जाना प्रस्तावित है। इसके आस–पास का क्षेत्र कृषि भू–उपयोग में प्रस्तावित है। वर्षा ऋतु में औसतन 650.00 मि.मी. वर्षा प्राप्त होती है। शेखा झील के चारों ओर लेक जोन (बफर जोन) एवं ईको–सेन्सिटिव जोन का कुल क्षेत्रफल 501.28 हैक्टेयर है जो कि सम्पूर्ण महायोजना क्षेत्र का 2.16 प्रतिशत है।

**लेक जोन (बफर जोन)**– अलीगढ़ महायोजना–2031 में शेखा झील के चारों ओर 200.00 मी0 का लेक–जोन प्रस्तावित किया गया है, जिसे बफर जोन के रूप में रखा गया है। इस जोन में केवल सरकारी विभागों के अवस्थापना के कार्य, मनोरंजन से सम्बन्धित कार्य/संरचनाएँ यथा– झूले, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेय जल, फुटपाथ, वॉचटॉवर, अस्थाई खान–पान स्थल, सुरक्षा चौकी इत्यादि अनुमन्य होंगे। उपरोक्त क्रियायें लेक जोन हेतु निर्धारित क्षेत्रफल के अधिकतम 05 प्रतिशत की सीमा के अन्दर विकसित की जा सकेंगी।

**ईको–सेन्सिटिव जोन**– लेक जोन के उपरान्त झील के चारों ओर का शेष क्षेत्र ईको–सेन्सिटिव जोन के रूप में चिन्हित किया गया है। ईको–सेन्सिटिव जोन में किये जाने वाले निर्माण जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार अनुमन्य होंगे, जिनका अधिकतम भू–आच्छादन 20 प्रतिशत व एफ.ए.आर. 0.4 प्रतिशत होगा। अन्य सभी मानक भवन उपविधि के अनुसार होंगे। ईको–सेन्सिटिव जोन में बेसमेन्ट अनुमन्य नहीं होगा।

### 10.2.7 यातायात एवं परिवहन

नगर के विकास में परिवहन एक प्रमुख कारक है, जो आवागमन के साथ–साथ माल/सामानों की ढुलाई करने व उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का साधन है। नगर के यातायात एवं परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाये रखने एवं विविध प्रकार की भावी परिवहन सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वर्तमान प्रस्तावों को यथावत् रखते हुये प्रस्तावित मार्ग, ट्रॉन्सपोर्ट नगर आदि के प्रस्ताव स्थल की उपयुक्तता एवं विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये महायोजना–2031 में 3990.01 हैक्टेयर भूमि का प्रस्ताव दिया गया है, जो कुल प्रस्तावित महायोजना क्षेत्र का 17.23 प्रतिशत है। यातायात व परिवहन सम्बन्धी प्रस्तावों का विवरण निम्नवत् है :–

**ट्रांसपोर्ट नगर**

खैर रोड पर ग्राम ल्हौसरा विसावन में दक्षिण की ओर एक ट्रॉन्सपोर्ट नगर तथा ग्राम अलहदादपुर, ग्राम पनैठी की सीमान्तर्गत गंगीरी व कानपुर मार्ग के मध्य दूसरा ट्रॉन्सपोर्ट नगर प्रस्तावित है। अलीगढ़ महायोजना–2031 में ट्रॉन्सपोर्ट नगर के पूर्व प्रस्तावों को यथावत् रखते हुये कुल 265.32 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो सम्पूर्ण महायोजना क्षेत्र का 1.14 प्रतिशत है।

**बस अड्डा**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में बस अड्डा भू–उपयोग में 48.99 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 0.21 प्रतिशत है।

**हवाई अड्डा**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में हवाई अड्डा हेतु 110.26 हैक्टेयर भूमि सुरक्षित रखी गई है। हवाई पट्टी की मध्य रेखा से दोनों ओर 125–125 मी0 तथा हवाई पट्टी के किनारे से आगे एवं पीछे 500 मी0 तक कोई निर्माण अनुमन्य नहीं होगा। इस दूरी के उपरान्त नागरिक उड्डयन अनुभाग के शासनादेश संख्या–202/छप्पन/2010, दिनाँक–04.02.2010 के प्राविधानुसार ही अनुमन्य ऊँचाई के भवन मानचित्र प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य किये जा सकेंगे।

**वर्तमान मार्ग / प्रस्तावित मार्ग**

अलीगढ़ महायोजना–2031 में 30.00 मीटर, 45.00 मीटर एवं 60.00 मीटर चौड़े मार्ग विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित किये गये हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 1353.62 हैक्टेयर है। वर्तमान / प्रस्तावित मार्ग के अन्तर्गत कुल 3292.34 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जो कुल महायोजना प्रस्तावों का 14.21 प्रतिशत है।

**रेलवे भूमि (फ्रेट कॉरीडोर सहित)**

रेलवे की हाईस्पीड डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर के अन्तर्गत अलीगढ़ से कानपुर की ओर दाउद खाँ रेलवे स्टेशन के पास डी.एफ.सी. का विशाल पाँच रेलवे ट्रैक का जंक्शन यार्ड बनाया गया है। जहाँ मालगाड़ियों के लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य होता है। इस हाईस्पीड डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर से नये औद्योगिक कार्य कलापों तथा मल्टी मॉडल मूल्य वर्धित सेवा केन्द्रों को सहायता प्रदान की जा सकेगी।

महायोजना–2031 में रेलवे भूमि (फ्रेट कॉरीडोर सहित) 273.10 हैक्टेयर क्षेत्र में है, जो कि कुल महायोजना क्षेत्र का 1.18 प्रतिशत है।

### 10.2.8 अन्य भू–उपयोग

**जलाशय / नदी / नाला / नहर / तालाब / रजवाहा**

महायोजना–2031 में जल स्रोतों के संरक्षण हेतु जलाशय / नदी / नाला / नहर / तालाब के अन्तर्गत 317.97 हैक्टेयर भूमि सुरक्षित रखी गई है। अलीगढ़ विकास क्षेत्र में स्थित राजस्व अभिलेखों में अंकित जलाशय / तालाब तथा शमशान घाट / कब्रिस्तान आदि की भूमि को यथावत् रखा जायेगा तथा महायोजना के प्रस्तावित भू–उपयोग में यथा सम्भव सभी जलाशय / तालाब तथा शमशान घाट / कब्रिस्तान आदि को अंकित किये जाने का प्रस्ताव है, परन्तु मानचित्र के मापक के अनुरूप लघु क्षेत्रफल के स्थलों के दृष्टिगत जलाशय / तालाब एवं शमशान घाट / कब्रिस्तान आदि की भूमि राजस्व विभाग के अभिलेखों के अनुसार ही मान्य होंगे भले ही प्रस्तावित भू–उपयोग मानचित्र में उनके स्थान पर अन्य भू–उपयोग का प्रस्ताव हो।

**बाग**

अलीगढ़ महायोजना–2031 के अन्तर्गत 28.66 हैक्टेयर भूमि बाग के रुप में विद्यमान है।

**वन क्षेत्र**

प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़ के द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं के अनुसार ग्राम नगोला, रठगवाँ, पला माजरा, कस्तली वैश्य, सिकन्दरपुर छेरत, छेरत सुढ़ियाल एवं महेशपुर में कुल 387.11 हैक्टेयर भूमि वन / परिसरों हेतु आरक्षित है, जिसमें से 356.95 हैक्टेयर शेष भारतीय वन अधिनियम 1927 के अधीन वन भूमि घोषित किया गया है एवं वृक्षारोपण हेतु संरक्षित है तथा शेष भूमि कृषि वानिकी चेतना केन्द्र तथा कार्यालय / कर्मचारी परिसर हेतु है। अलीगढ़ महायोजना–2031 के अन्तर्गत वन क्षेत्र के रूप में 356.95 हैक्टेयर भूमि आरक्षित रखे जाने का प्राविधान किया गया है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 1.54 प्रतिशत है।

**शमशान / कब्रिस्तान**

अलीगढ़ महायोजना–2031 के अंतर्गत शमशान / कब्रिस्तान हेतु 7.91 हेक्टेयर भूमि विद्यमान है।

### 10.2.9 कृषि क्षेत्र

**कृषि**

तालिका–11 के अनुसार अलीगढ़ एवं हरदुआगंज क्षेत्र हेतु कुल 23156.95 हैक्टेयर भूमि विभिन्न उपयोगों हेतु प्रस्तावित की गई है तथा शेष 49365.74 हैक्टेयर भूमि को कृषि भूमि के रूप में दर्शाया गया है।

**हाईवे फैसेलिटी जोन**

महायोजना नगरीकरण सीमा के बाहर स्थित ग्रामीण क्षेत्र के लिये व्यवसायिक, सामाजिक एवं आर्थिक सुविधाओं तथा मार्गीय सुविधाओं की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय राजमार्गों व निर्मित/निर्माणाधीन/प्रस्तावित बाईपास के दोनों तरफ 30–30 मीटर हरित पट्टिका के पश्चात् नगर के विकास की सम्भावित क्षमता का आंकलन करते हुये अधिकतम 300 मीटर की गहराई तक हाइवे फैसिलिटी जोन भू–उपयोग का प्रस्ताव दिया गया है। हाइवे फैसेलिटी जोन की श्रेणी को कृषि भू–उपयोग का ही भाग माना जायेगा। हाइवे फैसेलिटी जोन में कोई भूखण्ड/भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रान्तीय राजमार्ग एवं बाईपास से सम्बद्ध होने के साथ–साथ यदि चक मार्ग से भी सम्बद्ध है तो उक्त चकमार्ग के मध्य से न्यूनतम 12.00 मीटर का मार्गाधिकार सुनिश्चित किया जाना होगा, जिसमें किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नहीं होगा। हाईवे फैसेलिटी भू–उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य क्रियाएँ इस भू–उपयोग हेतु प्रस्तावित जोनिंग रेगुलेशन में अनुमन्य क्रियाओं के अनुसार होंगी। महायोजना में प्रस्तावित हाईवे फैसेलिटी, जोन से सम्बद्ध भूखण्ड पर क्रियाओं की अनुमति जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार इस शर्त के साथ अनुमन्य की जायेगी कि हाईवे फैसेलिटी में आने वाले भूखण्ड हाइवे से सीधे सम्बद्ध हो, पर हाईवे फैसेलिटी जोन भू–उपयोग अनुमन्य किया जा सकेगा।

महायोजना–2031 में स्थित मुख्य मार्गों पर हाईवे–फैसिलिटी भू–उपयोग हेतु 1268.53 हैक्टेयर का प्रस्ताव किया गया है।

नीचे उल्लिखित नवगठित शहरी स्थानीय निकायों को महायोजना–2031 में सम्मिलित किया गया है, जिनका विवरण तालिकावार दर्शाया गया है–

*तालिका–34*

**महायोजना 2031 में सम्मिलित नवगठित शहरी स्थानीय निकाय**

| नाम | स्थिति |
|---|---|
| पिसावा | नगर पंचायत |
| चण्डौस | नगर पंचायत |
| जवाँ सिकन्दरपुर | नगर पंचायत |
| गभाना | नगर पंचायत |
| मडराक | नगर पंचायत |
| बरौली | नगर पंचायत |
| जलाली | नगर पंचायत |
| पिलखना | नगर पंचायत |
| कौड़ियागंज | नगर पंचायत |
| खैर | नगर पालिका परिषद |

**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–35*

## खैर (न.पा.प) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्मित | 124 | 3.79% |
| आवासीय | 1299 | 39.72% |
| व्यावसायिक | 176 | 5.38% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 381 | 11.65% |
| औद्योगिक | 362 | 11.07% |
| यातायात और परिवहन | 320 | 9.79% |
| पार्क और खुली जगह | 542 | 16.57% |
| जलाशय (नाला, तालाब, पोखर आदि) | 66 | 2.02% |
| **कुल** | **3270** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–36*

## पिसावा (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्मित | 62 | 22.46% |
| आवासीय | 81 | 29.35% |
| व्यवसायिक | 17 | 6.16% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 25 | 9.06% |
| यातायात और परिवहन | 53 | 19.20% |
| पार्क और खुली जगह | 35 | 12.68% |
| जलाशय (नाला, तालाब, पोखर आदि) | 3 | 1.09% |
| **कुल** | **276** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–37*

## बरौली (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्मित | 28 | 18.67% |
| आवासीय | 44 | 29.33% |
| व्यवसायिक | 6 | 4.00% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 18 | 12.00% |
| यातायात और परिवहन | 27 | 18.00% |
| पार्क और खुली जगह | 27 | 18.00% |
| **कुल** | **150** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–38*

## चण्डौस (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्मित | 51 | 25.00% |
| आवासीय | 58 | 28.43% |
| व्यवसायिक | 7 | 3.43% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 21 | 10.29% |
| यातायात और परिवहन | 31 | 15.20% |
| पार्क और खुली जगह | 36 | 17.65% |
| **कुल** | **204** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी

*तालिका–39*

## गभाना (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्मित | 70 | 31.67% |
| आवासीय | 54 | 24.43% |
| व्यवसायिक | 10 | 4.52% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 28 | 12.67% |
| यातायात और परिवहन | 35 | 15.84% |
| पार्क और खुली जगह | 24 | 10.86% |
| **कुल** | **221** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–40*

## जलाली (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्मित | 27 | 6.62% |
| आवासीय | 176 | 43.14% |
| व्यवसायिक | 15 | 3.68% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 56 | 13.73% |
| यातायात और परिवहन | 43 | 10.54% |
| पार्क और खुली जगह | 91 | 22.30% |
| **कुल** | **408** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–41*

## जवाँ सिकन्दरपुर (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| **भूमि उपयोग** | **क्षेत्रफल (हैक्टेयर)** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| निर्मित | 50 | 7.99% |
| आवासीय | 113 | 18.05% |
| व्यवसायिक | 25 | 3.99% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 59 | 9.42% |
| औद्योगिक | 235 | 37.54% |
| यातायात और परिवहन | 66 | 10.54% |
| पार्क और खुली जगह | 78 | 12.46% |
| **कुल** | **626** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–42*

## पिलखना (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| **भूमि उपयोग** | **क्षेत्रफल (हैक्टेयर)** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| निर्मित | 45 | 11.51% |
| आवासीय | 132 | 33.76% |
| व्यवसायिक | 24 | 6.14% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 32 | 8.18% |
| यातायात और परिवहन | 45 | 11.51% |
| पार्क और खुली जगह | 113 | 28.90% |
| **कुल** | **391** | **100.00%** |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–43*

## कौड़ियागंज (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| **भूमि उपयोग** | **क्षेत्रफल (हैक्टेयर)** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| निर्मित | 34 | 7.87% |
| आवासीय | 189 | 43.75% |
| व्यवसायिक | 21 | 4.86% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 35 | 8.10% |
| यातायात और परिवहन | 52 | 12.04% |
| पार्क और खुली जगह | 101 | 23.38% |
| कुल | 432 | 100.00% |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

*तालिका–44*

## मडराक (न.प.) प्रस्तावित भू–उपयोग 2031

| भूमि उपयोग | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्मित | 19 | 14.39% |
| आवासीय | 42 | 31.82% |
| व्यवसायिक | 6 | 4.55% |
| सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | 18 | 13.64% |
| यातायात और परिवहन | 24 | 18.18% |
| पार्क और खुली जगह | 23 | 17.42% |
| **कुल** | **132** | **100.00%** |

**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 10.2.10 आपदा प्रबंधन परियोजनाएँ

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अनुसार देश के प्रत्येक राज्य के सभी जिलों के लिए अलग–अलग एक आपदा प्रबंधन योजना (डी.एम.पी.) तैयार की जानी है।

**आपदा पूर्व तैयारी**

भूमि उपयोग योजना के लिए माइक्रो–जोनेशन सर्वेक्षणों को संदर्भित किया जाना चाहिये और क्षेत्रीय योजनाएँ और ले–आउट योजनाएँ तैयार करते समय इस पर विचार किया जाना चाहिये। उच्च विकास दर वाले चयनित क्षेत्रों के लिए भूकंपीय सूक्ष्म–क्षेत्रीकरण को प्राथमिकता पर लिया जाना चाहिये। संवेदनशीलता अध्ययन और खतरे की पहचान के आधार पर, जिसमें मिट्टी की स्थिति, भूकंप की संभावित तीव्रता, क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, आदि सम्मिलित हैं, स्थानीय स्तर पर भूमि उपयोग जोनिंग और योजना बनाई जानी चाहिये। बिल्डिंग उपनियमों में मल्टीहैजर्ड सेफ्टी और रेट्रोफिटिंग के पहलुओं को सम्मिलित किया जाना चाहिये। परिभाषित तीव्रता के भूकंप को झेलने की क्षमता के लिए सार्वजनिक भवनों (जैसे अस्पताल, शैक्षिक, संस्थागत, बिजलीघर, स्टेशन, आदि) बुनियादी ढांचे मानकों के अन्तर्गत होने चाहिये।

**आपदा प्रबंधन के बाद**

यह देखा गया है कि किसी भी आपदा के बाद आमतौर पर संचार लाइनें टूट जाती हैं और आवश्यक सेवाएँ बाधित हो जाती हैं। इसलिए, प्रमुख संचार केंद्रों को प्राकृतिक आपदाओं यानी बाढ़ आदि से बचाया जाना चाहिये और सेवाओं की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया जाना चाहिये। ऐसी घटनाओं के लिए प्रत्येक सम्बंधित विभाग में आवश्यक सेटअप बनाया जाना चाहिये।

### 10.2.11 नदी केन्द्रित विकास

नदी केन्द्रित नगर नियोजन दिशा–निर्देश आवासन और नगरी कार्य मंत्रालय/भारत सरकार द्वारा दिनांक 18.05.2019 को नदी केन्द्रित नगर नियोजन दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं, जिनको राज्य सरकारों को भी अंगीकृत करने हेतु आग्रह किया गया है। उक्त दिशा–निर्देशों की शुरुआत वर्ष 1986 में पर्यावरण एवं वन जलवायु विकास एवं औद्योगिक गतिविधियों को नियोजित किये जाने हेतु किया गया। उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत ''नदी क्षेत्रीय विकास योजना'' तैयार करना है। उक्त योजना के अन्तर्गत जल आपूर्ति में वृद्धि, प्रदूषण को नियंत्रित करना, भूमि का उपयोग एवं प्रबंधन तथा पर्यावरण के अनुरूप विकास को बढ़ावा देना है। अतः नगरों में नदी के तटों के विकास में उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित किया जाना प्रस्तावित है, इसके अन्तर्गत विकास क्षेत्र की महायोजना में नदी के किनारों

को संरक्षित करने हेतु हरित पट्टिका, रिवर फ्रंट डेवलपमेन्ट को प्रस्तावित किया गया है। शासनादेशों के अन्तर्गत नगरीय सीमा में नदियों को दो भागों में बाँटा गया है।

प्रथम श्रेणी में नगर का वह भाग सम्मिलित है, जिसमें शहर की नदियों और उसकी सहायक नदियों, (तटबंद्ध अथवा तटबंद्ध के बगैर) के समीप आधारभूत सुविधायें यथा सड़कें, भवन (आवासीय, व्यवसायिक, मनोरंजनात्मक) मन्दिर एवं घाट आदि विद्यमान हैं।

द्वितीय श्रेणी की परिधि में वह नगरीय क्षेत्र सम्मिलित हैं, जिसमें नदियों और उसकी सहायक नदियों उपनगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र (तटबंद्ध अथवा तटबंद्ध के बगैर), के समीप आधारभूत विकास मध्यम श्रेणी का है तथा भूमि मुख्यतः प्राकृतिक, वनस्पति, वन, कृषि अथवा चारागाह के रूप में काम ली जा रही है।

उक्त दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत नदियों के सक्रिय बाढ़ क्षेत्र को उच्च बाढ़ स्तर परिभाषित किया गया है, जो नदी की धारा या दो तटबंद्धो के बीच या दो सड़कों के मध्य जो नदी के दोनों ओर तटबंद्ध की तरह काम करती है, या उच्च बाढ़ स्तर/सक्रिय बाढ़ क्षेत्र पिछले 100 वर्षों की बाढ़ स्तर के आधार पर परिभाषित किया जायेगा।

ये क्षेत्र उच्च और मध्यम प्रभाव के क्षेत्र हो सकते हैं, जो स्थानीय धरातलीय स्थितियों पर निर्भर करेगा। मैदानी क्षेत्रों में यह प्रभाव क्षेत्र, नदी के चौड़ाई के आधार पर 1 से 3 किलोमीटर चौड़े हो सकते है।

### 10.2.12 निषिद्ध उपयोग एवं गतिविधियाँ

1. सक्रिय बाढ़ क्षेत्र एवं निश्चित विकास एवं निर्माण क्षेत्र में अस्पताल, नर्सिंग होम एवं आवासीय निर्माण जहाँ रहने वाले लोग बाढ़ की स्थिति में शीघ्रता से बाहर नहीं जा सकते हैं।
2. पुलिस स्टेशन, फायर स्टेशन, वाहन एवं उपकरण, भण्डारण सुविधायें एवं आकस्मिक परिचालन केन्द्र जो बाढ़ से पहले, बाढ़ के दौरान एवं बाढ़ के बाद उपयोग में लिये जाते हैं।
3. भवन या सुविधायें जिनका उपयोग अति अस्थिर ज्वलनशील, विस्फोटक, विषाक्त एवं जल प्रतिक्रियाशील पदार्थ में भण्डारण हेतु है।
4. गैर सरकारी संस्था, प्राइवेट एजेन्सी जो भूजल का व्यापारिक प्रयोजनार्थ दोहन करते हैं निश्चित विकास एवं निर्माण क्षेत्र में अनुज्ञा नहीं है।

### 10.2.13 अनुमन्य उपयोग/गतिविधियाँ

इस क्षेत्र में पार्क, उद्यान, खेल के मैदान, खेल सुविधायें, शमशान, कब्रिस्तान, अनुमन्य होंगे तथा इन सुविधाओं के लिए पार्किंग की सुविधा का प्राविधान महायोजना/भवन विनियमन में दिये गये प्राविधानों के अनुसार होगा। उक्त क्षेत्र में पक्के निर्माण अनुमन्य नहीं होंगे। फुटपाथ व ट्रैक्स यथा संभव पर्मीएबल एवं सेमीपर्मीएबल परफोरेटेड ब्लाक के प्रयोग से ही बनाये जायें।

### 10.2.14 विशेष परिस्थितियों में प्राधिकृत प्राधिकरण द्वारा अनुमत उपयोग/गतिविधियाँ

विनिश्चित विकास एवं निर्माण क्षेत्र में विशेष परिस्थितियों में प्राधिकृत प्राधिकरण द्वारा खुला थियेटर, मनोजरंनात्मक उपयोग तथा इनके कर्मचारियों हेतु आवासीय सुविधा, खेल क्लब, मिल्क बूथ, कृषि उत्पाद एवं कॉर्पोरेटिव मार्केटिंग एवं प्रसंस्करण से सम्बन्धित संस्था, सार्वजनिक शौचालय एवं जल पर्यटन विकास से सम्बन्धित परियोजनाएँ आदि अनुमन्य हैं। उपरोक्त नीति में दिये गये दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत सम्बन्धित विभागों से समन्वय से एक नगरीय नदी प्रबन्ध योजना बनाया जाना उचित होगा।

अलीगढ़ महायोजना–2031 में काली नदी, करवन नदी, सेंगर नदी के लिये ग्रीन बफर प्रस्तावित किया गया है। शेखा झील के संरक्षण हेतु झील के आस–पास का क्षेत्र ईको सेंसेटिव जोन के रूप में अंकित किया गया है साथ ही शेखा झील के किनारे ग्रीन बफर भी प्रस्तावित किया गया है।

## 10.3 शासकीय नीतियों का अनुपालन

### 10.3.1 आवास नीति, इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति, हाईटेक टाउनशिप नीति

1. अलीगढ़ महायोजना–2031 में रिहायशी, कार्यक्षेत्र तथा मनोरंजन स्थल पर पारस्परिक सामंजस्य व सम्बद्धता रखी गई है, जिससे ऊर्जा का संरक्षण हो सके तथा यात्रा की दूरी व समय में कटौती लायी जा सके, जिससे कि यातायात पर सबसे अधिक भार न हो। उक्त के अतिरिक्त अलीगढ़ विकास क्षेत्र को 22 जोन्स में विभाजित किया गया है एवं प्रत्येक जोन में व्यवसायिक क्रियाएँ व सामुदायिक सुविधायें, उपयोगिताएँ व सेवाओं को आवासीय उपयोग के साथ सम्बद्ध किया जायेगा।
2. पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण पर ध्यान दिया गया है, जिसके अन्तर्गत वन क्षेत्र, तालाब एवं पोखरों नाला आदि को संरक्षित किया गया है तथा अतिरिक्त खुले स्थल अथवा पार्क प्रस्तावित किये गये हैं।
3. प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र में आने वाली ग्रामीण आबादियों को उचित सम्पर्क मार्गों से आपस में सम्बद्ध किया गया है तथा प्रत्येक जोन का जोनल प्लान तैयार करते समय उक्त आबादियों हेतु आधारभूत अवस्थापना सम्बन्धी सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था कराई जायेगी।
4. नगर की अनाधिकृत एवं अविकसित कालोनियों में भी आधारभूत अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध कराने एवं उन्हें उचित व्यवस्थानुसार नियमित किये जाने का सुझाव है।
5. दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के आबादियों में शासन द्वारा जारी जोनिंग रेगुलेशन के आधार पर भूतल पर सेवा एवं कुटीर उद्योगों को अनुमन्य किये जाने का प्राविधान किया गया है।
6. महायोजना तैयार करते समय आधुनिक तकनीकी (जी.आई.एस.) का उपयोग किया गया है तथा कम्प्यूटर के माध्यम से अधिकांश कार्य किये गये है।

अलीगढ़ नगर में इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति, हाईटेक टाउनशिप नीति के विकास हेतु कोई पंजीकरण नहीं हुआ है और न ही अभी तक किसी ने इसमें रूचि दिखाई हैं।

### 10.3.2 उ0 प्र0 पर्यटन नीति

अलीगढ़ नगर जैन तीर्थ धाम मंग्लायतन, शेखा झील तथा खेरेश्वर महादेव मन्दिर आदि के निकट स्थित होने के कारण इन स्थलों पर आने वाले व्यक्तियों का प्रमुख ठहराव स्थल बन गया है। अतः नगर में होटल, गेस्ट हाउस, मॉल आदि के निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि आरक्षित की गयी है।

### 10.3.3 सौर उर्जा नीति

अलीगढ़ शहर एक एतिहासिक केन्द्र एवं पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है और भविष्य में शहर में पर्यटकों की संख्या में आमूल–चूल वृद्धि होने की सम्भावना है। इस उद्देश्य के परिपेक्ष में अलीगढ़ शहर को एनर्जी एफिशिएन्ट बनाए जाने हेतु सोलर सिटी के रूप में विकसित किये जाने की अनुशंसा की जाती है।

### 10.3.4 रेन वाटर हार्वेस्टिंग नीति

जीवन में पर्यावरण के अस्तित्व के लिए जल एक अनिवार्य प्राकृतिक संसाधन है, परन्तु ग्राउण्ड वाटर स्रोत के अनियोजित ढ़ंग से तथा मनमानी मात्रा में अति दोहन के कारण ग्राउण्ड वाटर स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। परिणामस्वरूप शहरों की बढ़ती आबादी को समुचित जलापूर्ति करने में भविष्य में कठिनाई हो सकती है। ऐसी स्थिति में यदि पेयजल के उपयोग एवं ग्राउण्ड वाटर के स्रोतों के संरक्षण, मितव्यता, जल प्रयोग तथा रिचार्जिंग में समुचित जल प्रन्बधन द्वारा सन्तुलन स्थापित नहीं किया गया तो निकट भविष्य में पेयजल का भारी संकट पैदा हो सकता है। इस ओर शासन द्वारा भी ध्यान आकर्षित किया गया है तथा समुचित व्यवस्था हेतु प्राविधान करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

प्रस्ताव–

1. नगरीय क्षेत्र में प्राकृतिक जलाशयों, तालाबों अथवा पोखरों को चिन्हित कर संरक्षित किये जायें जिसमें किसी अन्य प्रकार का उपयोग अनुमन्य न किया जाये।
2. राजस्व अभिलेखों के अनुसार दर्ज सभी जलाशय/नाले का भू–उपयोग महायोजना–2031 में जलाशय/नाले ही माना जायेगा भले ही उनके आकार छोटे होने के कारण मानचित्र में प्रदर्शित नहीं किया जा सका है।
3. जहाँ तक हो सके ऐसे प्राकृतिक जलाशय एवं तालाब/पोखर के आस–पास की भूमि को मनोरंजन की दृष्टि से विकसित किया जाये जिससे कि नगर की जनता को दोहरे लाभ हो सकें।
4. 20 एकड़ से अधिक विभिन्न योजनाओं के ले–आउट प्लान में पार्क एवं खुले क्षेत्रों के अन्तर्गत कुल योजना क्षेत्र की लगभग 05 प्रतिशत भूमि जलाशय के रूप में विकसित की जाये। ऐसे जलाशयों का न्यूनतम क्षेत्रफल 01 एकड़ तथा गहराई 06 मीटर रखे जाने का प्राविधान है।
5. 20 एकड़ से कम क्षेत्रफल की योजनाओं में उपरोक्तानुसार जलाशय अथवा पार्क/ग्रीन बैल्ट के अनुसार निर्धारित मानक के अनुरूप एक कोने में रिचार्ज वेल/रिचार्ज टैंक बनाया जाये।
6. नई योजना बनाने से पूर्व क्षेत्र का जूलोजीकल/हाइड्रो–जूलोजीकल सर्वेक्षण कराया जाये ताकि ग्राउण्ड वाटर रिचार्जिग हेतु स्थानीय आवश्यकतानुसार उपरोक्त पद्धति को अपनाया जा सके।
7. पार्कों का निर्माण (पक्के पेवमेन्ट सहित) 05 प्रतिशत से अधिक न किया जाये तथा फुटपाथ व ट्रैक्स यथा सम्भव पर्मीयेबल एवं सेमीपर्मीयेबल परफोरेटिड ब्लॉक के प्रयोग से बनाये जायें।
8. सड़कों/पार्कों तथा खुले स्थानों में वृक्षारोपण हेतु ऐसे पौधों की प्रजातियों का चयन किया जाये, जिनको जल की न्यूनतम आवश्यकता हो, जिससे वे ग्रीष्म ऋतु में भी हरे–भरे रह सकें।
9. जहाँ तक सम्भव हो सके सड़कों के किनारे ब्रिक ओवऐज/जूल स्टोन पेवमेन्ट का प्राविधान किया जाये ताकि ग्राउन्ड वाटर की रिचार्जिंग हो सके। 1000 वर्गमीटर एवं इससे अधिक क्षेत्रफल के समस्त उपयोगों के भूखण्डों एवं ग्रुप हाउसिंग योजनाओं में छतों एवं खुले स्थानों से प्राप्त होने वाले बरसाती जल को ग्राउण्ड वाटर चार्जिंग के लिये अनिवार्य किया जाये। रेनवाटर हार्वेस्टिंग को भविष्य में निर्मित होने वाले शासकीय भवनों के लिये भी अनिवार्य किया जाये तथा पूर्व निर्मित शासकीय भवनों में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज प्रणाली को अपनाया जाये।

### 10.3.5 फिल्म नीति

अलीगढ़ नगर में अनेक छविगृह विद्यमान हैं। फिल्म नीति के अन्तर्गत निर्मित एवं विद्यमान सिनेमा हॉलों को संरक्षित किये जाने का प्रस्ताव है। मल्टीप्लेक्स हेतु भूमि महायोजना में प्रस्तावित व्यवसायिक भू–उपयोग के अन्तर्गत उपलब्ध हो सकेगी।

### 10.3.6 सूचना प्रौद्योगिक नीति

1. प्रति एकड़ भूमि, न्यूनतम 200 कर्मी रोजगार उपलब्ध कराने वाली सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा क्षेत्र की इकाई को, प्रति कर्मी रु. 15000/– की दर से भूमि की लागत के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति की जायेगी। प्रदत्त रोजगार निरन्तर न्यूनतम एक वर्ष के लिए होना आवश्यक है यह प्रतिपूर्ति सरकारी अभिकरणों से क्रय की जाने वाली भूमि पर तत्समय प्रचलित सेक्टर दरों पर प्रदान की जायेगी। इस छूट की प्रतिपूर्ति राजकीय बजट से की जायेगी।
2. फ्लोर एरिया रेशियो (एफ.ए.आर.) आई.टी. सिटी और आई.टी. पार्क सहित, सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा/बी.पी.एस. ईकाइयों को न्यूनतम फ्लोर एरिया रेशियो (एफ.ए.

आर.) तीन तथा अतिरिक्त एक (क्रय करने योग्य, बिल्डिंग बायलाज में तत्समय लागू नियमों के आधार पर) किया जाना अनुमन्य होगा।

3. ऐसी सूचना प्रौद्योगिकी/बी.पी.ओ. इकाइयाँ जिनमें कम से कम 20 तक अधिकतम 50 व्यक्ति काम करते हों, मास्टर प्लान अथवा भू–उपयोग वर्गीकरण के बावजूद, सार्वजनिक, अर्द्ध–सार्वजनिक सुविधाओं, यातायात एवं परिवहन, पार्क एवं खुले क्षेत्र, हरित पट्टिका तथा कृषि भू–उपयोग को छोड़कर, कहीं भी स्थापित की जा सकेंगी।

### 10.3.7 आपदा प्रबंधन नीति

1. देश में समय–समय पर आये भूकम्पों को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा समय–समय पर जारी भूकम्परोधी शासनादेशों एवं सुरक्षात्मक प्राविधानों को शत–प्रतिशत अनुपालन किये जाने का प्रस्ताव है। भूकम्प से सुरक्षा हेतु सभी प्राविधानों के अनुपालन उपरान्त ही किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमन्य होगा तथा उसके अनुरूप स्ट्रक्चरल डिजाइन तैयार किये जाने का प्राविधान है।
2. अग्नि सुरक्षा की अपेक्षाओं से सम्बन्धित शासन द्वारा जारी एवं माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में अपेक्षित प्राविधानों की व्यवस्था सभी भवनों में भवन निर्माण की स्वीकृति के समय सुनिश्चित की जायेगी। इसके अतिरिक्त ऐसे सभी भवन जो पूर्व में बन चुके है। निर्माणाधीन है, मानचित्र स्वीकृत है, परन्तु निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, परन्तु उनमें वर्तमान में अग्नि सुरक्षा की अपेक्षाओं को पूर्ण नहीं करते हैं में भी उपयुक्त प्राविधान कराया जाना प्रस्तावित है।

### 10.3.8 औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति

महायोजना–2031 में 2799.22 हैक्टेयर भूमि अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र में उद्योग हेतु प्रस्तावित की गयी है। औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र निवेश नीति 2004 के क्रम में शासनादेश संख्या–3352/9–आ–3–04–12विविध/2004 दिनांक–23.08.2004 के अनुसार नगरीय हाट/बाजारों की स्थापना भूमि हेतु प्रदर्शनी स्थल के रूप में चिन्हित की गयी है। जहाँ लघु एवं सेवा तथा कुटीर उद्योग को प्रदर्शन व विक्रय किया जा सकेगा तथा औद्योगिक उपयोग से सम्बन्धित अन्य व्यवसायिक क्रियायें विकसित हो सकेंगी।

### 10.3.9 अन्य

भूमि मूल्य में उत्पन्न विषमताओं के निराकरण के लिये महायोजना के पुनरीक्षण अथवा परिक्षेत्रीय विकास योजना तैयार किये जाने के कारण "निम्न भू–उपयोग से उच्चीकृत भू–उपयोग" में प्रस्तावित भूमि के स्वामियों से ''नगरीय उपयोग प्रभार'' उद्ग्रहीत करने हेतु अधिनियम में संशोधन के माध्यम से विधिक व्यवस्था का प्राविधान किया जाना प्रस्तावित है। उक्त व्यवस्था के प्रभावी होने पर अभिकरणों द्वारा नगरीय उपयोग प्रभार उद्ग्रहीत किया जा सकेगा।

महायोजना में हरित क्षेत्रों/ग्रीन बैल्ट और जनसुविधाओं के लिये आरक्षित भूमि को भू–स्वामी द्वारा शासकीय अभिकरण के पक्ष में निःशुल्क समर्पित किये जाने की दशा में उक्त भूमि के सापेक्ष सम्बन्धित भू–स्वामियों को आवासीय उपयोग का ''ट्रॉन्स्फरेबल डेवलपमेन्ट राइट्स'' प्रदान करने की व्यवस्था लागू की जायेगी।

महायोजना में प्रस्तावित भू–उपयोगों, शासन द्वारा निर्गत नीतियों एवं पर्यावरणीय संरक्षण के सम्बन्ध में नीति निर्धारण से सम्बन्धित प्रस्ताव महायोजना में दिये गये हैं, जिन नीतिगत विषयों पर वर्तमान में प्राविधान विद्यमान है, किन्तु जिनका नीति निर्धारण में समावेश/उल्लेख नहीं हो पाया है अथवा नीतिगत विषयों पर शासन द्वारा भविष्य में नीतिगत प्राविधान निर्गत किये जाते हैं, तो शासन के निर्देशानुसार सम्बन्धित अभिकरण द्वारा अंगीकार किये जाने की स्थिति में महायोजना में निर्दिष्ट नीतिगत प्राविधान उस सीमा तक संशोधित माने जायेंगे।

## 10.4 नियोजन खण्ड

**अलीगढ़ महायोजना–2031 (जोन)**

अलीगढ़ विकास क्षेत्र के सुनियोजित विकास हेतु सम्पूर्ण विकास क्षेत्र को विभिन्न नियोजन खण्डों में विभक्त किया गया है, जिनका विवरण निम्नवत् है–

*तालिका–45*

**अलीगढ महायोजना–2031 जोन्स**

| जोन | क्षेत्र |
|---|---|
| जोन 1 | निर्मित आवासीय क्षेत्र |
| जोन 2 | आगरा रोड और कानपुर रोड (जी.टी. रोड) के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 3 | आगरा रोड और मथुरा रोड के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 4 | खैर रोड और मथुरा रोड के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 5 | खैर और दिल्ली रोड के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 6 | दिल्ली रोड और बरौली रोड के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 7 | बरौली रोड और बरेली रेलवे लाइन के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 8 | बरेली रेलवे लाइन और रामघाट रोड के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 9 | रामघाट रोड और कानपुर रोड के मध्य का क्षेत्र |
| जोन 10 | खैर रोड का क्षेत्र |
| जोन 11 | खैर–करवन नदी के लिए छोड़ा गया क्षेत्र |
| जोन 12 | बाईपास मिलने तक खैर–क्षेत्र राईट से करवन नदी तक |
| जोन 13 | मेरठ खैर रोड बाईपास के बाद का क्षेत्र |
| जोन 14 | शेखा झील और उसके आसपास का क्षेत्र |
| जोन 15 | जलाली क्षेत्र |
| जोन 16 | कौड़ियागंज क्षेत्र |
| जोन 17 | पिलखना क्षेत्र |
| जोन 18 | जवाँ सिकन्दरपुर |
| जोन 19 | बरौली |
| जोन 20 | गभाना |
| जोन 21 | चण्डौस |
| जोन 22 | पिसावा |

**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी.

नियोजित विकास को सुनिश्चित करने के लिये इन विभिन्न क्षेत्रों के जोनल प्लान प्राथमिकता के आधार पर तैयार किये जायेंगे।

## 10.5 चरणबद्ध विकास

### 10.5.1 परिचय

महायोजना के अनुसार संतुलित एवं संगठित विकास सुनिश्चित करने हेतु दीर्घकालीन अवधि को अलग–अलग चरणों में विभाजित करना व विकास गतिविधियों/क्रियाओं की प्राथमिकताएँ निर्धारित करने के साथ तद्नुसार क्षेत्रीय योजनाएँ बनाया जाना आवश्यक हैं, ताकि मूलभूत सुविधाओं का चरणबद्ध रूप से विकास किया जा सके। शहरी क्षेत्र के विकास हेतु तैयार की गई दीर्घकालीन विकास योजना के प्रस्तावों के अनुसार विकास कार्यों की योजना एवं क्रियान्वयन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसे स्वीकृत नीति के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में भू–उपयोग करने हेतु क्रियान्वयन संस्थाओं द्वारा महायोजना के प्रति वचनबद्धता एवं सम्मान प्रमुख बिन्दु है।

नियोजित विकास सुनिश्चित करने हेतु चरणबद्ध किया जाता है। अलीगढ़ महायोजना 10 वर्ष के अंतराल हेतु तैयार किया जा रहा है एवं क्षितिज वर्ष को 2 चरणों की अवधि अर्थात 5–5 वर्ष में विभक्त किया गया है। प्रथम चरण को अधिकतम 5 वर्ष के अंतराल में पूर्ण करना होगा। जैसा कि महायोजना में आवश्यकतानुसार चरणबद्ध किया जाता है। प्रथम चरण में विचलन का अनुमान लगाया जाएगा एवं दूसरे चरण में विकास कार्यों को सम्पादित किया जाएगा। प्रथम चरण की अवधि वर्ष 2021–26 तक है।

### 10.5.2 तत्काल चरण 1. प्रमुख कार्य

1. **ज़ोनल योजनाएँ**
   - ✦ महायोजना में प्रस्तावित भू–उपयोग के आलोक में ज़ोनल प्लान तैयार करना, जिसमें विकास कार्यों, क्रियान्वयन, प्राथमिकताओं एवं कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण हो, क्षेत्रीय योजनाओं को लागू करने हेतु आवश्यक वित्तीय पहलू को भी योजना का भाग बनाया जाना चाहिये।
   - ✦ शहरी क्षेत्र के अनावश्यक विस्तार को रोकने तथा उपजाऊ कृषि भूमि को दीर्घ समय तक शहरीकरण से पृथक करने हेतु आगामी 5 वर्षों में विकसित किये जाने वाले चिन्हित क्षेत्रों हेतु ज़ोनल योजनाएँ तैयार कराई जानी चाहिये।
   - ✦ महायोजना एवं ज़ोनल योजना के सन्दर्भ में विस्तृत यातायात एवं परिवहन योजना एवं जलापूर्ति योजना, जल एवं सीवेज निस्तारण योजना एवं शहरी अपशिष्ट के संग्रहण, ट्रीटमेंट एवं उपयोग हेतु विस्तृत योजनाएँ आवश्यक विशेषज्ञ की सहायता से पंचवर्षीय आधार पर तैयार की जानी चाहिये।
2. **अवसंरचना विकास एवं उन्नयन**
   - ✦ आवास एवं विकास परिषद, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, उद्यान विभाग आदि द्वारा अधोसंरचना सुविधाओं का विकास कार्यबल द्वारा परियोजनाओं की पहचान हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करने की आवश्यकता है।
   - ✦ शहर में मूलभूत सुविधाओं एवं सार्वजनिक सुविधाओं की व्यवस्था को प्राथमिकता देना।
3. **स्वच्छ एवं हरित क्षेत्र कार्य योजना**
   - ✦ एक स्वच्छ एवं हरित कार्य योजना बनाने हेतु – इसमें भूमि स्थल को चिन्हित किया जाना सम्मिलित होगा, जिसे शहर में पार्क के रूप में लिया जा सकता है। वर्तमान पार्कों का पुनर्विकास एवं उन्नयन व नदी सम्मुख विकास एवं प्राकृतिक विशेषताओं का संरक्षण।
   - ✦ पर्यावरण एवं प्रदूषण का विस्तृत अध्ययन कर भविष्य की आवश्यकताओं के सन्दर्भ में पर्यावरण योजना एवं कार्यक्रम तैयार करना।

मानचित्र–14

अलीगढ के विभिन्न जोन्स का मानचित्र




स्रोत– ए.आई.आई.एल.एस.जी

4. **निजी क्षेत्र की भागीदारी**

- ✦ सभी विकास कार्यों में निजी क्षेत्र की भागीदारी की सम्भावनाओं का अध्ययन करना, उत्तरदायी निजी संस्थाओं की पहचान करना एवं कार्यान्वयन कार्यक्रमों एवं नीतियों का निर्धारण करना।

5. **निर्मित क्षेत्र कार्य योजना (Built Area Action Plan)/मुख्य शहर कार्य योजना (Core City Action Plan)**

- ✦ शहर के निर्मित क्षेत्र विकास हेतु विस्तृत योजना तैयार करना एवं पुनर्विकास की स्थिति में संरचनाओं के चिन्हिकरण हेतु कार्य योजना तैयार करना।
- ✦ शहर में यातायात एवं परिवहन सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण हेतु शहरी डिजाइन प्रस्तावों सहित कार्य योजना एवं व्यवहार्यता तैयार करना।

6. **क्रियान्वयन निगरानी**

- ✦ निगरानी एवं कार्यान्वयन हेतु एक समर्पित समिति नियुक्त करना।
- ✦ निगरानी हेतु जी.आई.एस. विधियों को लागू करना एवं इसे प्राप्त करने हेतु कर्मचारियों को आवश्यक क्षमता निर्माण प्रदान करना।
- ✦ महायोजना के अनुरूप अथवा महायोजना के विपरीत किये जा रहे विकास कार्यों को नियमित रूप से अंकित करना तथा इन कार्यों के आकार एवं स्वरूप को मानचित्र पर अंकित करना।

वर्तमान में यह देखा गया है कि महायोजना प्रस्ताव के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक समयावधि में कार्य योजनाएँ एवं कार्यक्रम/योजनाएँ तैयार नहीं की जाती हैं। यह भी देखा गया है कि विकास गतिविधियों हेतु कार्यकारी ऐजेंसीज़ द्वारा स्थानीय नीतियों का पालन किया जाता है, जोकि शहर के समग्र विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं। इससे मूलभूत सुविधाओं को लागू करने में समय लगता है एवं पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। यह सुझाव दिया जाता है कि कार्यान्वयन प्रक्रिया की जाँच हेतु एक निगरानी समिति का गठन किया जाये।

### 10.5.3 महायोजना क्रियान्वयन के अनुश्रवण

वर्तमान में, महायोजना प्रस्तावों के अनुसार अथवा महायोजना प्रस्तावों के विपरीप, नियमित रूप से विकास एवं निर्माण कार्यों को चिन्हित करने हेतु, उनके कार्य के अनुसार मानचित्र तैयार करने व उससे उत्पन्न होने वाली सम्भावित समस्याओं को निर्धारित करने एवं उनके निस्तारण हेतु एक निश्चित व नियमित प्रभावी निगरानी बहुत ही महत्वपूर्ण है। सामान्यतः विकास प्राधिकरण के पास महायोजना के कार्यान्वयन से उत्पन्न होने वाली सकारात्मक क्रियाओं एवं नकारात्मक समस्याओं की भौगोलिक व वित्तीय प्रकृति व आकार का आंकलन नहीं होता है। इसकी अनुपस्थिति के कारण, सुधार की आवश्यकता का भी ठीक से आंकलन नहीं किया जाता है।

वर्तमान में निगरानी हेतु कई विधि उपलब्ध हैं। इसमें नवीनतम एवं आधुनिक विधि जी.आई.एस. तकनीक है। इस तकनीक का प्रयोग कर विकास गतिविधियों का मानचित्र तैयार कर अनाधिकृत एवं अनियोजित विकास एवं निर्माण कार्य की पहचान कर कार्यवाही की नियमित निगरानी हेतु प्राधिकरण प्रारम्भ कर एक निगरानी प्रकोष्ठ स्थापित किया जाना चाहिये जोकि वर्तमान में कार्यरत् प्रवर्तन अनुभाग से भिन्न है। इसके अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किये जाने आवश्यक हैं।

- ✦ शहरी क्षेत्र में सभी प्रकार के विकास एवं निर्माण कार्यों को महायोजना एवं क्षेत्रीय योजना मानचित्र पर अंकित करना।
- ✦ अनाधिकृत विकास एवं निर्माण कार्यों का विस्तृत विवरण तैयार करना।
- ✦ महायोजना के अनुसार विकास एवं निर्माण कार्यों में निजी क्षेत्र की भागीदारी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं की पहचान कर वैकल्पिक व्यवस्था प्रस्तावित करना। विकास के अधिकांश क्षेत्रों में चरणबद्धता

दो चरणों में की जाती है, चरण का अंतराल क्षेत्र की समस्या के निस्तारण करने/विचलन के समाधान में लगने वाले समय पर निर्भर करता है एवं दूसरे चरण का उपयोग विकास हेतु किया जाता है।

**सरकारी ऐजेंसीज़ की भूमिका**

1. केन्द्र एवं राज्य क्षेत्रों के आवास एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना।
2. शहरों के नियोजित विकास हेतु अधिनियमों के प्राविधानों एवं नियामक उपायों (नियम, आदेश, दिशानिर्देश आदि) का प्रभावी कार्यान्वयन।
3. अनाधिकृत कॉलोनियों, झुग्गी बस्तियों (स्लम), अवैध निर्माणों एवं रिहायशी क्षेत्रों में अवैध/गैर–अनुरूप गतिविधियों के प्रसार को नियंत्रित करना।
4. महायोजना के अन्तर्गत समयबद्ध तरीके से आंचलिक विकास योजनाओं को तैयार करना एवं नियमित रूप से अद्यतन करना व उनके तहत अनौपचारिक क्षेत्र (स्लम निवासियों व आवासहीन नागरिक) हेतु उचित प्राविधान करना।
5. आवास एवं पर्यावास कार्य योजना तैयार करना व किसी विशेष शहर हेतु आवास की कमी एवं भविष्य की आवश्यकता का आंकलन करके इसका समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
6. निजी क्षेत्र की भागीदारी हेतु राज्य सरकार द्वारा घोषित हाई–टेक टाउनशिप एवं न्यू टाउनशिप पॉलिसी–2023 के तहत निजी विकासकर्ताओं (डेव्लेपर्स) के सामाजिक दायित्वों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु स्वीकृत परियोजनाओं को लागू करना।

### निगरानी समिति

| | समिति में अनुशंसित पद |
|---|---|
| उपाध्यक्ष, अलीगढ विकास प्राधिकरण | अध्यक्ष |
| नगर आयुक्त, नगर निगम, अलीगढ़ | सदस्य |
| सहयुक्त नियोजक, संभागीय खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग | सदस्य |
| उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा मनोनीत व्यक्ति | सदस्य |
| मुख्य नगर नियोजक, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण | सदस्य संयोजक |
| मुख्य अभियन्ता, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण | सदस्य |

## 10.6 स्ट्रैटजिक प्लान एवं वित्त पोषण

महायोजना प्रस्तावों के कार्यान्वयन हेतु भूमि एवं वित्तीय संसाधनों की उचित व्यवस्था होना आवश्यक है। सरकार द्वारा बजटीय सहायता प्राप्त कर तथा विकास एजेंसीज़ द्वारा बजटीय सहायता प्राप्त कर तथा विकास एजेंसीज़ द्वारा वित्तीय संस्थाओं से दीर्घकालीन ऋण प्राप्त कर अधोसंरचना सुविधाओं के विकास की वर्तमान पद्धति भविष्य के विकास की आवश्यकताओं की दृष्टि से पर्याप्त नहीं है। शहरी क्षेत्र का विकास एक सत्त प्रक्रिया है, जिसमें शहरी प्रशासन एवं विकास अभिकरणों को अपने स्वयं के आंतरिक संसाधनों की व्यवस्था एवं प्रबन्धन में व्यापक परिवर्तन करने होंगे। खुले बाजार के इस काल में निशुल्क सुविधाओं एवं सेवाओं को भी वर्तमान मानसिकता से त्यागना होगा। प्रत्येक

सुविधा एवं सेवा हेतु व्यय की लागत प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ता को स्वयं वहन करनी होगी। विकास कार्यों में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ानी होगी एवं विकासकर्ताओं को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करना होगा, ताकि अपेक्षित विकास हो सके।

### 10.6.1 प्रमुख संसाधन जुटाने हेतु स्रोत

1. भू–सम्पत्ति बैंक की स्थापना : नवीनतम सेटेलाइट इमेज एवं जी.आई.एस. तकनीकी के आधार पर विकास क्षेत्र एवं नगर निगम की समस्त भूमि का मानचित्रण एवं विस्तृत विवरण देना। सैटेलाइट इमेज के आधार पर सभी भूमि का वास्तविक माप लेना एवं राजस्व रिकॉर्ड से मिलान करके अतिरिक्त भूमि को चिन्हित करना। प्रत्येक राजस्व ग्राम में बहुत अधिक अतिरिक्त भूमि होती है। इस भूमि का उपयोग भविष्य के विकास हेतु किया जा सकता है।
2. वास्तविक उपयोग के आधार पर शमन शुल्क का निर्धारण : शहरी क्षेत्र में कई ऐसे भवन हैं, जिनका उपयोग स्वीकृत से अधिक अथवा पूर्ण रूप से अनाधिकृत रूप से व्यवसायिक उद्देश्यो हेतु किया जा रहा है एवं इन सम्पत्तियों को हटाया जाना सम्भव नहीं है। ऐसी सभी सम्पत्तियों को चिन्हित कर उनकी मैपिंग की जानी चाहिये। अशमनीय सम्पत्ति पर दो गुना शमन शुल्य निर्धारित किया जाना चाहिये।
3. फेरीवाले से मासिक किराये हेतु निर्धारण : शहरी क्षेत्रों में कई फेरीवाले वाहन सार्वजनिक भूमि पर स्थाई रूप से खड़े रहते है, विशेष तौर पर रात्रि के समय। ऐसे सभी वाहनों से अतिरिक्त रूप में अनाधिकृत निर्माण पर मासिक किराया वसूला जाना चाहिये।
4. सामान्यतः शहरी क्षेत्र में अनुमन्य एफ.ए.आर. की अधिकतम सीमा 1.5 निर्धारित की जानी चाहिये एवं अतिरिक्त एफ.ए.आर. को चिन्हित स्थानों पर विक्रय किया जाना चाहिये। मूलभूत संरचना की उपलब्धता के आधार पर प्राधिकरण द्वारा 1.5 से एफ.ए.आर. को बिक्री योग्य बनाया जा सकता है।
5. भूमि एवं निर्मित सम्पत्ति के वास्तविक उपयोग के आधार पर उपयोगकर्ता शुल्क एवं प्रभाव शुल्क में परिवर्तन किया जाना चाहिये।
6. प्रमुख मूलभूत संरचना परियोजनाओं को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पी.पी.पी.) के आधार पर प्रारम्भ किया जाना चाहिये।
7. भविष्य में सड़क चौड़ीकरण एवं हरित पट्टी हेतु छोड़े गए क्षेत्र का तत्काल उपयोग किया जाना चाहिये एवं उपरोक्त उद्देश्यों हेतु छोड़ी गई भूमि हेतु अतिरिक्त एफ.ए.आर. प्रदान किया जाना चाहिये।
8. इस प्रकार संस्थाएँ निरन्तर प्रयासों से विभिन्न माध्यमों से अपनी वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ कर अलीगढ़ के विकास में सक्रिय योगदान दे सकती हैं।

### 10.6.2 भूमि संग्रहण एवं प्रबन्धन

मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु 'संसाधन जुटाने' हेतु संसाधन के रूप में भूमि का उपयोग करने पर विशेष बल दिया जायेगा, ताकि ''आत्मनिर्भर विकास'' सुनिश्चित किया जा सके।

### 10.6.3 भूमि संग्रहण हेतु अनुसंशाएँ

भूमि अधिग्रहण हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सुगम बनाकर शहरी विकास में किसानों/भूस्वामियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एक प्रगतिशील भूमि अधिग्रहण नीति बनाई जानी चाहिये। नई नीति के अन्तर्गत सामाजिक प्रभाव आंकलन की प्रक्रिया में जन भागीदारी को यथासम्भव बढ़ाया गया है तथा क्षतिपूर्ति प्रणाली एवं विस्थापित व्यक्तियों के पुर्नवास हेतु उपयुक्त प्राविधान किये गये हैं।

**लैण्ड पूलिंग योजना**

भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अन्तर्गत सामान्य रूप से भूमि अधिग्रहण कराना जटिल होता जा रहा है। कानूनी विवाद भी होते हैं एवं भूमि अधिग्रहण में देरी होती है। अतः राज्य सरकार की कल्याण नीति के तहत किसानों को अपनी भूमि बसाने हेतु कई विकल्प दिये गये हैं, लैण्ड पूलिंग योजना एक ऐसा ही विकल्प है। वर्तमान में, एकीकृत टाउनशिप नीति एवं हाईटेक टाउनशिप नीतियाँ भूमि पूलिंग पर आधारित हैं, जहाँ प्राधिकरण अथवा सरकार की प्रत्यक्ष भागीदारी है। इस योजना के अन्तर्गत विकास प्राधिकरण द्वारा चयनित भू–स्वामियों की भूमि को विकास/पुनर्विकास हेतु पूल करके ले–आउट तैयार किया जाता है एवं भूमि अधिग्रहण के बिना अधोसंरचना विकास किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत भूमि सड़कों, मूलभूत सुविधाओं, पार्कों एवं खुले क्षेत्रों, सामुदायिक सुविधाओं आदि हेतु आरक्षित हैं एवं भूमि के कुछ भाग का उपयोग प्राधिकरण द्वारा मूलभूत ढांचे के विकास के व्यय को पूर्ण करने हेतु किया जाता है, जबकि मूलभूत ढांचे के विकास के परिणामस्वरूप पुनर्निर्मित भूखण्ड के मूल्य में वृद्धि होगी। सम्बन्धित भू–स्वामियों को उनके स्वामित्व वाली भूमि के अनुपात में पुनर्वितरित किया जाता है एवं आरक्षित भूमि को सार्वजनिक सुविधाओं के रूप में प्राधिकरण को निशुल्क स्थानांतरित कर दिया जाता है। इस पद्धति के अन्तर्गत भू–स्वामियों के सहयोग से सुनियोजित शहरी विकास सुनिश्चित किया जायेगा एवं भूमि अधिग्रहण हेतु किसी प्रकार के धन की आवश्यकता नहीं होगी। राज्य शहरी आवास एवं पर्यावास नीति–2014, लैंड पूलिंग योजना के मानकों की अनुशंसा करती है, जिन्हें अपनाया जा सकता है।

**किसानों से सीधे तौर पर भूमि क्रय**

भूमि संग्रहण हेतु यह भी विकल्प अनुमन्य होगा कि विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास बोर्ड तथा अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय एजेंसीज़ आपसी सहमति से अपनी योजनाओं हेतु सीधे भूमि क्रय कर सकें।

**हस्तांतरणीय विकास अधिकार**

महायोजना के अन्तर्गत सार्वजनिक सुविधाओं एवं महायोजना सड़कों हेतु आरक्षित भूमि के बदले भू–स्वामियों को 'विकास अधिकारों के हस्तांरण' (Transfer of Development Rights, TDR) के रूप में मुआवजा दिया जाता है, जो जनता के विकास हेतु स्थानीय एजेंसी को निशुल्क भूमि प्रदान करते हैं। टी.डी.आर. नीति के अनुसार, भू–स्वामी को दिया गया 'विकास अधिकार प्रमाण पत्र' (Development Rights Certificate, DRC) उस भूमि हेतु अनुमन्य तल क्षेत्र अनुपात (Floor Area Ratio, FAR) का उपयोग कहीं और किया जा सकता है अथवा भूमि स्वामी को उक्त तल पर किसी अन्य व्यक्ति को पूर्ण अथवा आंशिक रूप से स्थानांतरित भी किया जा सकता है, जो व्यक्ति इसे क्रय करता है वह अतिरिक्त फ्लोर एरिया की गणनानुसार अपनी भूमि पर निर्माण कर सकता है। टी.डी.आर. अवधारणा भारत के कई राज्यों में प्रचलित है एवं किसी भी नियोजित क्षेत्र में आरक्षण क्षेत्रों को लागू करने हेतु एक सफल प्रक्रिया रही है, जहां सार्वजनिक सुविधाएँ निजी सम्पत्ति के अंतर्गत आती हैं। टी.डी.आर. वर्तमान महायोजना में प्रमुख अनुशंसाओं में से एक है, जो शहर के मुख्य क्षेत्रों हेतु, विशेष रूप से खुले स्थान एवं पार्कों को आत्मसात करने के लिये, पुनर्विकास प्रक्रिया को सुनिश्चित करने हेतु है।

अध्याय–11

# जोनिंग रेगुलेशन्स

## 11.1 परिचय

### 11.1.1 जोनिंग के उद्देश्य

महायोजना में सामान्यतः प्रमुख भू–उपयोगों यथा आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, कार्यालय, सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक सुविधाएँ, पार्क एवं खुले स्थल, कृषि, आदि को ही दर्शाया जाता है। प्रमुख भू–उपयोगों के अन्तर्गत अनुमन्य अनुषांगिक क्रियाएँ (Activities) जिन्हें महायोजना मानचित्र पर अलग से दर्शाया जाना सम्भव नही है, की अनुज्ञा जोनिंग रेगुलेशन्स के आधार पर प्रदान की जाती है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा नई योजनाओं में भी विविध अनुषांगिक (Ancillary/Incidental) क्रियाओं/उपयोगों का प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन्स तथा प्रभावी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार किया जाना अपेक्षित है ताकि जन–स्वास्थ्य, कल्याण एवं सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### 11.1.2 जोनिंग रेगुलेशन्स की मुख्य विशेषताएँ

1. नगरों के परिवर्तनशील, भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश में विभिन्न क्रियाओं/उपयोगों का विकास एक सत्त प्रक्रिया है। प्रस्तुत जोनिंग रेगुलेशन्स में प्रमुख भू–उपयोग जोन्स के अन्तर्गत विभिन्न क्रियाओं/उपयोगों की अनुमन्यता को समय के परिपेक्ष्य में अनुक्रियाशील (Responsive) बनाने तथा अनुज्ञा की प्रक्रिया को सरलीकृत किये जाने के उद्देश्य से समुचित प्राविधान किये गये हैं। आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स की प्रमुख विशेषताएँ (Salient Features) निम्न प्रकार हैं–
2. परम्परागत जोनिंग रेगुलेशन्स में व्याप्त जटिलताओं को समाप्त कर सरल बनाया गया है। इस हेतु प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में विभिन्न क्रियाओं की अनुमन्यता को ग्राफिक्स प्रस्तुतिकरण (Matrix) के माध्यम से सर्वग्राही (User Friendly) बनाया गया है।
3. परम्परागत (Regimented) भू–उपयोग पद्धति के स्थान पर "Flexible" एवं "मिश्रित भू–उपयोग" कान्सेप्ट को अपनाया गया है, जो नगरों के गतिशील विकास में प्रोत्साहन स्वरूप होगा।
4. मिश्रित भू–उपयोगों की अनुमन्यता, उनकी अनुषांगिकता तथा कार्यपूर्ति मापदण्डों पर आधारित की गई है। ताकि परस्पर आश्रित भू–उपयोग की ऑपरेशनल एवं आर्थिक कार्यक्षमता में वृद्धि हो और किसी भी प्रमुख–उपयोग जोन का मूल स्वरूप विकृत न होने पाये।
5. जोनिंग रेगुलेशन्स के आधार पर अनुमन्य क्रियाओं हेतु प्रभाव शुल्क लिये जाने की व्यवस्था की गई है, जिसके फलस्वरूप प्राधिकरण को अवस्थापना विकास कार्यों हेतु अतिरिक्त संसाधन प्राप्त होंगे।
6. जोनिंग रेगुलेशन में ''फ्लोटिंग'' भू–उपयोग कॉन्सेप्ट अपनाया गया है जिसके अनुसार ऐसी क्रियायें जो महायोजना/जोनल प्लान में परिकल्पित नहीं हैं, को भविष्य में गुण अवगुण के आधार पर सम्बन्धित भू–उपयोग जोन में अनुमन्य किया जा सकेगा।
7. प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में विभिन्न क्रियाओं/उपयोगों की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया निर्धारित की गई है तथा विशेष अनुमति से अनुमन्य किये जाने वाले उपयोगों के परीक्षण एवं विकास प्राधिकरण बोर्ड की संस्तुति के लिये एक समिति के गठन की व्यवस्था की गई है।

8. नियोजित कॉलोनियों में अविवेकपूर्ण भू–उपयोग परिवर्तन को नियंत्रित रखने हेतु निर्मित क्षेत्र (नगरीय) एवं ''आवासीय'' जोन्स के चिन्हीकरण की व्यवस्था की गयी है, जिन्हें प्राधिकरण द्वारा आवश्यकतानुसार महायोजना / जोनल प्लान / सेक्टर प्लान / ले–आउट प्लान में चिन्हित किया जा सकता है।

9. जोनिंग रेगुलेशन्स के आधार पर अनुमन्य क्रियाओं हेतु प्रभाव शुल्क लिये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिसके फलस्वरूप प्राधिकरण / परिषद को अवस्थापना विकास कार्यों हेतु अतिरिक्त संसाधन प्राप्त होंगे।

### 11.1.3 विभिन्न क्रियाओं / उपयोगों की अनुज्ञा श्रेणियाँ

महायोजना में प्रस्तावित प्रमुख भू–उपयोग जोन्स के अन्तर्गत विभिन्न क्रियाओं / उपयोगों की निम्न अनुज्ञा श्रेणियाँ होंगी–

**(क) अनुमन्य उपयोग**

वह क्रियाएँ / उपयोग जो सम्बन्धित प्रमुख भू–उपयोगों के अनुषांगिक होंगे तथा सामान्यतः अनुमन्य होंगे।

**(ख) सशर्त अनुमन्य उपयोग**

वह क्रियाएँ / उपयोग जो कार्यपूर्ति के आधार पर सम्बन्धित प्रमुख भू–उपयोगों में अनिवार्य शर्तो एवं प्रतिबन्धों के साथ अनुमन्य होंगे। अनिवार्य शर्तें एवं प्रतिबन्ध प्रस्तर–11.3 में दिए गए हैं।

**(ग) सक्षम प्राधिकारी की विशेष अनुमति से अनुमन्य उपयोग**

वह क्रियाएँ / उपयोग जो आवेदन किए जाने पर निर्माण के प्रकार के संदर्भ में अवस्थापनाओं की संरचना तथा आस–पास के क्षेत्र पर पड़ने वाले पर्यावरण प्रभाव, आदि अर्थात गुण–दोष को दृष्टिगत रखते हुए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से अनुमन्य होंगे। विशेष अनुमति से अनुमन्य क्रियाओं हेतु अपेक्षाएँ प्रस्तर–11.4 में दी गई हैं।

**(घ) निषिद्ध उपयोग**

वह क्रियाएँ / उपयोग जो सम्बन्धित प्रमुख भू–उपयोग जोन में अनुमन्य नही होंगे। निषिद्ध क्रियाओं के अन्तर्गत सूचीबद्ध क्रियाओं के अतिरिक्त ऐसी सभी क्रियाएँ तथा विकास / निर्माण कार्य जो प्रमुख उपयोग के अनुषांगिक नही हैं अथवा उपरोक्त (क), (ख) अथवा (ग) श्रेणी के अनुमन्य क्रियाओं की सूची में सम्मिलित नही हैं, की अनुमति नही दी जाएगी।

**(ङ) अस्थायी क्रियाएँ**

ऐसी क्रियाएँ जिसमें किसी विशेष प्रयोजन हेतु जनसामान्य एकत्र होते हों तथा जो पूर्णतः अस्थायी रूप से अल्प अवधि के लिए स्थापित होती हैं। ऐसी क्रियाओं की अनुमन्यता सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने–अपने ततसमय प्रचलित नियमों / अधिनियमों के अन्तर्गत प्रदान की जायेगी। उक्त प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर–11.4 ''प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में सशर्त अनुमन्य क्रियाओं / उपयोगों हेतु अनिवार्य शर्तें एवं प्रतिबन्ध'' की शर्त कोड–16 पर भी लागू होंगी।

### 11.1.4 फ्लोटिंग उपयोग

महायोजना लागू होने के उपरान्त प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में कतिपय क्रियाएँ / उपयोग नगरों के परिवर्तनशील भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक तथा राजनैतिक परिवेश में आवश्यकतानुसार प्रस्तावित किए जाते हैं जो समय की माँग के अनुसार व्यवहारिक होते हैं, परन्तु महायोजना अथवा जोनिंग रेगुलेशन्स में परिकल्पित नहीं हैं। इस प्रकार के उपयोगों में बस / ट्रक / रेल / हवाई टरमिनल, थोक मार्केट काम्पलेक्स, सार्वजनिक उपयोगिताएँ एवं सेवाएँ यथा विद्युत् सब–स्टेशन,

ट्रीटमेंट प्लान्ट्स, इत्यादि सम्मिलित हो सकते हैं। ऐसी क्रियाओं को अनुमन्य किए जाने हेतु कई बार अधिनियम के अन्तर्गत भू–प्रयोग परिवर्तन की प्रक्रिया अपनाया जाना अपरिहार्य हो जाता है जो अन्यथा प्रत्येक मामले में औचित्यपूर्ण न हो। अतः आवश्यकतानुसार ऐसी क्रियाओं/उपयोगों की अनुमन्यता हेतु ''फ्लोटिंग उपयोग'' (Floating Use) कान्सेप्ट अपनाया गया है।

''फ्लोटिंग उपयोग''/क्रियाओं के लिए महायोजना में अलग से ''जोन'' आरक्षित किया जाना सम्भव नही है क्योंकि ऐसे उपयोग की जानकारी विकासकर्ता/निर्माणकर्ता द्वारा अनुज्ञा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर ही हो सकेगी और उस उपयोग की प्रकृति तथा उसके कार्यपूर्ति मापदण्ड (Performance Standard) से ही तय हो सकेगा कि उसे किस भू–उपयोग जोन में अनुमन्य किया जाए। ''फ्लोटिंग उपयोग'' कान्सेप्ट अपनाए जाने के फलस्वरूप जोनिंग प्रणाली में Flexibility रहेगी। इसका यह भी लाभ होगा कि किसी एक भू–उपयोग जोन में नॉन–कन्फर्मिंग उपयोगों का केन्द्रीयकरण नही हो सकेगा। इसके अतिरिक्त ''फ्लोटिंग'' उपयोग के फलस्वरूप किसी भू–उपयोग जोन की प्रधान प्रकृति (Dominant Character) पर पड़ने वाले कुप्रभाव अथवा होने वाले ह्रास पर अंकुश लगाने तथा सम्बन्धित क्षेत्र में अवस्थापनाओं पर अनावश्यक दबाव को नियन्त्रित रखने हेतु यह प्राविधान किया गया है कि फ्लोटिंग उपयोग यदि उस जोन में सामान्यतः अनुमन्य नही है, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष अनुमति से गुण–अवगुण के आधार पर अनुमन्यता के सम्बन्ध में निर्णय लिया जाएगा।

### 11.1.5 प्रभाव शुल्क

विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित योजनाओं/नियोजित रूप से विकसित क्षेत्रों में जहाँ नियोजन मानकों के अनुसार अनुषांगिक क्रियाओं का प्राविधान किया जा चुका है, के अन्तर्गत वर्तमान अथवा भविष्य में कतिपय अन्य क्रियाओं/उपयोगों की अनुज्ञा हेतु आवेदन प्राप्त हो सकते हैं/होंगे। ऐसे आवेदनों पर जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर 11.7.3 में निहित प्राविधानों के अधीन ही विचार किया जाएगा। इन क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी जोनिंग रेगुलेशन्स में निहित प्राविधानों के आधीन विचार किया जायेगा। यदि निम्न भू–उपयोग जोन में उच्च उपयोग की अनुज्ञा प्रदान की जाती है तो इसके फलस्वरूप सम्बन्धित क्षेत्र में यातायात, अवस्थापनाओं तथा पर्यावरण पर प्रभाव पड़ेगा, अतः ऐसी अनुज्ञा के समय आवेदक द्वारा ''प्रभाव शुल्क'' (Impact Fee) देय होगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि जिन प्रकरणों में उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 के अधीन भू–उपयोग परिवर्तन निहित हो, में भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क देय होगा जबकि जोनिंग रेगुलेशन्स के आधार पर अनुमन्य क्रियाओं/उपयोगों हेतु केवल प्रभाव शुल्क देय होगा। प्रभाव शुल्क उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली, 2014 में निहित व्यवस्थानुसार वसूल किया जायेगा। प्रभाव शुल्क की राशि सामान्यतः अनुमन्य एवं सशर्त अनुमन्य क्रियाओं हेतु उक्त नियामावली में निर्धारित शुल्क की 25 प्रतिशत तथा विशेष अनुमति से अनुमन्य क्रियाओं हेतु 50 प्रतिशत होगी। प्रभाव शुल्क का आंकलन विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद की वर्तमान सेक्टर (आवासीय) दर, प्राधिकरण/परिषद की दर न होने की दशा में भूमि के विद्यमान भू–उपयोग के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित वर्तमान सक्रिल रेट के आधार पर किया जाएगा। विभिन्न भू–उपयोग जोन्स का ''निम्न'' से ''उच्च'' क्रम एवं प्रभाव शुल्क के निर्धारण की पद्धति जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर 11.6 में दी गई है।

**प्रभाव शुल्क निम्न परिस्थितियों में देय नही होगा :–**

1. निर्मित क्षेत्र में सामान्यतः अनुमन्य क्रियाओं/उपयोगों हेतु।
2. मिश्रित भू–उपयोग जोन में शासकीय एवं अर्द्ध–शासकीय अभिकरणों द्वारा विकसित की जाने वाली सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक सुविधाओं/ क्रियाओं हेतु।

3. विभिन्न प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में अस्थायी रूप से (अधिकतम समय सीमा एक सप्ताह) अनुमन्य की जाने वाली क्रियाओं/उपयोगों हेतु।

4. राज्य सरकार द्वारा घोषित विभिन्न नीतियों–पर्यटन नीति, सूचना प्रौद्योगिकी नीति, फिल्म नीति, आदि के अधीन जिन क्रियाओं/उपयोगों को शासकीय आदेशों के अनुसार कतिपय भू–उपयोग जोन्स में अनुमन्य किया गया है, हेतु प्रभाव शुल्क देय नही होगा यथा पार्क एवं खुले स्थल, बाग–बगीचे, हरित क्षेत्र, वन क्षेत्र, संकटमय उद्योग, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, भू–उपयोगों को छोड़कर अन्य समस्त भू–उपयोगों में होटल की अनुमन्यता तथा आवासीय क्षेत्र में पाँच के.वी.ए. क्षमता तक की सूचना प्रौद्योगिकी इकाईयाँ/सूचना प्रौद्योगिकी पार्क की अनुमन्यता हेतु प्रभाव शुल्क देय नहीं होगा।

5. होटल अथवा व्यवसायिक उपयोग से भिन्न उपयोग में होटल की अनुमन्यता हेतु परिवर्तन शुल्क/प्रभाव शुल्क देय नही होगा।

### 11.1.6 अनुज्ञा की प्रक्रिया

विकास क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रमुख भू–उपयोग जोन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अन्य क्रियाओं की विशेष अनुमति दिये जाने से पूर्व ऐसे प्रत्येक मामले में एक समिति द्वारा परीक्षण किया जाएगा तथा समिति की संस्तुति प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। उक्त समिति में निम्न सदस्य होंगे –

(i) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश अथवा उनके प्रतिनिधि,

(ii) विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी,

(iii) अध्यक्ष, विकास प्राधिकरण द्वारा नामित प्राधिकरण बोर्ड के एक गैर–सरकारी सदस्य।

जोनिंग रेगुलेशन्स के अधीन आवेदक द्वारा किसी क्रिया अथवा उपयोग की अनुज्ञा अधिकार स्वरूप प्राप्त नही की जा सकेगी।

### 11.1.7 अन्य अपेक्षाएँ

✦ महायोजना में चिन्हित प्रमुख भू–उपयोग जोन्स के अन्तर्गत किसी क्रिया या विशिष्ट उपयोग हेतु प्रस्तावित स्थल पर विकास/निर्माण, उस क्रिया या विशिष्ट उपयोग की अनुषांगिकता के अनुसार ही अनुमन्य होगा। उदाहरणार्थ, सामुदायिक सुविधाओं में अस्पताल उपयोग के अन्तर्गत केवल अस्पताल तथा उसकी अनुषांगिक क्रियाएँ ही अनुमन्य होंगी।

✦ महायोजना में प्रस्तावित किसी भू–उपयोग जोन के अन्तर्गत वर्तमान वन क्षेत्र या सार्वजनिक सुविधाओं एवं उपयोगिताओं से सम्बन्धित स्थल, जैसे पार्क, क्रीड़ा–स्थल तथा सड़क आदि का वर्तमान वास्तविक उपयोग वही रहेगा भले ही महायोजना में उन स्थलों का प्रमुख भू–उपयोग अन्यथा दर्शाया गया हो।

✦ यदि अधिनियम के अन्तर्गत किसी परिक्षेत्र (जोन) की परिक्षेत्रीय विकास योजना या किसी स्थल का ले–आउट प्लान सक्षम स्तर से अनुमोदित है तो ऐसी स्थिति में उक्त स्थल/भूखण्ड का अनुमन्य भू–उपयोग परिक्षेत्रीय विकास योजना या विन्यास मानचित्र में निर्दिष्ट उपयोग के अनुसार होगा। ऐसे स्थलों/भूखण्डों पर जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर 11.3, 11.4 एवं 11.5 के प्राविधानों के अनुसार ''सामान्यतः अनुमन्य'' क्रियाओं को छोड़कर ''सशर्त अनुमन्य'' एवं ''विशेष अनुमति से अनुमन्य'' क्रियाओं की अनुमति निम्न समिति की संस्तुति पर प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन से प्रदान की जायेगी–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ.प्र. अथवा उनके प्रतिनिधि | सदस्य |
| 3 | अध्यक्ष, विकास प्राधिकरण द्वारा नामित प्राधिकरण बोर्ड के एक गैर–सरकारी सदस्य | सदस्य |

परन्तु ''विशेष अनुमति से अनुमन्य'' क्रियाओं हेतु प्रत्येक प्रकरण में गुण–अवगुण के आधार पर उपरोक्त समिति द्वारा निम्न व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायेंगी–

1. प्रमुख भू–उपयोग जोन में किसी प्रकार की ध्वनि/धुआँ/दुर्गन्ध इत्यादि के प्रदूषण की सम्भावना न हो।
2. प्रस्तावति क्रिया यथा–सम्भव मुख्य भू–उपयोग के बाहरी क्षेत्र/किनारों पर मुख्य मार्ग पर अथवा पृथकीकृत रूप में स्थित हो।
3. प्रस्तावित क्रिया की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जायेगी कि भवन का :–

3.1. प्रमुख भू–उपयोग जोन की आधारभूत अवस्थापनाओं यथा–जलापूर्ति, ड्रेनेज, सीवरेज, विद्युत–आपूर्ति, खुले स्थल तथा यातायात, पार्किंग इत्यादि पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

3.2. प्रस्तावित क्रिया के कारण अगल–बगल के भूखण्डों/भवनों के निजी परिसरों में प्रकाश एवं संवातन तथा प्राईवेसी भंग न हो।

3.3. प्रस्तावित क्रिया हेतु भू–आच्छादन, अधिकतम एफ.ए.आर. एवं ऊँचाई प्रमुख भू–उपयोग अथवा प्रस्तावित क्रिया के मानकों में, जो न्यूनतम हो, अनुमन्य होगा।

3.4. किसी भी प्रमुख जोन में विशेष अनुमति से अन्य क्रिया को अनुमन्य किये जाने की दशा में पार्किंग/मार्ग विस्तार/सार्वजनिक पार्किंग, इत्यादि हेतु दर्शायी गयी भूमि आवेदक द्वारा प्राधिकरण को निःशुल्क हस्तान्तरित करनी होगी।

**टिप्पणीः**– प्रमुख भू–उपयोग जोन्स के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग ''सामान्यतः अनुमन्य'', ''सशर्त अनुमन्य'', ''विशेष अनुमति से अनुमन्य'' हो), अनुमन्य किये जाने हेतु न्यूनतम एक माह की समयावधि प्रदान करते हुये जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्ति/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन पत्र का निस्तारण प्राप्ति के दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

- ✦ जोनिंग रेगुलेशन्स में निहित प्राविधानों के अधीन विभिन्न अभिकरणों द्वारा तैयार की जाने वाली परिक्षेत्रीय विकास योजनाओं/विन्यास मानचित्र/पुर्नविकास योजना के लिये तथा ऐसे क्षेत्र जिनकी परिक्षेत्रीय विकास योजना/विन्यास मानचित्र अभी तक तैयार नही किये जा सके है, हेतु कार्यवाही की जायेगी।
- ✦ प्रस्तावित जोनिंग रेगुलेशन्स के अन्तर्गत सभी भू–उपयोग श्रेणियों (अनुमन्य, सशर्त अनुमन्य, विशेष अनुमति से अनुमन्य) में विकास एवं निर्माण कार्य भवन उपविधि के अनुसार ही स्वीकृत किया जाना अपेक्षित है।

### 11.1.8 परिभाषाएँ

1. इन रेगुलेशन्स हेतु ''सक्षम प्राधिकारी'' का तात्पर्य उ0 प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के अन्तर्गत घोषित विकास क्षेत्र का विकास प्राधिकरण बोर्ड से है।
2. 'निर्मित क्षेत्र' का तात्पर्य ऐसे क्षेत्र से है जो महायोजना में इस रूप में परिभाषित किया गया है।
3. ''विकासशील/अविकसित क्षेत्र'' का तात्पर्य उक्त क्षेत्र से है जो निर्मित क्षेत्र के बाहर, परन्तु विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत है।

## 11.2 भू–उपयोग परिसरों / क्रियाओं की परिभाषाएँ

### 11.2.1 आवासीय

*तालिका–46*

**आवासीय भू–उपयोग परिसरों / क्रियाओं की परिभाषाएँ**

| | |
|---|---|
| ग्रामीण आबादी | अलीगढ़ विकास क्षेत्र में प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र के बाहर प्रस्तावित कृषि भू–उपयोग में राजस्व अभिलेखों में दर्ज ग्रामीण आबादी है। |
| आवासीय क्षेत्र | महायोजना / जोनल प्लान / सेक्टर प्लान / ले–आउट प्लान में चिन्हित ऐसे आवासीय क्षेत्र जहाँ आवासीय क्रियाओं के अतिरिक्त जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अधीन अन्य क्रियाओं की भी अनुमन्यता हो। |
| एकल आवास | वह परिसर जिसमें स्वतन्त्र आवासीय इकाईयाँ (भू–खण्डीय आवास) हों। |
| समूह आवास | वह परिसर जिसमें दो या इससे अधिक मंजिल का भवन (ग्रुप हाउसिंग) होगा एवं प्रत्येक तल पर स्वतन्त्र आवासीय इकाइयाँ होंगी तथा जिसमें भूमि एवं सेवाओं, खुले स्थलों व आवागमन के रास्ते की भागीदारी एवं सह–स्वामित्व होगा। |
| आनुषांगिक कर्मचारी आवास | वह परिसर जिसमें किसी प्रमुख उपयोग में कार्यरत आवास कर्मचारियों हेतु उसी उपयोग में आवासीय इकाइयों का प्राविधान एकल अथवा समूह आवास के रूप में किया गया हो। |
| चौकीदार / संतरी आवास | वह परिसर जिसमें उस उपयोग की सुरक्षा एवं रखरखाव से सम्बंधित व्यक्तियों हेतु आवासीय व्यवस्था की गई हो। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 11.2.2 वाणिज्यक / व्यवसायिक

*तालिका–47*

**वाणिज्यक / व्यवसायिक भू–उपयोग परिसरों / क्रियाओं की परिभाषाएँ**

| | |
|---|---|
| फुटकर दुकानें | वह परिसर जहाँ आवश्यक वस्तुओं की बिक्री सीधे उपभोक्ता को की जाती हो। |
| शो–रूम | वह परिसर जहाँ वस्तुओं की बिक्री, उनके संग्रह को उपभोक्ताओं को प्रदर्शित करने की व्यवस्था के साथ, की जाती है। |
| आटा चक्की | वह परिसर जहाँ गेहूँ, मसालों इत्यादि सूखे भोज्य पदार्थों को पीसकर दैनिक प्रयोग हेतु तैयार किया जाता है। |
| थोक मण्डी / व्यापार | वह परिसर जहाँ माल और वस्तुएँ थोक व्यापारियों को बेची और सुपुर्द की जाती हैं। परिसर में भण्डारण व गोदाम और माल चढ़ाने एवं उतारने की सुविधायें भी सम्मिलित हैं। |
| कोल्ड स्टोरेज (शीतगृह) | वह परिसर जहाँ आवश्यक तापमान आदि बनाये रखने के लिये यांत्रिक और विद्युत साधनों का प्रयोग करके आवृत्त स्थान में नाशवान वस्तुओं का भण्डारण किया जाता हो। |

| | |
|---|---|
| होटल | वह परिसर जिसका उपयोग ठहरने के लिये, खाने सहित या खाने रहित, अदायगी करने पर किया जाता हो। |
| मोटल | वह परिसर, जो मुख्य मार्ग के किनारे स्थित हो। वहाँ यात्रियों की सुविधाओं के लिये ठहरने सहित खान–पान का प्रबन्ध तथा वाहनों के लिये पार्किंग की व्यवस्था हो। |
| कैन्टीन | वह परिसर, जिसमें संस्था के कर्मचारियों के लिये कुकिंग सुविधाओं सहित खाद्य पदार्थों की व्यवस्था करने के लिये उपयोग किया जाता हो। इसमें बैठने का स्थान भी हो सकता है। |
| भोजनालय, जलपान गृह / रेस्टोरेन्ट | वह परिसर, जिसे कुकिंग सुविधाओं सहित व्यवसायिक आधार पर खाद्य पदार्थों की व्यवस्था करने के लिये उपयोग किया जाता हो। इसमें बैठने का स्थान आवृत्त या खुला अथवा दोनों प्रकार का हो सकता है। |
| सिनेमा | वह परिसर जिसमें दर्शकों के बैठने के लिये आवृत्त स्थान सहित चलचित्र के प्रदर्शन सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| मल्टीप्लेक्स (बहुसामुच्य) | वह परिसर जिसमें फिल्म प्रदर्शन की नवीनतम तकनीकी सहित अन्य मनोरंजन सुविधाओं तथा आनुषांगिक व्यवसायिक क्रियाओं की व्यवस्था एक कॉम्पलैक्स में हो। |
| पी.सी.ओ. / सेल्यूलर / मोबाइल सर्विस | वह परिसर जहाँ से स्थानीय, अन्तर्राज्यीय, देश–विदेश इत्यादि में दूरभाष अथवा सेल्यूलर पर शुल्क अदा करके बातचीत किये जाने की व्यवस्था हो। |
| पेट्रोल / डीजल / सी.एन.जी. / बायो डीजल फिलिंग स्टेशन / ई.वी. चार्जिंग | उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद बेचने का परिसर जिसमें ऑटोमोबाइल की सर्विसिंग भी सम्मिलित हो सकती है। |
| गैस गोदाम / गैस अधिष्ठान / ज्वलन, नाश एवं आपात वस्तुओं का भण्डारण | वह परिसर जहाँ कुकिंग गैस या सिलेन्डरों का भण्डारण किया जाता हो। |
| जंकयार्ड / कबाड़खाना | वह परिसर जहाँ निष्प्रयोज्य माल, वस्तुओं, सामग्री की बिक्री और खरीद सहित आवृत्त, अर्द्ध आवृत्त या खुला भण्डारण किया जाता हो। |
| भण्डारण, गोदाम, वेयर–हाउसिंग | वह परिसर जिसमें सम्बन्धित वस्तुओं की आवश्यकता के अनुसार माल और वस्तुओं के केवल भण्डारण के लिये उपयोग किया जाता हो। ऐसे परिसर में सड़क परिवहन या रेल परिवहन जैसी भी स्थिति हो द्वारा माल चढ़ाने व उतारने की सुविधायें सम्मिलित होंगी। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 11.2.3 औद्योगिक

*तालिका–48*

**औद्योगिक भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ**

| | |
|---|---|
| खनन सम्बन्धी उद्योग | वह परिसर जिसमें पत्थर अथवा अन्य भूमिगत सामग्रियों को खोदकर निकालने एवं उनके प्रोसेसिंग का कार्य किया जाता हो। |
| साफ्टवेयर/सूचना प्रौद्योगिकी पार्क | वह परिसर जहाँ सूचना प्रोद्योगिकी में प्रयोग होने वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, इस क्षेत्र के अद्यतन प्रौद्योगिकी के अन्य साफ्टवेयर इत्यादि का निर्माण किया जाता है। |
| तेल डिपो | वह परिसर जहाँ सभी सम्बन्धित सुविधाओं सहित पैट्रोलियम उत्पाद का भण्डारण किया जाता हो। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 11.2.4 कार्यालय

*तालिका–49*

**कार्यालय भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ**

| | |
|---|---|
| राजकीय कार्यालय | वह परिसर जिसका उपयोग केन्द्रीय/राज्य सरकार के कार्यालयों के लिये किया जाता है। |
| स्थानीय निकाय कार्यालय | वह परिसर जिसका उपयोग स्थानीय निकायों के कार्यालयों के लिये किया जाता हो। |
| अर्ध–राजकीय कार्यालय | वह परिसर जिसका उपयोग किसी अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित अभिकरण, निकाय परिसर आदि के कार्यालयों के लिये किया जाता हो। |
| निजी कार्यालय | वह परिसर जिसमें किसी एक या छोटे ग्रुप द्वारा व्यवसायिक कार्यों हेतु कन्सलटेन्सी/सर्विसिंग प्रदान की जाती हो जैसे–चाटर्ड एकाउंटेन्ट, अधिवक्ता, चिकित्सक, वास्तुविद, डिजाइनर, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, टूर एवं ट्रेवल एजेन्ट आदि। |
| बैंक | वह परिसर जिसमें बैंको के कार्य प्रचालन को पूरा करने के लिये व्यवस्था हो। |
| वाणिज्यिक/व्यवसायिक कार्यालय | वह परिसर जो व्यवसयिक प्रतिष्ठानों के कार्यालयों के लिये उपयोग किया जाता हो। |
| श्रमिक कल्याण केन्द्र | वह परिसर जहाँ श्रमिकों के कल्याण और विकास को बढ़ावा देने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| अनुसंधान एवं विकास केन्द्र/शोध केन्द्र | वह परिसर जहाँ सामान्य एवं श्रेणी विशेष के लिये अनुसंधान एवं विकास के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |

| | |
|---|---|
| मौसम अनुसंधान केन्द्र | वह परिसर जहाँ मौसम और उससे सम्बन्धित आंकड़ों के अध्ययन/अनुसंधान और विकास के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| माईक्रोवेव तथा वायरलेस केन्द्र | वह परिसर जिसका उपयोग संचार उद्देश्यों के लिये किया जाता हो जिसमें टावर भी सम्मिलित है। |

**स्रोत**– ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 11.2.5 सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक

***तालिका–50***

## सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ

| | |
|---|---|
| अतिथिगृह/निरीक्षण गृह | वह परिसर जहाँ सरकारी/अर्द्ध–सरकारी उपक्रम अथवा निजी कम्पनी के स्टाफ तथा अन्य व्यक्तियों को लघु अवधि के लिये ठहराया जाता है। |
| धर्मशाला | वह परिसर जिसमें लाभरहित आधार पर लघु अवधि के अस्थायी आवास की व्यवस्था होती है। |
| बोर्डिंग/लोजिंग हाउस | वह परिसर जिसके कमरे आवासीय सुविधा हेतु दीर्घावधि हेतु किराये पर दिये जाते हैं। |
| अनाथालय | वह परिसर जहाँ अनाथ बच्चों के रहने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। इसमें शैक्षिक सुविधाओं की व्यवस्था भी हो सकती है। |
| रैन–बसेरा | वह परिसर जिसमें बिना शुल्क या नाममात्र के शुल्क से रात्रि के समय रहने की व्यवस्था होती है। |
| सुधारालय | वह परिसर जहाँ अपराधियों को रखने और उनका सुधार करने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| हैन्डीकैप्ड चिल्ड्रेन हाउस | वह परिसर जहाँ अपाहिज तथा मानसिक रूप से अशक्त बच्चों के सुधार तथा चिकित्सा की सुविधाओं की व्यवस्था हो। इसका प्रबन्ध व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक आधार पर किसी एक व्यक्ति या संस्था द्वारा किया जाता हो। |
| शिशुगृह एवं दिवस देखभाल केन्द्र (Day Care Centre) | वह परिसर जहाँ दिन के समय शिशुओं के लिये नर्सरी सुविधाओं की व्यवस्था हो। केन्द्र का प्रबन्ध व्यवसायिक आधार पर किसी एक व्यक्ति या संस्था द्वारा किया जा सकता है। |
| वृद्धावस्था देखभाल केन्द्र (Old age Home) | वह परिसर जहाँ पर सामान्यतः वृद्ध अवस्था के व्यक्तियों के लिये लघु अथवा दीर्घकालिक रहने की व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक व्यवस्था हो। इसमें वृद्धों के मनोरंजन, सामान्य स्वास्थ्य, खानपान आदि की भी व्यवस्था हो सकती है। जिसका प्रबन्ध किसी एक व्यक्ति या संस्था द्वारा किया जा सकता है। |

| | |
|---|---|
| उच्च माध्यमिक/इंटर विद्यालय | वह परिसर जहाँ पर दसवीं/बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिये शिक्षण एवं खेलकूल सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| महाविद्यालय | वह परिसर जहाँ किसी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिये शिक्षण एवं खेलकूद तथा अन्य सम्बन्धित सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| पॉलिटेक्निक | वह परिसर जहाँ तकनीकी क्षेत्र में डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों के लिये प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था हो। इसमें तकनीकी स्कूल, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आदि सम्मिलित होंगे। |
| मेडिकल/डेन्टल कॉलेज | वह परिसर जहाँ मानव विज्ञान के अन्तर्गत रोगों के उपचार हेतु शिक्षण तथा उपचार एवं शोध कार्य किया जाता हो। |
| उच्च तकनीकी संस्थान | वह परिसर जहाँ तकनीकी क्षेत्र में स्नातक या स्नातकोत्तर तक की शिक्षा तथा प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| कुटीर उद्योग प्रशिक्षण | वह परिसर जहाँ घरेलू/लघु/सेवा उद्योग जैसे– सिलाई, बुनाई, कढाई, पेन्टिंग, कम्प्यूटर, टूर एवं ट्रैवल्स आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। |
| प्रबन्धन संस्थान | वह परिसर जहाँ प्रबन्धन क्षेत्र में शिक्षण/प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| सामान्य शैक्षिक संस्थान | वह परिसर जहाँ गैर तकनीकी शिक्षा दी जाती हो। |
| डाकघर | वह परिसर जहाँ जनता के उपयोगार्थ डाक प्रेषण के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| डाक एवं तारघर | वह परिसर जहाँ जनता के उपयोगार्थ डाक एवं दूरसंचार सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| टेलीफोन कार्यालय/केन्द्र | वह परिसर जहाँ सम्बन्धित क्षेत्र के लिये टेलीफोन पद्धति के केन्द्रीय प्रचालन के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| रेडियो व टेलीविज़न केन्द्र | वह परिसर जहाँ सम्बन्धित माध्यम द्वारा समाचार और अन्य कार्यक्रम रिकार्ड करने तथा प्रसारित करने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| कारागार | वह परिसर जहाँ विधि के अन्तर्गत अपराधियों को नजरबन्द करने, कैद करने और उन्हें सुधारने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| पुलिस स्टेशन | वह परिसर जहाँ स्थानीय पुलिस कार्यालय के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| नर्सिंग होम | वह परिसर जहाँ तीस शैय्या तक अन्तरंग और बहिरंग रोगियों के लिये चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था हो तथा इसका प्रबन्धन व्यवसायिक आधार पर किया जाता हो। |

| | |
|---|---|
| अस्पताल | वह परिसर जहाँ अन्तरंग व बहिरंग रोगियों की चिकित्सा के लिये सामान्य या विशिष्ट प्रकार की चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| क्लीनिक / पॉलीक्लीनिक | वह परिसर जहाँ बहिरंग रोगियों के इलाज के लिये सुविधाओं की व्यवस्था किसी डॉक्टर / डॉक्टरों के समूह द्वारा की जाती हो। |
| स्वास्थ्य केन्द्र / परिवार कल्याण केन्द्र / हेल्थ सेन्टर | वह परिसर जहाँ तीस शैय्याओं तक अन्तरंग और बहिरंग रोगियों के लिये चिकित्सा और सुविधाओं की व्यवस्था हो। स्वास्थ्य केन्द्र का प्रबन्ध गैर व्यवसायिक आधार पर सार्वजनिक या धमार्थ या अन्य संस्था द्वारा किया जा सकता है। इसमें परिवार कल्याण केन्द्र भी सम्मिलित है। |
| डिस्पेन्सरी | वह परिसर जहाँ चिकित्सा परामर्श की सुविधाओं और दवाइयों की व्यवस्था हो और जिसका प्रबन्ध सार्वजनिक या धर्माथ या अन्य संस्था द्वारा किया जाता हो। |
| नैदानिक प्रयोगशाला | वह परिसर जहाँ बीमारी के लक्षणों का पता लगाने के लिये विभिन्न प्रकार की जांच करने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| सभा भवन, सामुदायिक भवन | वह परिसर जहाँ सभा, सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधिओं के लिये व्यवस्था हो। |
| योग, मनन, अध्यात्मिक धार्मिक प्रवचन केन्द्र / सत्संग भवन | वह परिसर जहाँ स्वयं सिद्धि, बुद्धि और शरीर के उच्च गुणों की उपलब्धि, आध्यात्मिक और धार्मिक प्रवचन आदि से सम्बन्धित सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| धार्मिक भवन | वह परिसर जिसका उपयोग उपासना तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के लिये किया जाता हो। |
| सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान / भवन | वह परिसर जहाँ मुख्य रूप से गैर व्यवसायिक आधार पर जनता या स्वैछिक रूप से किसी व्यक्ति / संस्था द्वारा सामाजिक–सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| सांस्कृतिक केन्द्र | वह परिसर जहाँ किसी संस्था, राज्य और देश के लिये सांस्कृतिक सेवाओं हेतु सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| बारात घर / बैंकट हाल | वह परिसर जिसका उपयोग वैवाहिक कार्यक्रमों तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिये किया जाता है। |
| ऑडिटोरियम | वह परिसर जहाँ संगीत सभा, नाटक, संगीत प्रस्तुतिकरण, समारोह आदि जैसे विभिन्न प्रदर्शनों के लिये मंच और दर्शकों के बैठने के लिये सुविधा हो। |
| खुली नाट्यशाला | वह परिसर जहाँ खुले में दर्शकों के बैठने और प्रदर्शन के लिये मंच की सुविधाओं आदि की व्यवस्था हो। |

| | |
|---|---|
| थियेटर / नाट्यशाला | वह परिसर जहाँ दर्शकों के बैठने और प्रदर्शनों के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| म्यूजियम / अजायबघर | वह परिसर जहाँ पुरावशेषों, प्राकृतिक, इतिहास, कला आदि के उदाहरण देने के लिये वस्तुओं का संग्रह एवं प्रदर्शन करने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| आर्टगैलरी / प्रदर्शनी केन्द्र | वह परिसर जहाँ चित्रकारी, फोटोग्राफी, मूर्तिकला, भित्ति चित्रों, हस्तशिल्प या किसी विशेष वर्ग के उत्पादों की प्रदर्शनी और सजावट के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| संगीत / नृत्य नाटय प्रशिक्षण / कला केन्द्र | वह परिसर जहाँ संगीत, नृत्य नाट्य कला का प्रशिक्षण देने और सिखाने की व्यवस्था हो। |
| पुस्तकालय / लाइब्रेरी | वह परिसर जहाँ सामान्य जनता या श्रेणी विशेष के लिये पढ़ने और संदर्भ के लिये पुस्तकों के संग्रहण की व्यवस्था हो। |
| वाचनालय | वह परिसर जहाँ सामान्य जनता या श्रेणी विशेष के लिये समाचार पत्र–पत्रिकायें आदि पढ़ने की व्यवस्था हो। |
| सूचना केन्द्र | वह परिसर जहाँ राज्य तथा देश की विभिन्न गतिविधिओं की सूचनाओं के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| अग्निशमन केन्द्र | वह परिसर जहाँ उससे सम्बद्ध क्षेत्र के लिये आग बुझाने की सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| समाज कल्याण केन्द्र | वह परिसर जहाँ समाज के कल्याण और विकास को बढ़ावा देने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। यह सार्वजनिक या धर्मार्थ या अन्य संस्था द्वारा चलाया जाता हो। |
| विद्युत शवदाहगृह | वह परिसर जहाँ शवों को विद्युत दाहक द्वारा जलाने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| शमशान | वह परिसर जहाँ शवों को जलाकर अन्तिम धार्मिक कृत्य को पूरा करने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| कब्रिस्तान | वह परिसर जहाँ शवों को दफनाने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| मेला स्थल | वह परिसर जहाँ सहभागियों के समूह के लिये प्रदर्शनी और सजावट तथा अन्य सांस्कृतिक / धार्मिक गतिविधियों हेतु सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| धोबी घाट | वह परिसर जिसका उपयोग धोबियों द्वारा कपड़े धोने और सुखाने हेतु किया जाता हो। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी

### 11.2.6 सार्वजनिक उपयोगिताएँ

*तालिका–51*

## सार्वजनिक उपयोगिताएँ भू–उपयोग परिसरों / क्रियाओं की परिभाषाएँ

| | |
|---|---|
| डम्पिंग ग्राउण्ड | वह परिसर जहाँ नगर के विभिन्न क्षेत्रों से कूड़ा (सॉलिड वेस्ट) इकट्ठा करके अन्तिम उपचार होने तक जमा किया जाता हो। |
| सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट | वह परिसर जहाँ ठोस एवं तरल अपशिष्टों को तकनीकी रसायनिक क्रिया से हानिरहित बनाया जाता हो। |
| सार्वजनिक उपयोगिताओं एवं सेवाओं से सम्बन्धित भवन / प्रतिष्ठान | वह परिसर जहाँ सार्वजनिक उपयोग के लिये जल भण्डारण तथा उसकी आपूर्ति हेतु ओवरहेड / भूमिगत टैंक, पम्प हाउस आदि सीवरेज से सम्बन्धित ऑक्सीकरण तालाब, सेप्टिक टेंक, सीवरेज पम्पिंग स्टेशन आदि हों। इसमें सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय व कूड़ादान भी सम्मिलित हैं। |
| कम्पोस्ट प्लान्ट | वह परिसर जहाँ नगर के विभिन्न क्षेत्रों से ठोस कूड़े एवं अपशिष्ट पदार्थों को मैकेनिकल क्रिया द्वारा उपचार के उपरान्त उर्वरक में परिवर्तित किया जाता हो। |
| विद्युत केन्द्र / सब–स्टेशन | वह परिसर जहाँ बिजली के वितरण के लिये विद्युत उपकरण आदि लगे हों। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी

### 11.2.7 यातायात एवं परिवहन

*तालिका–52*

## यातायात एवं परिवहन भू–उपयोग परिसरों / क्रियाओं की परिभाषाएँ

| | |
|---|---|
| पार्किंग स्थल | वह परिसर जिसका उपयोग गाड़ियों की पार्किंग के लिये किया जाता हो। |
| बस स्टैण्ड | वह परिसर जिसका उपयोग जन सुविधा एवं सेवा के लिये, लघु अवधि हेतु बसें खड़ी करने के लिये सार्वजनिक परिवहन एजेन्सी अथवा किसी संस्था द्वारा किया जाता हो। |
| मोटर गैराज / सर्विस गैराज तथा वर्कशॉप | वह परिसर जिसमें ऑटोमोबाइल्स की सर्विसिंग और मरम्मत की जाती हो। |
| टैक्सी / टैम्पो / रिक्शा स्टैन्ड | वह परिसर जिसका उपयोग व्यवसायिक / गैर व्यवसायिक आधार पर चलने वाली मध्यवर्ती सार्वजनिक परिवहन गाड़ियों की पार्किंग के लिये किया जाता हो। |
| मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केन्द्र | वह परिसर जहाँ ऑटोमोबाइल्स ड्राइविंग के प्रशिक्षण के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |

| | |
|---|---|
| ट्रान्सपोर्ट नगर | वह परिसर जिसका उपयोग ट्रकों के लिये लघु अथवा दीर्घावधि हेतु खड़ी करने के लिये किया जाता हो। इसमें ट्रक एजेन्सी के कार्यालय, गाड़ियों की मरम्मत एवं सर्विसिंग सेन्टर, ढाबे, स्पेयर पार्ट्स शॉप्स तथा गोदाम, पैट्रोल पम्प आदि भी हो सकते हैं। |
| धर्मकांटा | वह परिसर जहाँ भरे हुये अथवा खाली ट्रकों का वजन किया जाता हो। |
| बस डिपो | वह परिसर जिसका उपयोग बसों की पार्किंग, रखरखाव और मरम्मत के लिये सार्वजनिक परिवहन एजेन्सी या इसी प्रकार किसी अन्य एजेन्सी द्वारा किया जाता हो। इसमें वर्कशाप भी हो सकता है। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 11.2.8 पार्क, खेल/खुले स्थल

*तालिका–53*

**पार्क, खेल/खुले स्थल भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ**

| | |
|---|---|
| पार्क | वह परिसर जिसमें मनोरंजनात्मक गतिविधियों के लिये लॉन, खुला स्थल, हरियाली आदि समानार्थी व्यवस्थायें हों इसमें भू–दृश्य, पार्किंग सुविधायें, सार्वजनिक शौचालय, फेंसिंग आदि सम्बन्धित आवश्यकताओं की व्यवस्था हो सकती है। |
| क्लब | सभी सम्बन्धित सुविधाओं सहित वह परिसर जिसका उपयोग सामाजिक और मनोरंजनात्मक उद्देश्य के लिये लोगों के समूह द्वारा किया जाता हो। |
| क्रीड़ा स्थल/खेल का मैदान | आउटडोर खेलों के लिये उपयोग किया जाने वाला परिसर जिसमें पार्किंग सुविधा, सार्वजनिक शौचालय आदि की व्यवस्था हो। |
| मनोरंजन पार्क | वह परिसर जहाँ मनोरंजनात्मक उद्देश्यों के पार्क तथा मनोरंजन से सम्बन्धित अन्य सुविधाओं के लिये पार्क या मैदान हों। |
| स्टेडियम | वह परिसर जिसमे खिलाड़ियों के लिये सम्बन्धित सुविधाओं सहित दर्शकों के बैठने के लिये मण्डप भवन और स्टेडियम की व्यवस्था हो। |
| ट्रैफिक पार्क | पार्क के रूप मे वह परिसर जहाँ यातायात और संकेतन के सम्बन्ध मे बच्चों को जानकारी और शिक्षा देने के लिये सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| स्वीमिंग पूल (तरणताल) | वह परिसर जिसमें तैरने, दर्शको के बैठने तथा अनुषांगिक सुविधाओं जैसे–ड्रेसिंग–रूम, शौचालय आदि की व्यवस्था हो। |
| पिकनिक स्थल/शिविर स्थल | पर्यटक ओर मनोरंजनात्मक केन्द्र के अन्दर स्थित परिसर जिसका उपयोग मनोरंजनात्मक या अवकाश उद्देश्य के लिऐ थोड़ी अवधि के लिये ठहरने के लिये किया जाता हो। |

| | |
|---|---|
| फ्लाइंग क्लब | वह परिसर जिसका उपयोग ग्लाइडरों और अन्य छोटे वायुयानों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने और फन–राइडिंग के लिए किया जाता हो। |
| शूटिंग रेन्ज | यह परिसर जो विभिन्न प्रकार की पिस्टल/बन्दूकों को चलाने/निशाने साधने इत्यादि के प्रशिक्षण/प्रेक्टिस के प्रयोग मे लाया जाता हो। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 11.2.9 कृषि

*तालिका–54*

## कृषि भू–उपयोग परिसरों/क्रियाओं की परिभाषाएँ

| | |
|---|---|
| नर्सरी/पौधशाला | वह परिसर जहाँ छोटे पौधौं को उगाने और बिक्री के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो। |
| दुग्धशाला/डेरी फार्म | वह परिसर जहाँ डेरी–उत्पाद बनाने और तैयार करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो। इसमें पशुओं के शैड्स के लिए ढांचा हो सकता है। |
| कुक्कुटशाला | वह परिसर जहाँ मुर्गी, बतख आदि पक्षियों के अण्डे, माँस आदि उत्पादों के व्यवसाय के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो। इसमे पक्षियों हेतु शैड्स हो सकते है। |
| फार्म हाउस | वह परिसर जहाँ फार्म के स्वामी के उपयोग हेतु उसी कृषि भूमि पर आवासीय भवन हो। |
| उद्यान | वह परिसर जिसे फलों के प्रयोजनार्थ पेड़–पौधे लगाने हेतु उपयोग किया जाता हो। |
| दूग्ध संग्रह केन्द्र | वह परिसर जहाँ सम्बद्ध क्षेत्र से किसी डेयरी हेतु दूध का संग्रहण किया जाता हो। |
| कृषि उपकरणों की मरम्मत एवं सर्विसिंग | वह परिसर जहाँ कृषि में प्रयोग होने वाले मैकेनिकल/इलेक्ट्रीकल जैसे–ट्रेक्टर, ट्राली हार्वेस्टर आदि की सर्विसिंग की जाती हो। |

**स्रोत–** ए.आई.आई.एल.एस.जी.

### 11.2.10 अस्थायी क्रियाएँ/अन्य परिसर

*तालिका–55*

